सर्दियों में अब तक कोहरा दूर बना हुआ था, लेकिन शनिवार से इसकी शुरुआत हो गई है। शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा देखने को मिला। सुबह करीब नौ बजे तक कोहरे की स्थिति बनी रही। इसके बाद भी स्मॉग देखने को मिला। दो दिन बाद तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। हालांकि मौसम में बहुत अधिक बदलाव नहीं होंगे।

शनिवार को मौसम का मिजाज राजधानी में बदला रहा। सुबह के समय हल्की धूप दिखाई दी। लेकिन दिन के अधिकांश समय बादल छाए रहे। कोहरे और स्मॉग की परत तनी रही।



अधिकतम 25.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार सफदरजंग और पालम में विजिबिलिटी 500 मीटर तक रही। यह इस सीजन की सबसे कम विजिबिलिटी थी। पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे।

कोहरा क्या डालेगा असर

- गाड़ियों को चलाने में परेशानी आएगी, हाइवे पर सफर का समय अधिक रह सकता है
- ट्रेनें देरी से चल सकती हैं, डायवर्जन और उन्हें रद्द करने की नौबत आ सकती है
- एयरपोर्ट पर फ्लाइट देरी से आ सकती हैं या उन्हें रद्द किया जा सकता है
- पावर लाइन में ट्रिपिंग की समस्या हो सकती है

बचाव के लिए क्या करें

- जाने से पहले ट्रेनों, फ्लाइट के समय की सही जानकारी ले लें
- गाड़ी चलाते समय फॉग लाइट का इस्तेमाल करें
- गाड़ियों से निश्चित दूरी बनाकर रखें

मुश्किल हुआ दीदार: दिल्ली में घने कोहरे की चादर छाई, सड़कों पर विजिबिलिटी भी काफी कम हो गई

कोहरे को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट अलर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में कोहरा बढ़ने लगा है, जिसके साथ दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों को अलर्ट किया है। शनिवार को शहर में कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हुई। पालम में विजिबिलिटी 500 मीटर थी। हालांकि, इस वजह से उड़ानें प्रभावित अभी नहीं हुई हैं, मगर दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों को कहा है कि वो एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति जरूर जांच लें। शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। दिल्ली एयरपोर्ट की ओर से कहा गया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोहरे के कारण लो विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू किए गए हैं।

यात्रियों को कहा, फ्लाइट की स्थिति जरूर जांच लें

दिल्ली की हवा में तैर रहे हैं बैक्टीरिया

Photos: PTI



इनडोर और आउटडोर में सैंपल लगभग एक मीटर हाइट यानी ब्रीदिंग जोन से लिए गए थे, जिस ऊंचाई से इंसान सांस लेता है

Rahul.Anand@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली की हवा में केवल PM 2.5 या फिर PM10 की नहीं, बल्कि बीमारी की वजह बनने वाले बैक्टीरिया भी तैर रहे हैं। एक नई स्टडी में यह दावा किया गया है। चिंता की बात यह है कि हवा में ऐसे भी बैक्टीरिया मिले हैं, जो मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस (MDR) हैं। एक नहीं, कई एंटीबायोटिक्स को बेअसर करने में सक्षम हैं। परेशान करने वाली बात यह भी है कि यह बैक्टीरिया अपने साथ में एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस जीन्स (ARGs) भी फैला रहे पाए गए। रिसर्च टीम ने इसे पब्लिक हेल्थ के लिए खतरनाक बताते हुए इंसान और जानवरों में एंटीबायोटिक के सीमित इस्तेमाल और पर्यावरण के लिए एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस सर्विलांस की सिफारिश की है।

दरअसल, यह स्टडी जेएनयू के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंस की ओर से की गई है। जेएनयू की लैब साइंटिस्ट डॉक्टर माधुरी सिंह ने बताया कि स्टडी के लिए वसंत विहार अर्बन स्लम, मुनिरका मार्केट कॉम्प्लेक्स, मुनिरका अपार्टमेंट्स और JNU के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) से पास से हवा के नमूने लिए गए। रिसर्च टीम में शामिल प्रोफेसर डॉक्टर कस्तूरी मुखोपाध्याय ने बताया कि हवा में मौजूद ये 'इनविजिबल' बैक्टीरिया पब्लिक हेल्थ के लिए गंभीर खतरा हैं।

73% सैंपल मल्टी ड्रग रजिस्टेंस पाया गया। COVID काल में दवा के इस्तेमाल की वजह से बढ़ा असर। रिसर्चर का कहना है कि COVID-19 के दौरान एजिथ्रोमाइसिन के बहुत ज्यादा इस्तेमाल से इसके रेजिस्टेंस को बढ़ाया।

73% MRS मल्टी ड्रग रजिस्टेंस (MDR) थे।

75% नमूने मैक्रोलाइड्स (जैसे एजिथ्रोमाइसिन, इरिथ्रोमाइसिन) के खिलाफ रजिस्टेंस थे।

अध्ययन में सिफारिश

- शहरों में पर्यावरणीय AMR सर्विलांस सिस्टम शुरू किया जाए।
- बाजार, अस्पताल, स्लम और भीड़भाड़ वाले स्थानों में नियमित बायोएरोसोल मॉनिटरिंग की जाए।
- एंटीबायोटिक के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त नीति बने।

सुबह GRAP-3, तो शाम को GRAP-4 किया गया लागू

प्रदूषण से जंग का सबसे बड़ा हथियार भी चला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मौसम भी प्रदूषण को कम करने में साथ नहीं दे रहा है। लगातार बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए GRAP-4 लागू कर दिया गया है। GRAP-4 प्रदूषण के खिलाफ जंग का सबसे कड़ा उपाय है। अगर अब भी प्रदूषण बढ़ता है तो अन्य कोई उपाय नहीं बचा है। सीएक्यूएम ने शनिवार को पूरे दिन प्रदूषण की स्थिति पर नजर रखी। प्रदूषण और स्मॉग को देखते हुए शनिवार सुबह सीएक्यूएम की सब कमिटी की मीटिंग हुई। AQI सुबह दस बजे 401 पहुंच गया था। इसे देखते हुए सब कमिटी ने GRAP-3 लगाने के आदेश जारी कर दिए। इस सीजन में 11 नवंबर को GRAP-3 लगाया गया था। इसके बाद इसे 27 नवंबर को हटा लिया गया। अब एक बार फिर प्रदूषण बढ़ने के बाद इसे लागू किया गया है। इसके बाद शाम में AQI 441 तक पहुंच गया, जिसे देखते हुए इस साल पहली बार GRAP-4 भी लागू कर दिया गया।



AQI शाम में 441 तक पहुंच गया, जिसे देखते हुए इस साल पहली बार GRAP-4 भी लागू कर दिया गया

लोगों को सलाह...

- छोटी दूरी के लोग पैदल चलें या साइकल का इस्तेमाल करें
- क्लिन फ्यूल वाली गाड़ियों का इस्तेमाल करें, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें और काम पर जाते समय राइड शेयर करें
- जो लोग वर्क फ्रॉम होम कर सकते हैं वह इसे अपनाएं
- गर्माहट के लिए कोयले या लकड़ी का इस्तेमाल न करें
- निजी घरों के लोग भी अपने सिक्योरिटी गार्ड और अन्य स्टाफ को इलेक्ट्रिक हीटर दें
- बच्चे, बुजुर्ग और सांस और दिल की बीमारी से जूझ रहे लोग घरों में रहें।

दिल्ली में पराली जलाने की कोई घटना नहीं: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस साल पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी तरीके से रोक लगाकर प्रदूषण को नियंत्रित किया गया। दिल्ली में इस साल अभी तक पराली जलाने की एक भी घटना दर्ज नहीं हुई है, जो दिल्ली सरकार की प्रदूषण नियंत्रण नीति की एक बहुत बड़ी और ठोस उपलब्धि है। यह सफलता विकास विभाग की कृषि इकाई और पर्यावरण विभाग के साझा प्रयासों, लगातार निगरानी और किसानों के सहयोग से मिली है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस साल दिल्ली में लगभग 7,000 एकड़ भूमि पर धान की खेती की गई थी। इसके बावजूद विभाग के निरंतर और

कहा, 7,000 एकड़ में हुई धान की खेती, पर नहीं जली एक भी पराली

सुव्यवस्थित प्रयासों की बदौलत पूरी दिल्ली में पराली जलाने की शून्य घटनाएं दर्ज हुईं। विकास आयुक्त शूरबीर सिंह द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी और समीक्षा की गई, ताकि पराली या फसलों के अवशेष जलाने की किसी भी गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो। व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए गए।

ट्रैफिक और धूल के प्रदूषण को कम करने के निर्देश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** GRAP के दौरान धूल और ट्रैफिक से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सीएक्यूएम की सब कमिटी ने मीटिंग की। इस मीटिंग में दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान आदि को अलग अलग निर्देश जारी किए गए हैं।

दिल्ली को ट्रैफिक जाम के हॉट स्पॉट, सड़कों की धूल और कूड़े को निपटाने के उपाय बताए गए हैं। दिल्ली को कहा गया है कि हॉट स्पॉट पर जाम न लगे इसके लिए कदम उठाए जाएं, सड़कों की धूल को कम करने के लिए वैक्यूम क्लीनिंग हो, कूड़े को कलेक्ट कर उसका निपटारा नियमित हो ताकि इसमें आग न लगाई जा सके, कूड़े में आग की घटनाओं को रोकने के लिए नाइट पट्रोलिंग बढ़ाए, फ्यूल स्टेशन पर एक्शन के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्नाइजेशन कैमरे को लागू करें।

CAQM ने दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान को निर्देश दिए

सार्वजनिक सूचना

(2019 की रिट याचिका (सीआरएल) संख्या 242 में 2024 के विविध आवेदन संख्या 239 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित स्वतंत्र समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया)

सेवा में,

ग्रैंड वेनिस प्रोजेक्ट, ग्रेटर नोएडा में इकाइयों के सभी आवंटी

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2019 की रिट याचिका (सीआरएल) संख्या 242, दिनांक 20.11.2025 में 2024 की विविध आवेदन संख्या 239 में पारित आदेश के अनुसार, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती रेखा पल्ली (दिल्ली उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश) के साथ 'स्वतंत्र समिति' के गठन के संबंध में, (इसके बाद समिति के रूप में संदर्भित), आवेदनकर्ता, मैसर्स ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (सम्मिलित सीआईआरपी के तहत) के अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) होने के नाते, समिति द्वारा यह नोटिस जारी करने और आवंटियों से प्रोजेक्ट ग्रैंड वेनिस में उनके आवंटन से संबंधित विवरण, यदि कोई है, तो तत्संबंधी ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

तदनुसार, उपरोक्त 'समिति' के निर्देशों के अनुपालन में, ग्रैंड वेनिस परियोजना में इकाइयों के सभी आवंटियों को 22.12.2025 को या उससे पहले निम्नलिखित प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है:

क्र. सं.	विवरण	आवंटियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला विवरण
1.	आवंटियों का पूरा नाम (एक से अधिक सदस्यों के नाम पर इकाई के संयुक्त आवंटन के मामले में, कृपया दोनों नामों का उल्लेख करें।)	
2.	संपर्क विवरण और पहचान संख्या: • ईमेल आईडी • फोन संख्या • डाक का पता • कंपनियों आदि के मामले में आधार कार्ड नंबर / सीआईएन	
3.	आवंटित इकाई का प्रकार: (कृपया उल्लेख करें कि क्या सुनिश्चित (हों) आवंटियों को शॉपिंग मॉल या ऑफिस स्पेस या हाऊसरी होटल या वर्चुअल शॉप में एक दुकान या अन्य प्रकार की इकाई है, या प्रोजेक्ट ग्रैंड वेनिस में किसी अन्य प्रकार की इकाई है)	
4.	आवंटी को आवंटित इकाई संख्या:	
5.	आवंटियों द्वारा इकाई (इकाइयों) के कब्जे की स्थिति	
6.	आवंटन पत्र / बिक्री के समझौते के अनुसार कुल खरीद प्रतिफल	
7.	आवंटी (यों) द्वारा भुगतान की गई कुल राशि, भुगतान की तारीख (ओं) के साथ	
8.	दावे की राशि (कृपया इसकी गणना प्रस्तुत करें)	
9.	नीचे दिए गए विकल्पों में से आवंटी द्वारा पसंद किया गया विकल्प: 1. आवंटित इकाई का कब्जा लेने के लिए तैयार, या 2. आवंटियों द्वारा जमा की गई राशि को ब्याज के साथ या बिना ब्याज के वापस करने की मांग करना।	
10.	आवंटी की संक्षिप्त शिकायत (100 शब्दों से अधिक नहीं)	

इसके अलावा, आपको उपरोक्त विवरण के साथ निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जाता है:

1. दावे के समर्थन में आवंटन पत्र / समझौते / समझौता ज्ञापन और / या किसी अन्य दस्तावेज की प्रति।
2. बीआईआईपीएल और / या जीवीसीटीपीएल को किए गए भुगतान की प्राप्तियों की प्रति।

उपरोक्त प्रस्तुतियाँ कृपया irpteam.grandvenice@gmail.com पर एक ईमेल भेजकर की जा सकती हैं

श्री मुकेश गुप्ता का कार्यालय

अंतरिम समाधान प्रोफेशनल

भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड

यह नोटिस समिति के आदेशों के अनुपालन में जारी किया जा रहा है। जिन लोगों ने पहले ही उपरोक्त विवरण जमा कर दिया है, उन्हें इसे फिर से जमा नहीं करना।

हस्ता/-
मुकेश गुप्ता
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड

तिथि: 14.12.2025
स्थान: नई दिल्ली
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-01494/2018-2019/12254
ई मेल: irp.grandvenice@gmail.com

भारतीय रेल
पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स
पटियाला-147003
फोन: 2396000, 2396001 फैक्स: 91-0175-2396413

इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या: 36 ईटी/2025-26

क्र. सं.	निविदा सं.	विवरण एवं विशिष्टी सं.	मात्रा	निविदा बंद होने की तिथि
1	02251377	सेट (कोटो सेट) ऑफ एमपी सीपी कोइलस	664 सेट्स	02.01.2026*
2	12251828A	गैस मास्क रेस्पिरेटर	684 नंबर्स	31.12.2025
3	21251309	सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ आईपी बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम	379 सेट्स	06.01.2026
4	21251307	ब्रेक गियर असेम्बली विदआउट एयर ब्रेक सिलिंडर	60 सेट्स	29.12.2025*
5	02251369	ट्रैक्शन मोटर टाइप एच एस 15250-ए	400 नंबर्स	09.01.2026*

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।

*लगी हुई मदें सी.एल.डब्ल्यू. फर्मों से खरीदने के लिए है। उत्तरदायी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट http://www.plw.indianrailways.gov.in से देखी जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि निविदाकर्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।

शुद्धि पत्र निविदा सूचना संख्या 29 ET/2025-26

निविदा संख्या 02251019A की बंद होने की तिथि को 26.12.2025 पढ़ी जाए। 3867/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पहचान के लिए अपील



कन्हैया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: **कन्हैया पुत्र: गणेश चंद, निवासी:** अज्ञात, जो कि दिनांक 10.12.2025 को डीडीयू अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस सन्दर्भ में **DD No.: 93A, Dated 10.12.2025, U/S 194 भारतीय न्याय संहिता, पुलिस स्टेशन बिन्दापुर, द्वारका जिला, दिल्ली-59** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत पुरुष की पहचान दी गई है:

लिंग: पुरुष, उम्र: लगभग 61 वर्ष, कद: 5'7'', रंग: गेहुआ, पहचान चिन्ह: माथे पर मस्सा, पहनावा: सफेद कमीज़ और काले रंग की पैंट। मृतक के शव को पहचान के लिए डीडीयू अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

अगर किसी को इस मृत पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस स्टेशन बिन्दापुर,
द्वारका जिला, दिल्ली-110059
फोन: 8750871025, 7428581030

DP/16793/DW/2025

शिफ्ट के बाद ऑफिस में न रोकी जाएं महिलाएं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के महिला और बाल विकास विभाग ने साफ किया है कि विभाग की किसी भी ब्रांच में किसी भी महिला कर्मचारी को सामान्य कार्य समय के बाद दफ्तर में रुकने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। विभाग की सेक्रेटरी रश्मि सिंहने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि अगर किसी विशेष परिस्थिति में महिला कर्मचारी को देर तक रुकना पड़ता है, तो उसकी सुरक्षित वापसी की पूरी जिम्मेदारी संबंधित ब्रांच हेड या रिपोर्टिंग अधिकारी की होगी। उन्हें पहले से यह आकलन करना होगा कि देर तक काम कराना वास्तव में जरूरी है या नहीं।

विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि महिला कर्मचारियों को नियमित या गैरजरूरी कामों के लिए देर तक ना रोका जाए, जिन्हें अगले दिन किया जा सकता है। अगर देर तक रुकना अनिवार्य हो, तो ब्रांच हेड को केयर टेकिंग ब्रांच के साथ तालमेल कर आधिकारिक गाड़ी या दूसरे किसी सुरक्षित साधनों से महिला कर्मचारी को सुरक्षित रूप से घर या किसी सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी।

इन व्यवस्थाओं को समय पर लागू करना भी उनकी जिम्मेदारी होगी। केयर टेकिंग ब्रांच को ऐसे मामलों में पूरा सहयोग देने और सभी ड्रॉप व्यवस्था का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि स्पेशल डायरेक्टर इस व्यवस्था की रोज निगरानी करेंगे, जबकि डायरेक्टर इसके अनुपालन की समीक्षा करेंगे और किसी भी लापरवाही या नियम उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

सुरक्षा के मद्देनजर महिला और बाल विकास विभाग का निर्देश

लकवे के इलाज में 'मेड इन इंडिया' स्टेंट दिलाएगा ग्लोबल पहचान

AIIMS में तैयार देसी ब्रेन स्टेंट ने 32 मरीज़ों को दी नई ज़िंदगी

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** अब स्ट्रोक यानी लकवे के मरीजों को बचाने के लिए भारत को विदेशी तकनीक पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। एम्स दिल्ली ने स्ट्रोक के इलाज के क्षेत्र में ऐसा काम कर दिखाया है, जिसने देश की हेल्थ दुनिया में नया भरोसा पैदा किया है। एम्स में भारत में बने सबसे उन्नत ब्रेन स्टेंट 'सुपरनोवा' पर देश का पहला क्लिनिकल ट्रायल सफल रहा है। इसके जरिए 32 मरीजों का ट्रायल किया गया, जिन्हें स्ट्रोक से छुटकारा मिल गया। डॉक्टरों का दावा है कि इस देसी स्टेंट से मरीज के इलाज का खर्च कम आएगा। साथ ही तेजी से रिकवरी भी हो सकेगी।

एम्स के न्यूरोइमेजिंग और इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. शैलेश बी. गायकवाड़ ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक के इलाज में देसी ब्रेन स्टेंट के लिए एक रिसर्च की गई। GRASSROOT (ग्रैविटी स्टेंट-रिट्रीवर सिस्टम फॉर रीपरफ्यूजन ऑफ लार्ज वेसल ऑक्लूजन स्ट्रोक ट्रायल) किया गया। एम्स नई दिल्ली इसका केंद्र रहा। जबकि, देश के 6 बड़े मेडिकल इंस्टिट्यूट में इसकी रिसर्च हुई। इनमें अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद, पुडुचेरी शहर शामिल हैं। ट्रायल के नतीजे इंटरनैशनल जर्नल Journal of Neurointerventional Surgery में प्रकाशित हुए हैं। इस ट्रायल में 32 मरीज शामिल किए गए थे, जिनकी उम्र 18 साल से लेकर 85 साल है। जो ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित थे। इलाज के दौरान यह ट्रायल सफल रहा है। जो भारत में स्ट्रोक इलाज के लिए निर्णायक मोड़ है। अब हमारे पास अपनी तकनीक है, जो सुरक्षित और प्रभावी है। अब तक स्ट्रोक के गंभीर मामलों में इस्तेमाल होने वाले स्टेंट ज्यादातर विदेश से आते थे, जो महंगे भी होते थे। सुपरनोवा स्टेंट पूरी तरह भारत में विकसित किया गया है और इसे भारत की जनसंख्या को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। क्योंकि भारत में स्ट्रोक कम उम्र में होता है। डॉ. गायकवाड़ ने इस क्लिनिकल ट्रायल में विशेष रूप से डॉ. मंजरी त्रिपाठी, डॉ. रोहित भाटिया, डॉ. अचल श्रीवास्तव, डॉ. विष्णु, डॉ. अवध के. पंडित, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आयुष अग्रवाल और डॉ. सत्यवती जैन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि 32 मरीज के अलावा आगे भी अन्य मरीजों का इस ब्रेन स्टेंट से ट्रायल किया जाएगा।

देश के 8 बड़े शहरों में हुआ ट्रायल, कम खर्च के साथ तेजी से होगा हेल्थ में सुधार

File Photo

हर साल 17 लाख मरीज, उम्मीद की किरण

एक्सपर्ट के अनुसार, भारत में हर साल करीब 17 लाख लोग स्ट्रोक का शिकार होते हैं। कई मरीज समय पर इलाज न मिलने से अपंग हो जाते हैं या जान गंवा देते हैं। एम्स की न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति विभा के अनुसार, यह तकनीक इलाज को तेज बनाएगी। साथ ही खर्च कम करेगी और ज्यादा मरीजों तक समय पर मदद पहुंचाएगी। दावा है कि यह उपलब्धि भारत को ग्लोबल मेडिकल रिसर्च मैप पर और मजबूत करेगी।

आज कांग्रेस की रैली, ट्रैफिक पर दिखेगा असर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सेंट्रल दिल्ली के कुछ इलाकों में आज ट्रैफिक प्रभावित होने की संभावना है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। रविवार को सेंट्रल दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी रैली है।



पुलिस अधिकारियों का आकलन है कि 50 हजार से अधिक लोग इस रैली में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में रविवार की सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच रामलीला मैदान के आस-पास के रास्तों, खासकर जवाहरलाल नेहरू मार्ग, आसफ अली रोड, नेताजी सुभाष मार्ग, कोटला रोड, रंजीत सिंह मार्ग और मिंटो रोड पर ट्रैफिक हैवी हो सकता है। बड़ी तादाद में लोग बसों से रामलीला मैदान पहुंचेंगे, इसके चलते राजघाट, विकास मार्ग, आईटीओ, बहादुरशाह जफर मार्ग, डीडीयू मार्ग, तिलक मार्ग, मंडी हाउस और मथुरा रोड पर भी ट्रैफिक कंजेशन मिल सकता है।

दिल्ली के बदमाशों को सप्लाई करता था हथियार, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्पेशल सेल ने दिल्ली-एनसीआर में छोटे बड़े गैंग को मध्य प्रदेश में बने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय मनपाल के रूप में हुई है। यह मध्य-प्रदेश के सेंधवा से हथियारों की खेप लेकर दिल्ली पहुंचा था। इसके पास से 11 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 11 अतिरिक्त मैगजीन बरामद हुई है।

स्पेशल सेल डीसीपी अलाप पटेल के मुताबिक, एसीपी नीरज कुमार की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर रंजीत और संजीव की टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टर और हार्डकोर अपराधी मध्य प्रदेश के हथियार सप्लायरों से आधुनिक पिस्टल मंगवा रहे हैं। इसी इनपुट के बाद 9 दिसंबर को पुलिस ने मनपाल को सराय काले खां के पास से अरेस्ट किया।

हिंडन एयरपोर्ट पर बनाए जाएंगे दो ट्रॉली गेट

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : हिंडन एयरपोर्ट एक्सटेंशन को लेकर हो रही देरी पर अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन ने भी मिनिस्टर ऑफ डिफेंस को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एनओसी से संबंधित जो भी लेटर हैं वह संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। ऐसे में जल्द से जल्द अतिरिक्त जमीन मिलने से पैसेंजर्स के लिए कई अतिरिक्त सुविधाएं हिंडन एयरपोर्ट पर शुरू हो जाएंगी। जिसमें फ्लाइट पार्किंग के लिए एप्रेन के अलावा टर्मिनल के अंदर एक अतिरिक्त ट्रॉली गेट भी शामिल है।



चेयरमैन ने लिखा एमओडी को इस बाबत पत्र

वर्तमान समय में हिंडन एयरपोर्ट पर केवल एक ही ट्रॉली गेट है जिसके कारण पैसेंजर्स को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पहले सही हिंडन एयरपोर्ट ने 34500 स्क्वायर मीटर जमीन की मांग की है। जिसके मिलने पर हिंडन एयरपोर्ट गेट पर दो ट्रॉली गेट बना पाएंगी और फ्लाइट के लिए पार्किंग एरिया 2 से बढ़कर 6 हो जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक डी विलका महेश ने बताया कि टर्मिनल बिल्डिंग को सामने से बढ़ाने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपने आखिरी चरण में है। जनवरी में वहां पर भी काम शुरू कर दिया जाएगा।

एक्सप्रेसवे और नोएडा एलिवेटेड रोड की स्पीड लिमिट कल से कम

NBT न्यूज, नोएडा : कोहरे और धुंध के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने ग्रेटर नोएडा-नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और एलिवेटेड रोड पर वाहनों की गति सीमा घटा दी है।



एसीपी शकील मोहम्मद ने बताया कि नई स्पीड लिमिट 15 दिसंबर की रात 12 बजे से 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता के लिए प्राधिकरण द्वारा जल्द ही होर्डिंग भी लगाए जाएंगी।

यमुना एक्सप्रेसवे पर अब हल्के वाहनों की अधिकतम गति 100 से घटाकर 75 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों की 80 से घटाकर 60 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। इसी तरह नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की सीमा 75 किमी और भारी वाहनों की 50 किमी प्रति घंटा होगी। वहीं, नोएडा एलिवेटेड रोड पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 50 किमी और भारी वाहनों के लिए 40 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से सुरक्षा के लिए इन नियमों का पालन करने की अपील की है।

कालकाजी ट्रिपल स्यूसाइडः रिश्तेदारों को नहीं थी हालात की जानकारी

15 साल से रिश्तेदारों से अलग-थलग था परिवार

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

डिप्रेशन से जूझ रही मां और दो बेटों ने लगाई थी फांसी

- तीनों ने एक साथ पंखे से लटककर कर ली खुदकुशी
- कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें वह मकान भी खाली करना था, जिसमें वे लंबे समय से रह रहे थे
- पुलिस का कहना है कि परिवार के आर्थिक स्थिति व मानसिक तनाव जैसे पहलुओं को खंगाल रहे हैं



कालकाजी में एक महिला और दो बेटों के खुदकुशी मामले में पुलिस जांच में परिवार से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार, मृतक परिवार पिछले करीब 15 साल से रिश्तेदारों से अलग-थलग रह रहा था। मृतका के रिश्तेदार समीर ने बताया कि पहले परिवार लाजपत नगर के पास नेहरू नगर इलाके में रहता था। उस समय मृतका अनुराधा के पति संजीव कपूर प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़े थे। समीर के मुताबिक, करीब 15 साल पहले संजीव अचानक परिवार के साथ कहीं चले गए। इसके बाद से उनका किसी भी रिश्तेदार से कोई संपर्क नहीं हो पाया। रिश्तेदारों का कहना है कि परिवार के साथ आखिर क्या हुआ, वे किस हालात से गुजर रहे थे, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

वहीं मृतका के परिवार के एक रिश्तेदार ने बताया कि वह टीवी पर समाचार देख ही रहे थे, तभी पुलिस का फोन आया। पुलिस ने बताया कि मृतका अनुराधा के मोबाइल से आपका नंबर मिला है। यह सुनकर परिवार के लोग सकते में आ गए। उन्होंने बताया कि पिछले 15 साल में न तो परिवार ने कभी फोन किया और न ही मिलने की कोशिश की। ऐसे में उनके मानसिक तनाव के बारे में अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के परिवार के अलावा आर्थिक स्थिति और मानसिक तनाव जैसे पहलुओं को खंगाला जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि परिवार किसी दबाव या परेशानी से गुजर रहा था या नहीं।

दो कमरों में मिले तीनों शव : पुलिस सूत्रों के अनुसार एक कमरे से महिला और एक बेटे का शव, जबकि दूसरे कमरे से दूसरे बेटे का शव पंखे से लटका मिला था। एक स्यूसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें डिप्रेशन की बात लिखी हुई थी।

40-50 लोगों से लिया था कर्ज: पुलिस सूत्रों के अनुसार परिवार ने करीब 40 से 50 लोगों से उधार लिया हुआ था। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। लगातार मकान खाली करवाने की बात से पूरा परिवार डिप्रेशन में चला गया था। मकान मालिक मुंबई में रहते हैं, जिन्होंने एक वकील को मकान की देखरेख का काम सौंपा था।

दो माह से लगातार पुलिस आ रही थी घर: पड़ोसियों ने बताया कि दोनों बेटों ने पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी। जिसके बाद से पुलिस लगातार उनके घर आ रही थी। कई बार पुलिस ने पड़ोसियों और परिवार के लोगों से पूछताछ की थी।

मर्डर के बाद 1 साल से था फरार, अरेस्ट



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भलस्वा डेरी इलाके में एक साल पहले हुई फायरिंग के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि एक जख्मी हो गया था। इस वारदात में शामिल आरोपी सुभान खान (23) एक साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है। कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित करने की कार्यवाही शुरू कर दी थी।

डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, भलस्वा डेरी एरिया में 15 अक्टूबर 2024 को सुभान खान अपने सहयोगी अभिषेक उर्फ बीडी, राहुल, अंकित उर्फ विकी और शकील के साथ नासिर नाम के युवक के घर गए। इनके पास हथियार थे, जो सुनील गुप्ता नाम के शख्स से लिए थे। नासिर की फैमिली की तरफ से बचाव में छत से पथराव कर दिया गया। सुभान समेत अन्य आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसकी चपेट में आकर दो युवक जख्मी हो गए, जिसमें शाहरुख की इलाज के दौरान मौत हो गई।

भलस्वा डेरी में फायरिंग के दौरान युवक की हुई थी मौत

अगले दिन चार आरोपी पकड़े गए थे, पर एक फरार था

भलस्वा डेरी थाने में दर्ज कातिलाना हमले के केस में हत्या की धारा भी जोड़ दी गई। जांच के दौरान शकील, अंकित, प्रिंस और जुबैर को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सुभान फरार रहा। हेड कॉन्स्टेबल नीरज को इसके बारे में सूचना मिली तो टिकरी खुर्द बस स्टैंड के पास जीटी रोड से इसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद भी फायरिंग में कर रहा था। वारदात के बाद वह भाग गया।

DU में शनिवार को सेमेस्टर एग्जाम के दौरान हुई दिक्कत

एक दिन में 800 पेपर, कई देरी से हुए शुरू, तो कई रद्द

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी में शनिवार के सेमेस्टर एग्जाम स्टूडेंट्स के लिए मुश्किलें ही मुश्किलें लेकर आए। सेमेस्टर 7 यानी अंडरग्रैजुएट कोर्सों के चौथे साल के कई एग्जाम देरी से शुरू हुए, तो 10 एग्जाम हो ही नहीं पाए। डीयू के डीन एग्जामिनेशन प्रो. जीएस टुटेजा का कहना है, शनिवार सुबह की शिफ्ट में लगभग 800 क्वेश्चन पेपर तय थे। कुछ लॉजिस्टिक कारणों की वजह से कुछ क्वेश्चन पेपर अपलोड नहीं हो पाए, जिसके कारण कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा नहीं रखी जा सकी। कई पेपर आधे घंटे से लेकर एक-दो घंटे की देरी से शुरू हुए। जिन यूजी प्रोग्राम कोर्सों के एग्जाम रद्द हुए हैं, वो अब जनवरी दूसरे हफ्ते में होंगे।

डीयू के टीचर्स का कहना है कि सुबह 36 से ज्यादा पेपर लेट पहुंचे। इस मिसमैनेजमेंट के पीछे एग्जाम का शेड्यूल है। कॉलेज एक ही दिन में 30-40 एग्जाम रख रहा है। सेमेस्टर 7 यानी चार साल के अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम के साथ पहला चौथा साल आने पर पेपर्स की संख्या बहुत बढ़ गई है और डीयू उस हिसाब से इंतजाम नहीं करवा पा रहा है।

डाउनलोड नहीं हुए सेमेस्टर 7 के पेपर, छात्र परेशान

डीयू एग्जामिनेशन ब्रांच ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि लॉजिस्टिक समस्या को बाद में सुलझा लिया गया और क्वेश्चन पेपर भेज दिए गए। हालांकि, ऑनर्स कोर्सों के वे स्टूडेंट्स जिन्हें तीन इलेक्टिव सब्जेक्ट में परीक्षा देनी है, उन्हें तीन स्लॉट्स में से चार स्लॉट्स में परीक्षा देने का मौका दिया गया है। वहीं, प्रोग्राम कोर्सों के लिए प्रभावित क्वेश्चन पेपर की संशोधित एग्जामिनेशन डेट अलग से कोर्स वाइज घोषित की जाएगी और परीक्षाएं जनवरी 2026 के दूसरे हफ्ते से आयोजित की जाएंगी।

डूसू प्रेसिडेंट आर्यन मान के साथ बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने एग्जामिनेशन ब्रांच में प्रदर्शन किया

शनिवार को 800 पेपर थे, जिनके लिए 1 लाख 30 हजार स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। वहीं, रविवार को सेमेस्टर 5 के 30 पेपर के एग्जाम हैं।

डीयू में मिरांडा हाउस की फैकल्टी प्रो. आभा देव हबीब ने कहा, शनिवार को बड़ी संख्या में एग्जाम थे। हर कॉलेज में सेमेस्टर 7 के लिए 30 से 70 डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स तय थे। NEP के साथ आए चार साल के अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम ने एग्जामिनेशन की संख्या बढ़ गई है क्योंकि अतिरिक्त साल बढ़ गया है और हर सेमेस्टर में पेपर्स, पाठ्य बढ़ गई है। इस हिसाब से एग्जामिनेशन का काम कई गुना बढ़ गया है।

स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

डूसू प्रेसिडेंट आर्यन मान, सेक्रेटरी कुणाल सिंह सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने एग्जामिनेशन ब्रांच में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कई घंटे स्टूडेंट्स को साफ सूचना भी नहीं दी गई। इससे वे मानसिक तनाव, अनिश्चितता और डर की स्थिति में रहे।

कोहरे का कहर, KGP पर दो जगह भिड़ीं 15 गाड़ियां, 10 लोग घायल

■ NBT न्यूज, दादरी : ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) पर शनिवार सुबह सीजन के पहले घने कोहरे के कारण दो जगह हादसे हो गए। कम विजिबिलिटी के चलते एक्सप्रेसवे पर दो अलग-अलग जगह करीब 15 वाहन आपस में टकरा गए। इन हादसों में लगभग 10 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और किसी घायल को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम की ऐम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई।

इस हादसे के बाद लगा रहा घंटों तक लंबा जाम

केजीपी (कुंडली-गाजियाबाद-पलवल) मार्ग पर पलवल की ओर जाते समय चक्रसेनपुर फ्लाईओवर पर तीन वाहन आपस में टकरा गए। इससे कुछ ही दूरी पर समाधिपुर फ्लाईओवर के पास करीब 12 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लगाने के कारण वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

हाइवे पैट्रोल टीम ने बताया कि घने कोहरे के चलते एक ट्रक चालक ने सड़क पर ही वाहन रोक दिया था। पीछे से आ रहे वाहनों को समय पर ट्रक दिखाई नहीं दिया और वे एक-दूसरे से टकराते चले गए। दोनों हादसे एक्सप्रेसवे की एक ही साइड पर हुए, जिससे लंबा जाम लग गया।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 12-13-2025 20:43 Color:

'डर की जेल' में भेज देता है यह स्कैम

DIGITAL ARREST



कानून की डिक्शनरी में बेशक 'डिजिटल अरेस्ट' शब्द नहीं है, लेकिन डिजिटलाइजेशन के इस दौर में यह सबसे खतरनाक साइबर क्राइम बन चुका है। यह ऐसा जाल है, जिसमें आम नागरिक, डॉक्टर, IAS, IPS, बिजनेसमैन समेत हर उम्र और पेशे के लोग फंस रहे हैं। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मुकदमों की जांच CBI को सौंप दी है। प्रधानमंत्री भी इससे सावधान रहने की बात कह चुके हैं। हम थोड़ी-सी सर्तकता से इस खतरे को कैसे टाल सकते हैं, बता रहे हैं विशाल आनंद शर्मा

कोई बेशक हमेशा जागरूक रहता हो लेकिन किसी अनजान नंबर से आई कॉल के दौरान अलर्ट न हो तो समझ लें कि डिजिटल अरेस्ट होने में पहली चूक कर चुका है। यों समझें कि अचानक अनजान नंबर से कॉल आती है, वह वेबकैम, स्काइप या मोबाइल से विडियो कॉल भी हो सकती है। सामने थाने जैसा सेटअप और यूनिफॉर्म पहने शख्स दिखता है। जाहिर है कॉल सुनने वाला एक पल को डर के साथ चौंक भी सकता है। फिर डराकर बताया जाता है कि आपने जो पार्सल पैकेट भेजा था, उसमें गैरकानूनी सामान मिला है या मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम, पहलगाम हमले की जांच, लाल किला ब्लास्ट की जांच में लिंक मिला है। सुनते ही सुनने वाले का डर हाई लेवल पर पहुंचेगा। वह अपनी बेगुनाही की तमाम दलीलें देगा। यहीं से स्कैमर ब्लैमेलिंग का फायदा उठाएगा। स्कैमर अब फोन बंद न करने, एकांत में रहने, किसी को कुछ न बताने की शर्तें लगाकर कहेगा कि शायद आपके आधार या PAN कार्ड का मिसयूज हुआ है। विक्टिम का डिस्क्लोजर लेगा, जिसमें बैंक अकाउंट, म्यूचुअल फंड, शेयर, इन्वेस्टमेंट, घर के सदस्यों की संख्या, सभी के मोबाइल नंबर, एड्रेस, प्रोफेशन, मंथली इनकम जैसी पर्सनल जानकारियां देनी होंगी। उसके बाद वह अपने रुख में नरमी दिखाकर कहेगा कि आप ईमानदार और निर्दोष हैं, लगता है गलत फंस गए हैं। इन्वेस्टिगेशन पूरा होने तक अपना सारा पैसा गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के बैंक अकाउंट्स (स्कैमर के म्यूल अकाउंट) में ट्रांसफर कर दें। केस सेटल होते ही पैसा वापस कर दिया जाएगा। बस, इसी डर की वजह से, कानूनी फंदे और शिकंजे में फंसने से बचने के चक्कर में विक्टिम सारा पैसा गवां देता है।

PM भी बोले- रुको, सोचो और ऐक्शन लो

पिछले साल अक्टूबर में पीएम नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट से सावधान रहने की सलाह व बचाव का मंत्र भी दिया। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के स्कैमर का विडियो अपने x हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'देशवासियों को Digital Arrest के नाम पर हो रहे Scam से बहुत सावधान रहने की जरूरत है। मैं आपको Digital सुरक्षा के ये तीन चरण 'रुको, सोचो और ऐक्शन लो' बता रहा हूं, जिन्हें जरूर याद रखें'। पीएम की सलाह के बाद बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी की वजह से 'डिजिटल अरेस्ट' खतरनाक लेवल पर पहुंच चुका है।

अब सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी जांच की कमान

अब सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर CBI को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी राज्यों को ऐसे मामलों की जांच में CBI की मदद करने के भी निर्देश दिए हैं। CJI सूर्यकांत की बेंच ने RBI को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में यूज हो रहे बैंक अकाउंट को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए AI और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा? इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ रुपयों की ठगी का पता चला है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर 'राष्ट्रीय समस्या' बताया।

AI Image

1930



पर कॉल करना होता है साइबर स्कैम का शिकार होने पर

22.68

लाख साइबर क्राइम की घटनाएं हुई साल 2024 में भारत में, जो 2022 में 10.29 लाख थी।

केस स्टडी से समझें 'मॉडस ऑपरेंडी'

केस 1 देश की सबसे बड़ी 23 करोड़ की 'डिजिटल अरेस्ट' की वारदात



साउथ दिल्ली के गुलमोहर पार्क निवासी रिटायर्ड बैंक अफसर को बीते अगस्त में अनजान नंबर से कॉल आया। कहा गया कि पहलगाम हमले में आपके अकाउंट से टेरर फंडिंग का लिंक मिला है। दो हफ्ते डिजिटल अरेस्ट कर नोटिस दिए, वॉरंट ऑफ अरेस्ट, बेल ऐप्लिकेशन, सुप्रीम कोर्ट का फेक ऑर्डर भी भेजे गए। खुद को NIA अफसर बताकर 22 करोड़ 92 लाख रुपये अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर करवाए। इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट केस माना गया है। IFSO इसकी जांच कर रही है। जांच सूत्रों की मानें तो पुलिस इतनी बड़ी रकम में से महज 3 करोड़ रुपये ही बचा सकी है।

केस 2 दिवंगत IAS की पत्नी से 2 करोड़ 36 लाख रुपये ठगे



हौजखास निवासी दिवंगत IAS की बुजुर्ग पत्नी जो फ्रीलांस जर्नलिस्ट है और घर में पूरी तरह से दिव्यांग बेटी की देखभाल में लगी रहती है, उन्हें इसी साल अप्रैल में CBI अफसर के नाम से कॉल आती है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर लाख दो लाख नहीं बल्कि जीवन भर की जमा पूंजी (2 करोड़ 36 लाख रुपये) वसूल लेते हैं। पति के निधन और दिव्यांग बेटी को लेकर पहले से ही तमाम मुश्किलों से जूझ रही पीड़ित महिला के सामने पैसों का संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल केस की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है।

केस 3 थाना दिखाया, वर्चुअल कोर्ट में की पेशी कराई और ठगे 1.36 करोड़

4 अगस्त को हरि नगर निवासी बुजुर्ग कपल को कॉल कर कहा गया कि आपका सिम कार्ड गैरकानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। बहुचर्चित जेट एयरवेज के चेयरमैन नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस का हवाला दिया गया। ऑनलाइन थाने में पेशी की गई। फिर वर्चुअल कोर्ट लगाई गई। इस मामले में 1 करोड़ 36 लाख रुपये उस बुजुर्ग कपल से वसूल लिए गए। काफी समय बाद उन्हें समझ में आया कि किस तरह से उनके साथ यह स्कैम हुआ है। जब तक ये बात समझ पाए तब तक बड़ी जमा-पूंजी गंवा चुके थे और शिकायत के अलावा कुछ नहीं कर सकते थे।

कहां हैं डिजिटल अरेस्ट के हैंडलर?

साइबर एक्सपर्ट और दिल्ली पुलिस के मुताबिक, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन, जॉब फिशिंग, टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर स्टॉक इन्वेस्टमेंट जैसे साइबर फ्रॉड के केंद्र साउथ ईस्ट एशिया के कुछ देश हैं, जिनमें कंबोडिया प्रमुख है। जहां चीन सपोर्टेड साइबर क्रिमिनल भारत समेत दुनिया के ज्यादातर मुल्कों को अपने साइबर रिमोट से ऑपरेट कर रहे हैं। हैंडलर वहीं है और एजेंट भारत समेत सभी देशों में फैले हुए हैं यानी भारत में साइबर क्राइम के लिए कुख्यात जामताड़ा, मेवात, असम, वेस्ट बंगाल व दिल्ली एनसीआर के फेक कॉल सेंटर का विस्तार कंबोडिया तक हो चुका है। यह खुलासा पिछले दिनों तब हुआ जब इंटरपोल (साइबर) और भारत समेत कई देशों की साइबर सिक्युरिटी एजेंसियों के इनपुट से कंबोडिया में साइबर क्राइम पर अब तक का सबसे बड़ा एक्शन हुआ। एक साथ 3000 से ज्यादा साइबर क्रिमिनल्स की गिरफ्तारी हुई। 3 हजार में से 105 भारतीय नागरिक थे। इनमें 600 से ज्यादा फीमेल साइबर क्रिमिनल्स थीं। छापेमारी के दौरान कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, ड्रग्स, भारतीय और चीनी पुलिस की नकली वर्दियां, हथियार बरामद किए गए। चीनी, वियतनामी और इंडोनेशियाई नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया।

कंबोडिया में दी गई CBI अफसर बनने की ट्रेनिंग

पकड़े गए एक युवक ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह जॉब के लिए इंटरव्यू देने दुबई गया था। लेकिन उसे कंबोडिया के पोइम पेट में एक 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम सेंटर में पहुंचा दिया गया। वहां 7 दिनों तक CBI अधिकारी बनकर रहने की ट्रेनिंग दी गई। युवक का काम भारत में विक्टिम को यह कहकर धमकाना था कि उनका सिम, पैकेट या दूसरी चीजें गैरकानूनी ऐक्टिविटी में पकड़ी गई हैं। उसने बताया कि ट्रेनिंग अलग-अलग भाषाओं में दी जाती है। इनमें तीन लाइन होती हैं। 'लाइन 1' खुद को ट्राई का अफसर बताता है। 'लाइन 2' पुलिस अफसर और 'लाइन 3' DCP स्तर का मध्यस्थ बनकर फर्जी मदद की पेशकश करता था।

लॉ एनफोर्समेंट अफसर की ट्रेनिंग पाक नागरिकों को

IP ट्रैकिंग से बचने के लिए कंप्यूटर के बजाय आईफोन का इस्तेमाल किया जाता था। VOIP कॉल क्रिया नाम के ऐप से की जाती थी। जिसकी लाइनें थाईलैंड से खरीदी गई थी। यह भी खुलासा हुआ कि पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय लॉ एनफोर्समेंट अफसर के तौर पर ट्रेंड किया जाता है, जिससे भारतीय एजेंसियों के लिए स्कैमर का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। जांच में यह भी निकलकर सामने आया कि भारतीय नागरिकों को विदेशों में खासकर सिंगापुर और दुबई में मोटी सैलरी वाली जॉब का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट के साइबर स्कैम में फंसाया गया।

'अनजान नंबर की कॉल से डरें नहीं, कट कर दें'

दिल्ली पुलिस की सबसे बड़ी साइबर यूनिट IFSO के DCP विनीत कुमार ने दिए अहम सवालों के जवाब

Q जागरूकता के बावजूद लोग डिजिटल अरेस्ट कैसे हो जाते हैं?

A 'डर' जो दिमाग पर अचानक हावी हो जाता है। सोचने या संभलने का मौका नहीं मिल पाता। फिर लोग वह सब कुछ करने लगते हैं जिसने डर का काल्पनिक सीन क्रिएट किया है। सही मायने में यह 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं बल्कि 'डिजिडर' अरेस्ट का पूरा गेम है। स्कैमर्स सिर्फ 'डर' की टैक्निक इस्तेमाल करते हैं। लोग फंस जाते हैं। भारतीय कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' नाम की कोई चीज नहीं है। यह पूरा सेटअप 'डर' का है।

Q कौन-सी उम्र के लोग डिजिटल अरेस्ट क्राइम में ज्यादा फंसते हैं?

A ज्यादातर केस में एनालिसिस करने पर पता चलता है कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम में 50% से ज्यादा लोग 60+ उम्र के हैं। ये ज्यादा टेक्नो फ्रेंडली नहीं होते। डिजिटल खतरों से अनजान रहते हैं।

Q डिजिटल अरेस्ट को कंट्रोल करने में क्या चुनौतियां हैं?

A हर एक नागरिक के पास जागरूकता का मैसेज न पहुंच पाना। यह अपराध तब तक पूरी तरह 'अज्ञात' रहता है, जब तक तफ्तीश में डिजिटल फुटप्रिंट नहीं मिल जाते। टेक्निकल सर्विलांस से पता लग भी जाए तो विदेश में बैठे हैंडलर/ऑपरेटरों को कानूनी शिकंजे में लाना बड़ी चुनौती है।

Q आम नागरिक के पास डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचने का ठोस तरीका क्या है?

A सबसे कारगर फॉर्मूला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे चुके हैं, - 'पहले रुको, फिर सोचो, उसके बाद ऐक्शन लो'। यह बचाव का सबसे बढ़िया मंत्र है। अनजान नंबर की ऐसी कॉल से डरें नहीं, कट कर दें।

Q कोई डिजिटल स्कैम का शिकार हो जाए तो क्या करे?

A सबसे पहले 1930 या 112 पर कॉल करें। अपनी शिकायत नजदीकी थाने या साइबर पुलिस स्टेशन में जाकर दें। लोग इतना डर जाते हैं कि वे परिवार में उस समय किसी से इस बारे में कोई बात शेयर नहीं करते। जरूरी है कि घर के मेंबर, दोस्तों को तुरंत बताएं, समय गवांए बिना शिकायत करें।

स्कैम होते ही तुरंत 4 चीजें करें नोट

जब किसी के साथ साइबर स्कैम हो जाता है तो लोग पहले तो इतने डरे हुए होते हैं कि जल्दी से हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल नहीं करते, अगर करते हैं तो हड़बड़ी में कॉल लगाते हैं और पूरी जानकारी नहीं दे पाते। अगर वे cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत करते हैं तो भी जानकारी पूरी नहीं दे पाते। साथ ही उम्मीद करते हैं कि उनके अकाउंट से निकली हुई रकम वापस मिल जाए। शुरुआती वक्त (गोल्डन आवर्स) में अगर पीड़ित 4 स्टेप्स पर ध्यान दें तो मुमकिन है कि निकला हुआ अधिकतर पैसा होल्ड/फ्रीज करा दिया जाए।

Bank A/c No. of Victim	UTR
Cheated Amount	Date & Time

ये है 4 जरूरी स्टेप

1. विक्टिम अपने बैंक अकाउंट नंबर को तुरंत एक कागज पर नोट कर ले।
2. कॉल करने से पहले UTR (यूनीक ट्रांजेक्शन रेफरेंस) नंबर नोट करके साथ रखें। याद रखें UTR 16 डिजिट का नंबर होता है जो NEFT के लिए है। 22 डिजिट का नंबर RTGS और 12 नंबर का UPI के लिए होता है। इन नंबरों से डिजिटल ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया जा सकता है।
3. ठगी हुई रकम का पूरा ब्यौरा जैसे ट्रांजेक्शन ID को नोट करके रखें।
4. स्कैम की तारीख और सटीक टाइम नोट करके रखें।

साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन 1930 पर कॉल रिसीव होते ही कार्रवाई के लिए ये 4 जरूरी जानकारियां मांगी जाती हैं। लेकिन उस वक्त घबराए हुए विक्टिम के पास तुरंत बताने के लिए ये चीजें न होने पर वे खोजने लगते हैं और कॉल डिस्कनेक्ट हो जाती है। फिर से कॉल कनेक्ट करने में काफी वक्त निकल जाता है। यही वक्त 'गोल्डन आवर्स' है। इन जानकारियों से उन अकाउंट्स की पहचान में आसानी होती है, जिनसे ट्रांजेक्शन होते हुए पैसा जा रहा है। DCP विनीत ने कहा कि हर अनजान कॉल पर शक करें। कॉल करने वाला अगर अजेंसी बताकर बैंक से जुड़ी जानकारी, OTP, लिंक पर क्लिक करने या ऐप डाउनलोड के लिए कह रहा है तो जल्दबाजी न करें, रुकें और सोच समझकर ऐक्शन लें। यह भी याद रखें कि नजदीकी थाने में भी साइबर स्कैम का केस दर्ज करा सकते हैं। वहां जाने से पहले बैंक पासबुक, रेकॉर्ड की कॉपी, अपनी आईडी और एड्रेस प्रूफ की कॉपी भी साथ रख लें।

अब SIM खोलेगा राज़...

अब SIM की वजह से पुलिस और एजेंसियों को गुनहगारों के डिजिटल फुटप्रिंट आसानी से मिल सकेंगे। इस दिशा में सरकार ने बड़ा स्टेप उठाया है। DoT (डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन) मिनिस्ट्री के अनुसार WhatsApp और Telegram जैसे प्लैटफॉर्म पर फर्जी नंबरों से होने वाले स्कैम, एक्सटॉर्शन जैसे क्राइम तेजी से बढ़ रहे हैं। कई लोग असली SIM बंद होने के बाद भी ऐप चालू रखते हैं, जिससे क्रिमिनल के लिए अनट्रेस्ड नंबरों का इस्तेमाल आसान हो जाता है। SIM को लेकर नई गाइडलाइंस के अनुसार अकाउंट उसी वास्तविक टेलिकॉम सब्सक्राइबर से जुड़ा होगा, जिसने इसे बनाया है। दिल्ली पुलिस के अफसरों ने कहा कि इससे न सिर्फ साइबर फ्रॉड बल्कि गैंगस्टर गठजोड़, टेरर लिंक का भी सुराग मिलेगा। यह नियम सभी मेसेजिंग ऐप्स पर लागू होगा। जिन्हें Telecommunication Identifier User Entities की कैटिगरी में रखा गया है। इनमें WhatsApp, Meta Messenger, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai जैसे कई प्लैटफॉर्म शामिल हैं। इन सभी को 90 दिनों के भीतर SIM Binding सिस्टम लागू करना होगा।

स्कैमर दिमाग पर कब्जा करता है?

■ लोकेश के. भारती

डिजिटल अरेस्ट के विक्टिम डरे होते हैं, उन्हें बाद में धोखाधड़ी होने का अहसास होता है। सीनियर सायकायट्रिस्ट डॉ. समीर पारिख ने बताया कि उस दौरान दिमाग सही फैसला क्यों नहीं ले पाता:

1. **इस तरह होता ब्रेन फ्रीज।** इसे Fear Circuit Hijack कहते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में इसे एमिगडाला हाईजैक भी कहा जाता है। स्कैमर्स सबसे पहले उस शख्स के दिमाग में तेजी से डर पैदा करते हैं। मसलन: आपके आधार कार्ड से ड्रग्स या हवाला जुड़ा है, आपके नाम से इंटरनैशनल लेवल का केस दर्ज है, विडियो कॉल पर अभी पुलिस/CBI/Interpol है। जब दिमाग में गहरा डर पैदा हो जाता है तो दिमाग को बड़े ही शातिराना तरीके से फाइट, फ्लाइट, फ्रीज मोड पर डाल दिया जाता है। वह अपनी तर्क शक्ति खो देता है, सही फैसला नहीं ले पाता।
2. **हो जाता है दिमाग का शटडाउन।** यह है Cognitive Shutdown, इसमें वह शख्स सोचने-समझने की क्षमता खो देता है। वह डर, शर्म और घबराहट में गलत-सही नहीं सोच पाता। वह सिर्फ आदेशों का पालन करता है। किसी से मदद नहीं ले पाता।
3. **इस तरह मानता है हर ऑर्डर।** इसे Authority Obedience Bias कहते हैं। इसमें सामने वाले के अधिकारी के सामने वह शख्स झुक जाता है। जब कोई स्कैमर पीड़ित के दिमाग में यह बात डालने में सफल हो जाता है कि वह CBI अधिकारी है तो पीड़ित सोचता है कि अगर मैं झूठा निकला तो? अगर मैं सच में फंस गया तो?
4. **अकेला हो जाता है।** यह है Isolation Obedience, सीधे कहें तो अकेलेपन का फायदा उठाना। स्कैमर्स हमेशा शख्स को कहता है कि किसी को मत बताना। इससे केस बिगड़ जाएगा। फोन स्पीकर पर मत रखना। वह शख्स बिना विरोध किए बड़ी रकम भी ट्रांसफर कर देता है।
5. **लगता है बचना मुश्किल।** यह स्थिति हो जाती है Learned Helplessness की। जब उस शख्स को लगता है कि अब निकल नहीं सकता। ऐसे में करोड़ों रुपये देना भी हल्की तकलीफ लगती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 12-13-2025 20:56 Color:

सर्दी की हेल्दी सौगात

सर्दी का मौसम डाइट से अपने शरीर को मजबूत बनाने का मौसम है। सर्दियों मे मिलने वाले कुछ फल और सब्जियां तो बेहद फायदेमंद होते है, जानते है इनके बारे में:

सर्दी के मौसम में सही तरीके से, सही चीजें और सही मात्रा में खा लें तो यह सिक्योर्ड इन्वेस्टमेंट शरीर को अगली सर्दी तक फायदा देता है। इस मुद्दे पर आयुर्वेद और मॉडर्न मेडिसिन के एक्सपर्ट्स भी अमूमन एक ही राय रखते हैं। असल में सर्दियों में हमारे पेट की अग्नि यानी पाचनशक्ति बेहतरीन होती है। इन दिनों मिलने वाली कुछ खास चीजें हैं जिन्हें खाएं तो एक तरफ जहां खून की मात्रा बढ़ती है, दूसरी ओर इम्यूनिटी भी पावरफुल होती है। इन दिनों कौन-सी सब्जी, कौन-सा फल खाना सबसे बढ़िया है? क्या-क्या ज़रूर खाएं? एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांतो के अनुसार, ठंड मे शरीर की गर्मी भीतर की ओर ही सिमट जाती है, जिससे डाइजेस्टिव सिस्टम (पाचन तंत्र) ज्यादा ऐक्टिव हो जाता है और जठराग्नि (भूख लगने, भोजन पचाने और शरीर की ऊर्जा करने की शक्ति) बहुत तेज (प्रबल) हो जाती है। अगर यह अग्नि भोजन खाने के बाद भी संतुष्ट न हो तो यह शरीर की धातुओं जैसे रस, रक्त और मांस को पचाने लगती है, जिससे शरीर में कमजोरी और वात दोष की बढ़ोत्तरी होती है। इसलिए हेमंत ऋतुचर्या में ऐसे आहार के सेवन पर बल दिया गया है जो स्वभाव से स्निग्ध (Oily) और मधुर (Sweet) रस प्रधान हो। हेमंत ऋतु की सब्जियां इन जरूरतों को पूरा करने का कुदरती साधन है।

सर्दी की सत्ता

सर्दियों में खाने के कई विकल्प मौजूद होते हैं, लेकिन यहां सबसे खास चीजों के बारे में बताया गया है। इनका उपयोग हर दिन या फिर हफ्ते में 4 से 5 दिन करने से शरीर तंदुरुस्त रहता है।

आंवला
पाएं सेहत और स्वाद

पुरानी कहावत है कि जिस आंगन में आंवले का पेड़ हो, वहां बीमारी निवास नहीं करती यानी हर दिन आंवले के सेवन से शरीर को बहुत फायदा होता है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है और इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। यह विटामिन- C का सबसे बेहतर सोर्स भी है। इससे रिंकल की परेशानी दूर होती है। इसे आयुर्वेद में रसायन कहा गया है। यहां रसायन का मतलब है जो बुढ़ापे को दूर करे और जवानी बरकरार रखे। इसके अलावा और भी कई फायदे हैं। हो सके तो इसके मुरब्बे से बचना चाहिए क्योंकि उसमें चीनी होती है।

आंवला रोज 1 ही क्यों: अगर हम हर दिन एक आंवला, एक बार में या कई बार में, कच्चा या नमक के साथ या फिर उबालकर खाएं तो हमारे शरीर की हर दिन की विटामिन-C की जरूरत पूरी हो जाती है।

- कच्चा या उबला आंवला खड़ा लगे तो उसके साथ नमक (सेंधा बेहतर है) ले सकते हैं। इससे उसका टेस्ट बढ़ जाता है। अगर बीपी की परेशानी है तो नमक न लें।
- हम आंवले का अचार या कैंडी खाते हैं तो भी हमें आंवले में मौजूद कुल विटामिन-C का 60 से 70 फीसदी तक मिल जाता है।

घी
को न करें मिस

आयुर्वेद में घी को सर्वोत्तम स्निग्ध द्रव्य कहा गया है। यह वात (इसके असंतुलन से रिंकल सूखी हो जाती है, पैरों की मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द रहता है, वजन कम होता है और नींद कम आती है) को संतुलित करने में सबसे असरदार माना जाता है। सर्दियों में वात दोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए घी शरीर को जरूरी स्निग्धता, ताप और पोषण देता है। घी जठराग्नि को संतुलित रखकर भोजन को ठीक तरह से पचाता है। स्किन, जॉइंट्स, ब्रेन को न्यूट्रीशन देता है। ओज को न बढ़ाते हुए शरीर में ऊर्जा और बल का संचार करता है।

- सर्दियों में रोजाना एक-दो चम्मच देसी गाय का घी भोजन में शामिल करना काफी फायदेमंद है। हर दिन 1 से 2 चम्मच शुद्ध घी का सेवन किया जा सकता है।
- मिलेट्स खाते समय या ड्रूसे कार्ब्स (चावल, रोटी आदि) में अगर थोड़ी मात्रा में घी मिला दें तो इनका ग्लाइसिमिक इंडेक्स बढ़ जाता है। इससे ये जल्दी एनर्जी रिलीज नहीं करते और शरीर में फैटन ही शुगर लेवल नहीं बढ़ता।

ड्राई फ्रूट्स
और सीड्स का हो मेल

ड्राई फ्रूट्स: ये कई विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर के बेहतरीन सोर्स हैं। ये ज्यादातर उष्ण प्रकृति के होते हैं, इसलिए सर्दियों में खाने से ज्यादा फायदा होता है। अखरोट (2 से 3), बादाम (5 से 8), काजू (2 से 4), किशमिश (आधी से एक मुट्ठी), खजूर (2 से 3) आदि, इनमें से किसी 2 का चुनाव कर लें और हर दिन बदल-बदल कर खाएं। दरअसल, ये सभी सर्दियों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त माने जाते हैं। इनके अलावा मेवा शरीर की मांस धातु को पुष्ट करते हैं। कमजोरी, जोड़ों के दर्द और सुस्ती को कम करती हैं। इनमें कुदरती रूप से तेल और प्रोटीन होते हैं जो शरीर को ऊष्मा प्रदान करते हैं। एक और बात का ख्याल रखें कि बादाम को भिगोकर खाना या मेवे को घी के साथ मिलाकर लड्डू के रूप में लेना अच्छा है।

ये सीड्स बढ़ा देंगे इम्यूनिटी

तिल: इंग्लिश में इसे Sesame Seeds कहते हैं। तिल की अहमियत को समझते हुए ही हर साल 14 या 15 जनवरी को मकर संक्रांति या तिल संक्रांति मनाया जाता है। तिल दो तरह के होते हैं, काले और सफेद। ये शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को बनाकर रखने में मदद करते हैं। यह शुगर पेशंट के लिए फायदेमंद है। यह 1 से 2 लड्डू खा सकते हैं।

फ्लैक्स सीड्स: इसे अलसी, तीसी के नाम से भी जाना जाता है। यह आयरन का अच्छा सोर्स है। वेजिटेरियन लोगों के लिए यह ओमेगा-3 फैटी एसिड्स का बेहतरीन सोर्स है। एक दिन में 1 से 2 चम्मच तक खा सकते हैं।

चिया सीड्स: चिया सीड्स को पानी में भिगोकर खाने के बहुत फायदे हैं। इसके फाइबर ड्रूसे सीड्स जितने सख्त नहीं होते। आधा चम्मच ले सकते हैं।

पंपकिन सीड्स: पंपकिन जो कद्दूकस, पेठा, सीताफल के नाम से मिलता है, इसकी सब्जी न केवल टेस्टी होती है बल्कि हेल्थ के लिए भी अच्छी होती है। एक चौथाई या आधा चम्मच ले सकते हैं।

मिलेट्स का भी लें मज़ा

रागी, जुआर, बाजरा: ये सभी अच्छे हैं, लेकिन रागी बेहतरीन है। सर्दियों में जरूर खाना चाहिए। कुछ लोग इसे गेहूं के साथ मिलाकर मिक्स्ड यानी मल्टिग्रेन के रूप में भी लेते हैं। अगर किसी को गेहूं पचाने में परेशानी है तो इसे छोड़ भी सकते हैं। ग्लूटेन प्रोटीन से कुछ लोगों को परेशानी होती है। मिलेट्स शरीर में ट्राइग्लिसराइड्स (खून में मौजूद फैट) और सी-रिऐक्टिव प्रोटीन को कम करते हैं। इस वजह से ये हार्ट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में भी मददगार है। फाइबर की मात्रा भरपूर होती है। रागी कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स है।

- शरीर को भोजन में से पानी जज्ब करने के लिए ज्यादा वक्त मिल जाता है। मिलेट्स से ग्लूटन या नॉन-ग्लूटन एलर्जी की समस्या भी नहीं है। रागी में दूसरे मिलेट्स, चावल, गेहूं आदि की तुलना में बहुत ज्यादा कैल्शियम होता है। इसलिए इसे दूध का विकल्प भी कहा जाता है। वहीं बाजरे में आयरन की अधिकता होती है।

सीज़न के गिफ्ट

यह मौसम हेल्दी खानपान के लिए बेहतरीन है। **ताजे फल, सब्जी, आंवला, ड्राई फ्रूट्स, घी, तिल** आदि खाना बेहद फायदेमंद है।

अगर इस मौसम में सही डाइट रखें तो पूरे साल इम्यूनिटी सही रहती है और हीमोग्लोबिन भी कम नहीं होता।

हर दिन 1 से 3 फल (अमरूद, संतरा, सेब) और **1 प्लेट सलाद** (चुकंदर, गाजर, टमाटर, मूली) खाने से पाचन-पोषण सही रहता है।

हर दिन आंवला से 1 आंवला खाने से विटामिन-C की कमी नहीं होती। धनिया पत्ते के साथ चटनी बनाकर खाना भी फायदेमंद है।

साग (पालक, बथुआ, मेथी, पत्ते वाला प्याज आदि) खाने से खून की कमी नहीं होती और **'जिगर' यानी लिवर दमदार** बना रहता है।

हर दिन के भोजन में **गहरे रंग वाली सब्जी** (लाल बंद गोभी, काली या लाल गाजर, चुकंदर आदि) खाए तो ये **लिवर, लंग्स** को बहुत भाते हैं।

शुद्ध देसी घी मिल जाए तो 1 से 2 चम्मच हर दिन सेवन करें। घी के अलावा अगर लहसुन खाते हैं तो इसे भी हर दिन शामिल करें।

शिलाजीत कुदरती है और कैल्शियम का अच्छा सोर्स भी। **इम्यूनिटी, बीपी काबू करने में** भी मददगार। इसे कम मात्रा में (1-2 ग्राम) ही लेना चाहिए।

काली मिर्च, दालचीनी, लौंग व इलायची उष्ण (गर्म) और सुगंधकारी होती है। गर्म तासीर की वजह से ये **खून की नलियों को संकुचित नहीं** होने देतीं और बीपी को काबू करने मदद करती हैं।

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. एस. के. सरीन
डायरेक्टर, ILBS



डॉ. महेश व्यास
डीन, ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद

डॉ. आर. पी. पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य

ईशी खोसला
सीनियर डाइटिशन

डॉ. आलोक शर्मा
वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य

डॉ. आनन्द पांडेय
मुख्य चिकित्सक, मंगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

मूली
सस्ती भी, अच्छी भी

आजकल मूली का भाव कम ही रहता है। अमूमन 10 से 30 रुपये प्रति किलो के हिसाब से यह मिल जाती है। लेकिन इसमें गुण भरपूर हैं।

- हमारे कई अंगों और सिस्टम को मजबूत बनाती है। मूली में भरपूर मात्रा में वॉटर, फाइबर, विटामिन-C, फोलेट, पोटैशियम और कई तरह के ऐंटिऑक्सिडेंट होते हैं जो **शरीर को अंदर से साफ करने** और पाचन बेहतर बनाने में भूमिका निभाते हैं।
- सबसे बड़ा फायदा हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को होता है। मूली में मौजूद फाइबर कब्ज दूर करता है, गैस कम करता है और पेट को हल्का रखता है।
- यह लिवर और गॉलब्लैडर को भी हेल्प करती है। इसमें मौजूद एजाइम बाइल बनाने में मददगार है।
- यह शरीर को डिटॉक्स करने में भी मददगार है। किडनी को भी मूली फायदा पहुंचाती है। **यह हल्की डाइयूरेटिक (यूरिन बाहर निकालने में)** सब्जी है।
- मूली खाने से डकार की परेशानी हो तो अजवाइन, काला नमक आदि भी थोड़ी मात्रा में खा लें।
- यह दिल के लिए भी फायदेमंद है। इसमें मौजूद पोटैशियम बीपी को काबू में रखने में मददगार है। वहीं, **विटामिन-C की अच्छी मात्रा होने से मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत** करती है। यह रिंकल को जलन और एक्ने को भी कम करती है।
- **मूली को सलाद के रूप में दूसरी सब्जियों के साथ मिलाकर खाएं।** गाजर, चुकंदर और मूली व टमाटर को मिलाकर बनने वाली सलाद शानदार है। वहीं, सलाद में पत्ते वाली प्याज को भी शामिल कर सकते हैं। इससे फाइबर और ऐंटिऑक्सिडेंट ज्यादा मिलते हैं। ये सब्जियां लंबे समय तक एनर्जी देती हैं। ये फाइबर, बीटा-कैरोटीन (विटामिन A) और ऐंटिऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं। ये खून की मात्रा बढ़ाने में भी मददगार हैं। **हर दिन 1 प्लेट (300 से 400 ग्राम) सलाद खाएं या फिर जिन्हें सलाद पचाने में परेशानी हो वे इनका 1 गिलास जूस पी सकते हैं।**

पालक
बथुआ, मेथी है गुडलक

ताजा पालक तो अच्छा है ही, इस मौसम में बथुआ, मेथी, सोया (कुछ जगहों पर सुआ बोला जाता है), सरसों साग और इनके अलावा भी कई तरह के साग मिलते हैं। ये सभी विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर्स और ऐंटिऑक्सिडेंट के भंडार हैं। पालक समेत सभी साग में फोलेट नामक ऐसा तत्व पाया जाता है जो शरीर में नई कोशिकाएं बनाने के साथ कोशिकाओं में मौजूद डीएनए की मरम्मत का भी काम करता है। फाइबर, आयरन, विटामिन-C शरीर को हर तरह से स्वस्थ बनाए रखता है।

- ये आयरन, कैल्शियम, फोलेट, और विटामिन K, C, A के सोर्स हैं और खून बनाने में भी मददगार हैं। साथ ही साग इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। मेथी खासतौर पर शुगर को सही रखने में मददगार है।
- मेथी और सरसों के साग स्वभाव से उष्ण और कटु रस वाले होते हैं। शरीर को आंतरिक गर्माहट देते हैं और पाचन अग्नि को उत्तेजित करते हैं।

लहसुन
की भी सुन लें

हर सीजन में खाएं लहसुन। सर्दियों में रोजाना 2 से 4 कली और गर्मियों में 1 से 2 कली खाना सही है।

ऐसे ही खाएं लहसुन: लहसुन को बारीक काटकर या क्रश करके 10 मिनट के लिए छोड़ दें, ताकि लहसुन में मौजूद एलिसिन ऐक्टिव हो जाए। एलिसिन बनने में 10 मिनट का वक्त लगता है। इसी एलिसिन की वजह से लहसुन में औषधीय गुण भी आते हैं। काटकर या क्रश करके फौरन ही खा लेंगे या पका लेंगे तो एलिसिन बनने का वक्त नहीं मिलेगा या थोड़ी मात्रा में बनेगा। वहीं पुराने लहसुन की तुलना में ताजा लहसुन को खाना ज्यादा फायदेमंद है। लहसुन एक अच्छा प्रीबायोटिक (यह हमारे गुड फ्लोरा के लिए भोजन है) भी है। लहसुन की छोटी (देसी लहसुन) कली में एलिसिन (फायदेमंद कंपाउंड) की मात्रा कुछ ज्यादा होती है। वे भूख बढ़ाने वाले और भोजन पचाने वाले होते हैं।

फल
ज़रूर खाएं

इस मौसम में कई तरह के फल मिलते हैं। मसलन: **अमरूद, सेब, संतरा, कीनू, अनार** आदि। इनमें से हर दिन कोई एक फल भी खा ले तो कई परेशानियां खत्म हो जाएंगी। अमरूद और सेब तो ऐसे फल हैं जिन्हें सुबह खाली पेट भी खा सकते हैं। इनके अलावा आजकल शरीफा (कस्टर्ड ऐपल) भी काफी मिलता है।

कीनू, माल्टा और संतरे में क्या फर्क? अक्सर लोग कीनू, माल्टा और संतरे में फर्क नहीं कर पाते। जहां तक खाने के बाद मिलने वाले पोषण की बात है तो तीनों फलों में कोई खास फर्क नहीं होता। संतरा और माल्टा जहां कुदरती फल है वहीं इन्हें कुदरत ने खुद विकसित किया है, वहीं कीनू का विकास अमेरिका के कैलिफोर्निया में 1935 में किया गया था। इसे विली लीफ मैहरिन और किन नामक दो फलों के मिश्रण से बनाया गया है। बाद में यह पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में उगाया जाने लगा।

क्यों खाना चाहिए: ये तीनों फल विटामिन-C, ऐंटिऑक्सिडेंट और फाइबर के बेहतरीन सोर्स हैं। इम्यूनिटी की मजबूती की बात हो या फिर शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन की, ऐसे कई कामों के लिए ये बेहतरीन विकल्प हैं।

संतरा

- यह कीनू और माल्टा की तुलना में ज्यादा मीठा और सुगंधित होता है।
- छिलका माल्टा से पतला लेकिन कीनू जितना मुलायम नहीं। छिलका हल्का खुरदरा होता है। रंग हल्का पीला-नारंगी या हरा। आमतौर पर हल्का मीठा, हल्का खट्टा, फ्रेश सुगंध।
- इसकी सुगंध बहुत पसंद की जाती है।

कीनू

- इसमें रस बहुत ज्यादा होता है। रंग चमकीला नारंगी होता है।
- छिलका पतला और आसानी से छिल जाता है। ज्यादातर मीठा होता है। कुछ में हल्की खटास रह सकती है।
- बाजार में मिलने वाला ऑरेंज जूस अक्सर कीनू से ही बनता है।

माल्टा

- संतरे की तुलना में छिलका मोटा और कुछ सख्त होता है। इसको छीलना थोड़ा मुश्किल होता है। अमूमन रंग गहरा होता है। यह नारंगी-लाल हो सकता है।
- यह खट्टा और मीठा, दोनों स्वाद देता है।
- यह भी रसीला होता है लेकिन कीनू जितना नहीं।

CCING 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH14 User: vinay.vashisht Time: 12-13-2025 22:59 Color:

समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर

आत्मनिर्भर और आधुनिक शहर

विकास और सेवा के 2 वर्ष

मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों से विकास को गति

- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के विकास, औद्योगिक निवेश और रोज़गार वृद्धि तथा बेहतर अधोसंरचना के लिए इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) से मिलकर बन रहे 2 मेट्रोपॉलिटन शहर
- भविष्य में और क्षेत्र भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटन

स्वच्छ हरित शहरों की ओर

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास
- इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी में स्मार्ट शहरों और आधुनिक आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति

आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन

- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरु, भोपाल में जल्द शुरु होगा संचालन
- पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत 6 शहरों में 550 से अधिक बस परिवहन
- शीघ्र शुरू होगी आधुनिक और सुलभ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

हर शहरी गरीब को आवास की गारंटी

- पीएम आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 8.61 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास। PMAY-U2.0 के लिये 10 लाख नये आवास का लक्ष्य
- इस योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

स्वच्छ भारत मिशन में सबसे आगे

- इंदौर लगातार 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के सम्मान से पुरस्कृत, अपशिष्ट प्रबंधन के नवाचार में भी सबसे आगे 550 टन प्रतिदिन बायो CNG प्लांट से प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
- 361 निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित, उपयोगित जल के उपचार की हाईब्रिड कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड, डी-वॉट्स आदि तकनीकों से बदला स्वच्छता का परिदृश्य

हर घर में शुद्ध पेयजल

- अमृत योजना 2.0 अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में 224 परियोजनाओं से जल आपूर्ति
- जल जीवन मिशन में 80 लाख+परिवारों को मिला नल कनेक्शन

आजीविका से खुशहाली

- पीएम स्वनिधि योजना में 13.46 लाख शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को ₹2078 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण, योजना में देश में प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 65 हजार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 लाख परिवार एवं 1.50 लाख से अधिक युवा कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार से जुड़े

जल गंगा संवर्धन अभियान, अनूठी पहल

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2.30 लाख से अधिक जल दूत पंजीकृत। 83 हजार से अधिक खेत तालाब, 1 लाख से अधिक कुएं रीचार्ज एवं 1 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए

D-11160/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

हम अपने शहरों को आत्मनिर्भर निकाय के रूप में विकसित करने और नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने वाले शहरों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA15 User: cci Time: 12-13-2025 23:00 Color:

फटाफट खबरें

बिहार में युवक की पीट पीटकर हत्या

■ आईएएनएस नवादा : बिहार में नवादा के हिसुआ थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर बाइक सवार तीन युवकों ने एक ट्रैक्टर चालक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चलती मगध एक्सप्रेस में धमाका

■ NBT न्यूज, वाराणसी : नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही डाउन मगध एक्सप्रेस के जनरल कोच में शनिवार सुबह जोरदार धमाका होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कोच में लगे फायर इंस्टिंग्यूशर का ढक्कन अचानक फट गया। इससे पूरे कोच में धुआं फैल गया। यात्री घबरा गए और कई लोग खिड़कियों से कूद पड़े। भगदड़ और कूदने के दौरान दर्जनभर यात्री घायल हुए।

AAP की बैठक में BJP पर निशाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (AAP) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक शनिवार को हुई। पार्टी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की गई, लेकिन पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर आप नेताओं को जेल भेजा गया।

मारपीट-वसूली में यूट्यूबर अरेस्ट

■ पीटीआई, चेन्नई: यूट्यूबर 'सवुक्कु' शंकर को शनिवार सुबह उनके घर से कथित मारपीट और वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया। एक डायरेक्टर की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने कहा कि जांच अधिकारी के दरवाजा खटखटाने पर शंकर ने खोलने से इनकार कर दिया और कहा कि पुलिस पहले उनके वकीलों से बात करे।

केरल विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल से BJP और कांग्रेस दोनों की उम्मीदें बढ़ीं

तिरुवनंतपुरम के निकाय चुनाव में BJP ने 45 साल का किला ढहाया

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केरल में हालिया लोकल बॉडी चुनावों के नतीजों को 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन नतीजों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत ने न सिर्फ राज्य इकाई में नया आत्मविश्वास भरा है बल्कि 2026 विधानसभा की रणनीति को भी मजबूती दी है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार चुनौतियों से जूझ रही कांग्रेस के लिए केरल से आए सकारात्मक संकेत सियासी राहत देने वाले हैं।

स्थानीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का सीधा असर पार्टी कैडर पर पड़ता है। पंचायती, नगरपालिकाओं और निगमों में बढ़त से संगठनात्मक कर्ज बढ़ती है और परंपरिक वोट बैंक खासतौर पर ईसाई और मुस्लिम समुदाय के साथ रिश्ते मजबूत होने की संभावना बनती है। यही कारण है कि इन नतीजों को कांग्रेस नेतृत्व 2026 की नींव के तौर पर देख रहा है।

कांग्रेस में गुटबाजी अब भी एक बड़ी चुनौती: हालांकि, पार्टी के सामने गुटबाजी की पुरानी समस्या अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से संभावनाओं के केंद्र में रहे शशि थरूर जैसे नेताओं की भूमिका और आगे का रास्ता भी चर्चा में है। थरूर ने यूडीएफ की जीत पर बधाई दी, लेकिन साथ ही तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत को भी स्वीकार करते हुए एनडीए को शुभकामनाएं दीं। यह उनके क्षेत्र में एनडीए की जीत थी।

निकाय चुनावों का होता रहा है विधानसभा पर असर: इन नतीजों ने सत्तारूढ़ वाम मोर्चा (एलडीएफ) की लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की उम्मीदों को झटका दिया है। केरल की राजनीति में बीते तीन दशकों का चुनावी पैटर्न बताता है कि स्थानीय निकाय चुनाव ही अक्सर विधानसभा चुनाव की दिशा तय कर देते हैं। जिस गठबंधन को पंचायतों, नगरपालिकाओं और निगमों में बढ़त मिलती है, वही अगले विधानसभा चुनाव में भी आगे निकलता रहा है।

45 साल बाद तिरुवनंतपुरम में जीत के बाद बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

अब शहरी इलाकों से BJP को उम्मीदें

इस बार समीकरण उलटते दिख रहे हैं। यूडीएफ ने 157 जिला पंचायत पर जीत हासिल की है वहीं लेफ्ट फ्रंट 95 जिला पंचायत में आगे रहा। यूडीएफ की बढ़त जहां कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित हो सकती है, वहीं एलडीएफ के लिए यह चेतावनी है। तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत भी उसके लिए मनोबल बढ़ाने वाली है और यह संकेत देती है कि कई शहरी इलाकों में पार्टी अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश में है।

2026 की तस्वीर अब ज़्यादा साफ

कुल मिलाकर, केरल के लोकल बॉडी चुनावों ने 2026 की तस्वीर को धुंधली नहीं, बल्कि काफी हद तक साफ कर दिया है। यूडीएफ के लिए यह मौका है कि वह संगठनात्मक एकजुटता और गुटबाजी पर काबू पाकर इस बढ़त को विधानसभा चुनाव तक बनाए रखे। वहीं, एलडीएफ के लिए यह समय आत्ममंथन और रणनीति में बदलाव का संकेत देता है।

ये लोकतंत्र की खूबसूरती: थरूर

शनिवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर ने यूडीएफ की जीत की सराहना करते हुए, अपने तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की खूबसूरती बताया। उन्होंने X पर एक पोस्ट में कहा कि जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए।

नतीजे सांप्रदायिकता की भेंट चढ़े: विजयन

केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने कहा कि विस्तारपूर्वक जांच की जाएगी और जरूरी सुधार करने के बाद हम आगे बढ़ेंगे। चुनाव परिणाम एक चेतावनी के रूप में सामने आया है कि लोगों को सांप्रदायिक ताकतों द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचनाओं से बचाने के लिए अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

IMA से पासआउट हुईं पहली महिला अफसर, सेना में शामिल

सेरेमनी के दौरान साई जाधव के परिजनों ने उनके कंधों पर सितारे लगाए।

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

देश की प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थ भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून से पहली बार किसी महिला अधिकारी ने प्रशिक्षण पूरा कर सेना में कमीशन पाया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर की रहने वाली साई जाधव ने भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट होकर आईएमए देहरादून के 93 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया है।

ये आईएमए से पास आउट होने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बन गई है। साल 1932 में स्थापित भारतीय सैन्य अकादमी अब तक करीब 67 हजार ऑफिसर्स कैडेट्स को प्रशिक्षण दे चुकी है। लेकिन इतने लंबे इतिहास में यह पहला अवसर है जब अकादमी से कोई महिला अधिकारी सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर सेना का हिस्सा बनी है। अब से हालांकि आगामी जून में होने वाली पासिंग आउट परेड में पहली बार महिला ऑफिसर्स कैडेट्स परेड करते हुए नजर आएंगी और यह अकादमी का पहला महिला अधिकारियों का बैच होगा। लेकिन उससे पहले ही साई जाधव ने अकेले पास आउट होकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अकेली महिला ऑफिसर कैडेट के रूप में पास आउट हुईं साई जाधव औपचारिक पासिंग आउट परेड का हिस्सा नहीं बनीं।

पेरिंग सेरेमनी के दौरान उनके परिजनों ने उनके कंधों पर सितारे लगाए। साई जाधव का सेना से जुड़ाव सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पारिवारिक परंपरा का भी हिस्सा है। अपने परिवार में भारतीय सेना में सेवा देने वाली वे चौथी पीढ़ी की सदस्य हैं।

तिरुवनंतपुरम की जीत पर BJP बोली- ये ऐतिहासिक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुधांशु त्रिवेदी

तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों को लेकर बीजेपी में खुशी की लहर है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि शनिवार का दिन बीजेपी और एनडीए के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि तिरुवनंतपुरम में पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि ये परिणाम न केवल केरल की राजनीति के लिए ऐतिहासिक है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत पेश करते हैं। यह केरल और देश का राजनीति में गुणात्मकारी बदलाव का संकेत है। कहा कि केरल के उन क्षेत्रों में जहां एलडीएफ व यूडीएफ के बीच लड़ाई हुई, वहां कांग्रेस व कम्युनिस्ट नवाब ?? कि उनका वोट किसने चोरी किया? उन्होंने कहा कि केरल की जनता ने बीजेपी व एनडीए में भरोसा जताया है।

मोदी ने कहा- धन्यवाद तिरुवनंतपुरम

बोले- ये नतीजे केरल की राजनीति में एक अहम मोड़ है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नगर निकाय चुनाव में NDA ने शानदार जीत हासिल की। CPI (M) नीत लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) को शिकस्त देकर निगम पर लगातार 45 वर्षों के वाम शासन का अंत कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव में बीजेपी-एनडीए को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण है। एक्स पर लिखा, यह जनादेश दर्शाता है कि राज्य की जनता को विश्वास है कि केरल की विकास संबंधी आकांक्षाएं केवल बीजेपी के नेतृत्व में ही पूरी की जा सकती हैं, उन्होंने इस समर्थन को विकास, सुशासन और प्रगति के प्रति लोगों की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। पीएम ने इन शानदार नतीजों के लिए बीजेपी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, धन्यवाद, तिरुवनंतपुरम! तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में बीजेपी-NDA को मिला मैजेर केरल की राजनीति में एक अहम मोड़ है। लोगों को यकीन है कि राज्य के विकास की उम्मीदों को सिर्फ हमारी पार्टी ही पूरा कर सकती है।

31 मार्च तक नक्सली खत्म होंगे: शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद थे। शाह ने कहा, हमने तय किया था कि 31 मार्च, 2026 से पहले पूरे देश से लाल आतंक खत्म कर देंगे। बस्तर ओलंपिक-2025 में हम इस कसर पर है। ओलंपिक-2026 के वक्त तक पूरे देश से लाल आतंक खत्म हो चुका होगा।

पाक के लिए जासूसी के आरोप में युवक गिरफ्तार

■ आईएएनएस, डिब्रूगढ़

असम में जासूसी के आरोप में वायु सेना का रिटायर्ड जवान गिरफ्तार: भाषा, तेजपुर: असम के सोनितपुर जिले में पाकिस्तानी जासूसों से कथित संपर्क के आरोप में भारतीय वायु सेना के एक रिटायर्ड जवान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिचरण बुमिन ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील दस्तावेज और अहम जानकारी भेजी थी।

खुफिया एजेंसियों के इनपुट पर की गई कार्रवाई

अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले के आलो से जासूसी के एक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। खुफिया एजेंसियों से मिली अहम जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर के एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पिछले एक सप्ताह में जासूसी के आरोप में हुई तीसरी गिरफ्तारी है।

गिरफ्तार युवक की पहचान जम्मू-कश्मीर के हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, हिलाल को 11 दिसंबर की रात करीब 11 बजे हिरासत में लिया गया। आरोप है कि वह संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां साझा कर रहा था। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंच सकता था। पकड़े जाने के बाद 12 दिसंबर की सुबह उसे ईटानगर पुलिस थाने को सौंप दिया गया। अब मामले की जांच ईटानगर पुलिस कर रही है।

संसद हमले की 24वीं बरसी, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

■ भाषा, नई दिल्ली: उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के नेतृत्व में सांसदों ने शनिवार को 2001 में संसद भवन पर आतंकवादियों के हमले के दौरान मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, किषन के नेता राहुल गांधी समेत अन्य सांसदों ने शहीदों को याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहसी नायकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।

पंकज चौधरी होंगे UP में BJP के नए अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी को जल्द ही नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। महाराजगंज से सात बार सांसद और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना तय हो गया है। शनिवार को उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

उनके मुकाबले किसी अन्य नेता ने पर्चा नहीं भरा, जिससे उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है। औपचारिक घोषणा रविवार को की जाएगी। नामांकन के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के तमाम बड़े नेता बीजेपी कार्यालय पहुंचे।

मुख्यमंत्री योगी समेत 10 प्रस्तावकों ने पंकज चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। तय समय तक कोई दूसरा नाम सामने नहीं आया, जिससे तस्वीर साफ हो गई।

एक साल से था इंतजार : करीब एक साल से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर इंतजार चल रहा था। संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया अक्टूबर से शुरू हुई थी। मार्च तक 70 जिलाध्यक्ष चुने गए, जबकि पिछले महीने 14 और जिलाध्यक्षों का चुनाव पूरा हुआ। अब नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के साथ यह प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है।

रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल पंकज चौधरी के नाम की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

शिवराज चौहान के आवास पर अचानक सुरक्षा बढ़ाई गई

■ भाषा, भोपाल : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल आवास के आसपास शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। (बीजेपी) के सूत्रों का कहना है कि यह समय-समय पर होने वाली सुरक्षा की समीक्षा के बाद एक 'नियमित' प्रक्रिया है। आवास के मुख्य गेट के बाहर एक अस्थायी टेंट लगाया गया है और व्यस्त लिंक रोड पर कई अवरोधक लगाए गए हैं जबकि इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मी भी देखे गए। घर के बाहर तैनात एक पुलिस निरीक्षक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि चौहान शुक्रवार देर रात आवास पर पहुंचे और शनिवार अपराह्न दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में अचानक बढ़ोतरी से स्थानीय राजनीतिक जगत में अटकलें लगाई जा रही हैं कि चौहान को जल्द ही बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

शिवराज चौहान

कांग्रेस ने कसा तंज- BJP नाम बदलने में है मास्टर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस ने मनरेगा कानून का नाम बदलने संबंधी विधेयक को मंत्रिमंडल से मंजूरी दिये जाने पर केंद्र सरकार पर शनिवार को निशाना साधा। कहा कि मोदी सरकार योजनाओं का नाम बदलने में 'मास्टर' है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने सवाल किया, महात्मा गांधी नाम में क्या गलत है कि सरकार को यह कदम उठाना पड़ा। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार योजनाओं और कानूनों का नाम बदलने में 'मास्टर' है। वे 'री-पैकेजिंग' और 'ब्रांडिंग' में माहिर हैं। उन्होंने कहा, वे पंडित नेहरू से नफरत करते हैं, लेकिन लगता है कि वे महात्मा गांधी से भी नफरत करते हैं।

ये समझ से परे: प्रियंका

इस प्रकरण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना समझ से परे है। शनिवार को संसद परिसर में प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मुझे समझ नहीं आ रहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे मोदी सरकार की मानसिकता क्या है?

पेंडिंग UAPA केसों की जांच का SC से आदेश

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सभी हाई कोर्ट्स को निर्देश दिया है कि वे अनलॉफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट यानी UAPA जैसे कानूनों के तहत लंबित मामलों की विस्तृत हालात की जांच करें। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में, जहां खुद को निर्दोष साबित करने का भार आरोपी पर होता है, हाई कोर्ट्स को पेंडिंग ट्रायल्स का आकलन करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से यह भी कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इन मामलों की सुनवाई के लिए जितनी विशेष अदालतें बनी हैं और सरकारी वकीलों की नियुक्ति की स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर हर दिन सुनवाई कराई जाए। ये निर्देश उस समय दिए गए जब सुप्रीम कोर्ट 2010 के झेलमेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में कोलकाता हाई कोर्ट द्वारा आरोपियों को दी गई जमानत के खिलाफ सीबीआई की याचिकाओं पर फैसला सुना रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट ने जमानत देने में गलती की थी लेकिन घटना को लंबा समय बीत जाने और आरोपियों द्वारा जमानत शर्तों का दुरुपयोग न करने को देखते हुए इस चरण पर उनकी जमानत रद्द नहीं की जा सकती। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब किसी कानून में उल्टा भार आरोपी पर होता है, तो राज्य का दायित्व और बढ़ जाता है कि वह ट्रायल तेजी से पूरा कराए।

5 साल से अधिक पुराने मामलों में रोजाना सुनवाई का निर्देश

स्कूल में बच्चों का बोझ कम करने के लिए संसद में हुई चर्चा

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि स्कूल बैग के वजन को कम करने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। इसके बाद सीबीएसई, एनसीईआरटी, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन की विशेषज्ञ कमिटी ने स्कूल बैग नीति भी बनाई और हर क्लास के स्कूल बैग के वजन की अधिकतम सीमा भी तय की गई। संसद में इस बारे में एक सवाल भी पूछा गया था, जिसके लिखित जवाब में स्कूल बैग के वजन को कम करने और देश के सभी स्कूलों के वार्षिक कैलेंडर में 10 बैगलेस (Bogless Days) के नियम को अनिवार्य रूप से शामिल करने की बात कही गई है।

शिक्षा मंत्रालय ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया है कि NBP 2020 के अनुसार प्री-प्राइमरी स्टूडेंट्स को स्कूल बैग नहीं ले जाना चाहिए।

- एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति में स्कूल बैग से जुड़े नियम बताए
- 10% ले बैग का वजह शरीर के वजन का... नियम का नहीं हो रहा पालन

अधिकतम कितना होना चाहिए बैग का वजन

- प्री प्राइमरी-बैग की जरूरत नहीं
- 1.6- 2.2 Kg पहली और दूसरी क्लास
- 1.7- 2.5 Kg तीसरी से पांचवीं क्लास
- 2-3 2-3 छठी- सातवीं क्लास
- 2.5- 4 आठवीं क्लास
- 2.5- 4.5 9वीं- 10वीं क्लास
- 3.5- 5 11वीं-12वीं क्लास किताब

'प्राइवेट स्कूलों पर रखनी होगी नज़र'

सांसद ने कहा, स्कूलों में बैगलेस डेज भी शुरू हुए हैं। यह एक अच्छी शुरुआत है और उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे स्कूल बैग का वजन कम होगा। सरकार को स्कूल बैग के वजन पर नजर भी रखनी होगी क्योंकि चंद प्राइवेट स्कूल पैसे कमाने के चक्कर में जिस प्रकार प्रकाशकों के साथ हाथ मिला लेते हैं, उसका दंड बच्चों को भारी बैग उठाकर भुगतना पड़ता है। दिल्ली पैरेंट्स असोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि स्कूल बैग का बढ़ता वजन एक गंभीर समस्या बन रहा है।

BMW केस में SC बोला- ऐसे लड़कों को सबक ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

2024 में BMW से भारी थी टक्कर

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित मुंबई BMW हिट-एंड-रन मामले में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इनको कुछ समय तक अंदर रहना चाहिए, ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि आरोपी एक संपन्न परिवार से है और उसके पिता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े से जुड़े रहे हैं। अदालत ने कहा कि यह अपनी मर्सिडीज बेंज में खड़ा करता है, BMW निकालता है, टक्कर मारता है और फरार हो जाता है। अब कुछ समय अंदर ही रहने दें। आरोपी के सीनियर वकील रेबेका जॉन ने बताया कि हाईकोर्ट ने प्रमुख गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत के लिए आवेदन करने की इजाजत दी थी।

कोर्ट का जमानत याचिका पर सुनवाई इनकार

क्या है मामला?

24 साल के मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। उस पर आरोप है कि उसने मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी BMW से एक टोपीवाला को टक्कर मार दी। इसमें 45 साल के कावेरी नाखवा की मौत हो गई और उनके पति प्रदीप नाखवा घायल हो गए। आरोप के अनुसार दुर्घटना के बाद मिहिर शाह बांद्रा-वर्ली सी लिंक की ओर तेज रफ्तार से भागा, जबकि महिला कार के बोनट पर फंसी हुई थी।

NBT खेल
संडे नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली।
14 दिसंबर 2025

ये बहुत निराशाजनक था। हजारों फैंस स्टेडियम में मौजूद थे, क्योंकि वे मेसी से प्यार करते हैं। उम्मीद है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में नहीं होंगी, जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है। उम्मीद है कि इससे लोग सबक लेंगे। -बाईचुंग भूटिया, पूर्व कप्तान, भारतीय फुटबॉल टीम

कोलकाता में हुए मिस मैनेजमेंट के बाद GOAT टूर का दूसरा चरण शांति से हुआ संपन्न, आज मुंबई में होंगे लियोन

मेसी ने हैदराबाद को किया मंत्रमुग्ध

■ एजेंसियां, हैदराबाद: लियोनेल मेसी का हैदराबाद कार्यक्रम कोलकाता में हुई अफरा-तफरी के बिल्कुल विपरीत रहा। पूरी तैयारी, सटीक योजना और अनुशासन की बदौलत GOAT इंडिया टूर का दूसरा चरण सकारात्मक नोट पर संपन्न हुआ। निजामों के शहर हैदराबाद ने यह दिखा दिया कि इतने बड़े स्तर के आयोजन को कैसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया जाता है, जबकि इससे पहले शनिवार को कोलकाता के सिटी ऑफ जॉय में मेसी का दौरा खराब भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में चूक के कारण अव्यवस्था में बदल गया था। प्रसिद्ध अर्जेंटीनी फुटबॉलर ने लगभग खचाखच भरे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहां उन्होंने अपने उन कौशलों की झलक दिखाई, जिन्होंने उन्हें इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया है।

कोलकाता में उनके तीन दिवसीय, चार शहरों के GOAT टूर 2025 के पहले चरण में हुई अराजकता के बाद, मेसी शाम करीब 5:40 बजे हैदराबाद पहुंचे। यहां उनका स्वागत तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ताज फलकनुमा पैलेस में किया। अर्जेंटीनी कप्तान जैसे ही स्टेडियम में दाखिल हुए, दर्शकों का शोर गगनभेदी हो उठा। स्टेडियम में अपने एक घंटे के प्रवास के दौरान मेसी पूरी तरह सहज नजर आए।

रोड्रिगो डी पॉल
लुईस सुआरेज
हैदराबाद में कार्यक्रम के दौरान लियोनेल मेसी

रूम नंबर 730

मेसी करीब 3 बजे सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक सड़क के दोनों तरफ फैंस मेसी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। मेसी के लिए हयात रीजेंसी होटल का कमरा नंबर 730 आरक्षित था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरा सातवां फ्लोर आरक्षित था।

प्रतिमा का अनावरण

मेसी ने इस अफरा-तफरी से पहले अपनी 70 फुट की प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। यह प्रतिमा कोलकाता के बिग बेन और डिएगो माराडोना की प्रतिमा के पास स्थित है। इस कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी मेसी से मुलाकात की।

आगे का कार्यक्रम

मेसी आज मुंबई में होंगे और कई हाई-प्रोफाइल शो में हिस्सा लेंगे। उनके कार्यक्रमों में रात में एक चैरिटी फैशन शो होगा। मेसी अपने कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में 15 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित एक खास कार्यक्रम में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे।

लियोन मेसी के कोलकाता के कार्यक्रम में दर्शकों ने मचाया उत्पात

कोलकाता मिस-मैनेजमेंट के बाद मुंबई में बड़ी सुरक्षा

मुंबई: लियोनेल मेसी के रविवार को मुंबई दौरे को देखते हुए शहर की पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम के भीतर पानी की बोतलें, धातु की वस्तुएं और सिक्के ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ने कहा कि इनके साथ ही भीड़ पर नजर रखने के लिए 'वॉच टावर' भी लगाए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की भगदड़ जैसी स्थिति से बचने और कोलकाता में हुई अव्यवस्था की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। मेसी मुंबई में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में 'पैडल जीओएटी कप' कार्यक्रम के बाद एक सेलिब्रिटी फुटबॉल मैच में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

भारतीय फुटबॉल का बुरा दौर

लियोनेल मेसी तीन दिनों के भारत दौरे पर है जिसकी शुरुआत कोलकाता से हुई। उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारतीय फुटबॉल अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। भारत फीफा वर्ल्ड रैंकिंग्स में 142वें स्थान पर खिसक गया है जो 2016 के बाद उसकी सबसे खराब रैंकिंग्स है। यही नहीं, मौजूदा सीजन का लगभग आधा समय बीत जाने के बाद बावजूद घरेलू फुटबॉल की शीर्ष प्रतियोगिता इंडियन सुपर लीग (ISL) के शुरू होने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

मेसी ने कहा, यहां आकर मुझे खुशी हुई

मेसी ने अनुवादक के माध्यम से दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप सभी द्वारा दिखाए गए प्यार और स्नेह के बीच हैदराबाद में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।' मेसी ने अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ GOAT कप पेनल्टी शूटआउट में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी फुटबॉल किट में मैदान पर नजर आए। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी खिलाड़ियों की इस तिकड़ी और मुख्यमंत्री रेड्डी के साथ सम्मान समारोह में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने बच्चों के साथ फुटबॉल क्लिनिक भी आयोजित किया, इसके बाद वे स्टेडियम से रवाना हुए।

12

विकेट लिए थे वरुण चक्रवर्ती ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2024/25 में हुई सीरीज में। यह दोनों देशों के बीच हुई एक सीरीज में किसी बॉलर द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. लियोनेल मेसी का 'G.O.A.T 2025' टूर किस शहर में खत्म होगा?
A) कोलकाता B) दिल्ली C) मुंबई D) हैदराबाद
2. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अभी तक कितने टी20I मैच खेले गए हैं?
A) 19 B) 13 C) 33 D) 35

कल के जवाब
1. D) जैकब डफी 2. C) दसवें

लकी WINNER

1. एंजेल शर्मा, पश्चिम विहार, दिल्ली
2. दिनेश शर्मा, गाजियाबाद, यूपी
3. जीतलाल गुप्ता, कोलीवाड़ा, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मुंबई-हरियाणा की भिड़ंत

■ नई दिल्ली: सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग स्टेज में आज मुंबई और हरियाणा की भिड़ंत पुणे स्थित ग्राउंड में होगी। मुंबई अपना पहला मैच हार चुकी है जबकि हरियाणा ने इस स्टेज की शुरुआत जीत के साथ की है। अन्य मैचों में आंध्र प्रदेश की टीम पंजाब का सामना करेगी। हैदराबाद और राजस्थान एक दूसरे से भिड़ेंगे।

मैं फिट हूं: ख्वाजा

■ एडिलेड: ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने एशेज के तीसरे टेस्ट से पहले खुद को पूरी तरह फिट बताया, लेकिन प्लेइंग इलेवन में जगह को चयनकर्ताओं का फैसला करार दिया। ख्वाजा ने कहा कि वह एडिलेड टेस्ट खेलने के लिए 100 प्रतिशत तैयार हैं। ब्रिसबेन टेस्ट में चोट के कारण बाहर रहे ख्वाजा को अगर मौका मिला तो उन्हें मध्यक्रम में उतरना पड़ सकता है।

फिटनेस पर है ध्यान

■ नई दिल्ली: ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि चोट के बावजूद उनका शरीर अब भी पहले जैसा मजबूत है। हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण एशेज से बाहर हुए हेजलवुड जल्द वापसी को लेकर आशावादी है। उन्होंने कहा कि वह तीनों फॉर्मेट खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और फिटनेस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

एंजर्स ने जीता मैच

■ पेरिस: फ्रेंच लीग में एंजर्स ने नांतेस को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की और अंक तालिका में टॉप-10 में जगह बनाई। एबहेली ने पेनल्टी से खाता खोला, जबकि चेरिफ ने दूसरा गोल दागा।

सीरीज के तीसरे मुकाबले में होगी शुभमान पर निगाहें

भारत vs साउथ अफ्रीका
टी20I सीरीज, धर्मशाला

आज चढ़ेगा धर्मशाला का पारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: उत्तरी भारत में तापमान हर दिन नीचे की ओर जा रहा है, लेकिन रविवार को धर्मशाला का पारा चढ़ जाएगा जब भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें सीरीज के तीसरे टी20I मुकाबले के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खूबसूरत मैदान पर आमने-सामने होंगी। सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर है, लेकिन तीसरे मुकाबले में दबाव भारत पर होगा क्योंकि टीम के कप्तान और उप-कप्तान पूरी तरह आउट ऑफ फॉर्म नजर आ रहे हैं।

बाइट बॉल चैलेंज

1 विकेट दूर है वरुण चक्रवर्ती टी20 इंटरनैशनल में 50 विकेट के आंकड़े से। वो ऐसा करने वाले 12वें भारतीय बोलर बनेंगे

इस मुकाबले में सबसे ज्यादा निगाहें शुभमान गिल की बल्लेबाजी पर होंगी। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किए गए गिल अब तक टी20 प्रारूप में अपने चयन को सही साबित नहीं कर पाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप में अब सिर्फ छह हफ्ते का समय बचा है और ऐसे में गिल के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है। गिल को सीरीज के बाकी तीन मैचों में लगातार मौके मिलने की संभावना है, लेकिन यह भरोसा प्रदर्शन से जुड़ा है।

कप्तान की फॉर्म भी खराब: धर्मशाला में 10 डिग्री से नीचे रहने वाले तापमान और धौलाधार की ठंडी हवाओं के बीच भारतीय ड्रेसिंग रूम का माहौल गर्म रहना तय है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से खराब फॉर्म भी टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि उपकप्तान गिल से भी अपेक्षित योगदान नहीं मिल पाया है। सूर्य पिछली 20 पारियों में एक भी अर्धशतक जमाने में विफल रहे हैं, जबकि उपकप्तान के लिए यह सिलसिला 17 पारियों का हो चुका है।

मजबूत है विपक्षी टीम: साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाजी इकाई पहले ही दिखा चुकी है कि वह भारतीय हालात में असरदार साबित हो सकती है। साउथ अफ्रीका की टीम मौजूदा दौर में टखमहाद्वीप में खिताब जीतने की सबसे मजबूत दावेदारों में गिनी जा रही है। क्विंटन डीकॉक की वापसी के साथ एडेन मार्करम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और ऑलराउंडर मार्को यानसेन ने उनकी बल्लेबाजी को खतरनाक गहराई दी है।

प्रैक्टिस करते शुभमान गिल

आमने-सामने

भारत जीता 19 | साउथ अफ्रीका जीता 13 | कुल मैच 33 | 1 नो रिजल्ट

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

पिच एवं मौसम

पिच बैटिंग के लिए मददगार होगी। धर्मशाला में अभी तक कुल 10 इंटरनैशनल टी20 मुकाबले खेले गए हैं। यहां टीम का ऐवरेज स्कोर 155 रहा है। इस मैदान पर साउथ अफ्रीका टीम भारत के खिलाफ 200 रन भी चेज कर चुकी है। धर्मशाला का मौसम शाम के मुकाबले के लिए ठंडा साबित होगा, जिसकी वजह से पेसर्स को सहायता मिलेगी।

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, शुभमान गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह

साउथ अफ्रीका: क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टान स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, एनरिख नॉर्त्जे

पाक के खिलाफ मैच, सूर्यवंशी पर निगाहें

भारत Vs पाकिस्तान
अंडर-19 वनडे एशिया कप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारतीय अंडर-19 टीम के सामने आज दुबई में एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की चुनौती होगी। इस मुकाबले में सबकी निगाहें वैभव सूर्यवंशी और समीर मिनहास पर होंगी। सूर्यवंशी ने भारत के लिए पहले मुकाबले में ही 171 रन की लाजवाब पारी खेली थी। इस पारी की बदौलत भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की थी। भारत ने यूएई को अपने पहले मैच में 234 रन के बड़े अंतर से हराया था। वहीं, पाकिस्तान ने समीर की नाबाद 177 रन की पारी की बदौलत मलेशिया के खिलाफ अपने पहले मैच में जीत हासिल की थी।



पहले मैच में वैभव ने 171 रन बनाए थे

पाकिस्तान का पलड़ा भारी: भारत की मौजूदा अंडर-19 टीम पाकिस्तान के खिलाफ स्कोर बराबर करने के इरादे से भी उतरेगी। दोनों एशियन टीमों के बीच पिछले तीन मुकाबले लगातार पाकिस्तान ने जीते हैं। भारत को पाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ यूथ वनडे एशिया कप में आखिरी जीत 2020 में मिली थी। उसके बाद साल 2021, 2023 और 2024 में हुए मुकाबले पाकिस्तान की टीम ने अपने नाम किए। ऐसे में भारतीय अंडर-19 टीम पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर अपना दबदबा स्थापित करना चाहेगी।

'नो-हैंडशेक' पॉलिसी यहां भी रहेगी जारी?

नजर इस बात पर होगी कि क्या भारतीय अंडर-19 टीम 'नो हैंडशेक' नीति जारी रखती है या नहीं। सीनियर मेंस और विमिंस टीम ने अपने-अपने टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ हाथ मिलाने से इनकार किया था। लेकिन जूनियर क्रिकेट के मामले में ICC राजनीति से दूरी बनाए रखना चाहता है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक अंतिम फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड BCCI को लेना है।

प्लेयर्स किसी भी क्रम पर बैटिंग को तैयार: तिलक

■ धर्मशाला: भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलापन रखने की टीम प्रबंधन की सोच का समर्थन करते हुए कहा कि मौजूदा भारतीय टीम के अधिकांश खिलाड़ी मैच की जरूरत के हिसाब से किसी भी क्रम पर उतरने के लिए तैयार हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में तिलक ने कहा कि इस फॉर्मेट में हालात के मुताबिक खुद को ढालना सबसे अहम है। उन्होंने कहा, 'ओपनर्स को छोड़कर सभी किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। मैं तीसरे से छठे नंबर तक कहीं भी खेल सकता हूं, जहां टीम को मेरी जरूरत हो। हर टीम को लगता है कि कोई फैसला रणनीति की दृष्टि से जरूरी है तो सभी उसके साथ होते हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि एक-दो मैचों के नतीजों से किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं किया जाना चाहिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

भारतीय बैटर तिलक वर्मा

टी20 वर्ल्ड कप पोस्टर देख PCB हुआ नाराज़

■ एजेंसियां, कराची: अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के टिकट बिक्री अभियान को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने ICC के सामने नाराजगी जताई है। PCB की नाराजगी का कारण प्रचार पोस्टर में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर शामिल नहीं की जाना है। PCB के सूत्र के मुताबिक इस मुद्दे को ICC के समक्ष औपचारिक रूप से उठाया गया है। पोस्टर में भारत के सूर्यकुमार यादव, साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श, श्रीलंका के दासुन शनाका और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं।

क्रिकेट कॉर्नर



SOCIAL MEDIA

पहली बार जीते हरिकेंस

होबार्ट: होबार्ट हरिकेंस ने विमिंस बिग बैश लीग (WBBL) 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल में टीम ने पर्थ स्कॉर्चर्स को आठ विकेट से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की।

उन्नति और ईशा के बीच होगी खिताबी जंग

■ कटक: शीर्ष वरीय उन्नति हुड्डा और हमवतन ईशारानी बरुआ ने शनिवार को यहां ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर विमिंस सिंगल्स फाइनल में जगह बना ली। अठारह वर्षीय हुड्डा टूर्नामेंट के 2022 चरण और 2023 अबुधाबी मास्टर्स की विजेता रह चुकी हैं। हुड्डा ने सेमीफाइनल में तसनीम मीर पर 18-21, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल में असम की ईशारानी ने तन्वी हेमंत को 18-21, 21-7, 21-7 से हराया। मेंस सिंगल्स में भारत के किरण जॉर्ज और इंडोनेशिया के मोहम्मद युसुफ के बीच फाइनल होगा।

ओडिशा मास्टर्स बैडमिंटन



उन्नति हुड्डा

रेज़ा ने 2 गोल्ड मेडल पर लगाया निशाना

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: पेरिस ओलिंपियन रेज़ा ढिल्लों ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। उन्होंने विमिंस सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में स्कीट में गोल्ड मेडल झटका। इक्कीस वर्ष की इस भारतीय शूटर ने विमिंस सीनियर के फाइनल में 56 स्कोर करके यशस्वी राठौड़ को हराया। यशस्वी ने 55 अंक के साथ सिल्वर से संतोष किया। ओलिंपियन गनीमत सेखों को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप



SOCIAL MEDIA

रेज़ा ढिल्लों

विक्टर के दो गोल से जिरोना ने दर्ज की जीत

■ एजेंसियां, मैड्रिड: यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से जिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रियल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सीजन में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर जिरोना की पहली जीत है।

लिपजिग शीर्ष की रेस में पिछड़ा: यूनियन बर्लिन के खिलाफ शनिवार को 3-1 से मिली हार के बाद आरबी लिपजिग जर्मनी की फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा में टॉप पोजिशन की रेस में पिछड़ गया है। दूसरे स्थान पर कायम लिपजिग के 29 अंक हैं, जबकि बायर्न म्यूनिख 12 जीत और 37 अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है।

फुटबॉल कॉर्नर



SOCIAL MEDIA

सिगानकोव

---

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन आप सांसारिक सुख-भोग की वस्तु पर धन खर्च करेंगे। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भी सहयोग करेंगे। यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आपके व्यापार में आज कुछ नए परिवर्तन होंगे, जिससे आगे चलकर आपको लाभ होगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपकी राशि से पंचम भाव में चंद्रमा आपके जीवन में विघ्न उत्पन्न करेगा। कार्यक्षेत्र में साथियों का सहयोग पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार मिलने के संकेत नहीं हैं। सायं 5 बजे के बाद चंद्रमा के तुला राशि में प्रवेश करने के उपरांत कुछ धैर्य बढ़ेगा, पड़ोसी सहयोग करेंगे।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज आपमें अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी एवं रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप नए-नए कार्यों की तरफ आकर्षित होंगे। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। सायंकाल के समय वाहन खराब होने से अचानक खर्चा बढ़ेगा। आप इस समय हर परिस्थिति में धैर्य और विवेक से काम लें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज आपके दिन का अधिकांश हिस्सा भागदौड़ में व्यतीत होगा। कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। आज के दिन धर्म-अध्यात्म से जुड़े कार्यों के लिए अलग से समय निकालें। आपकी बुद्धि नए-नए कार्यों की खोज करने में लगेगी। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ देंगे तो आगे चलकर आपको लाभ हो सकता है।

LEO 23 July - 22 Aug
आज कन्या का चंद्रमा आपको बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त कराएगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी परेशानी में फंसे व्यक्ति की मदद करेंगे। अपनी वाकपटुता, कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास करेंगे और उसमें सफल भी हो जाएंगे।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज राशि से द्वितीय भाव में चंद्रमा राज्य विजय कारक है। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक ऐसे अनावश्यक खर्च सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। मित्र की मदद करने में सक्षम रहेंगे। सायंकाल के बाद आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में लगेगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
अधिक परिश्रम करने के कारण आज के दिन स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। राज्य और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं, तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सब लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रशंसा करेंगे। हो सके तो आज कहीं बाहर घूमने जाएं।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन शुभ है। दिनभर धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। हालांकि सायंकाल के समय खान-पान का ध्यान रखना आवश्यक है, अन्यथा सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं। रात्रि के समय कोई शुभसमाचार मिलेगी, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
राशि से एकादश लाभ भाव में चंद्रमा धर्म-अध्यात्म में रुचि बढ़ाएगा। दिन का कुछ समय सामाजिक कार्यों में भी लगेगा। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन लाभदायक है। यदि आपका कोई विवाद कोर्ट में लंबित है, तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना रहेगी। धन का लाभ होगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर भक्ति, जप, यज्ञ, पुण्य कार्यों में लगेगा। माता-पिता का ध्यान रखें, उनका आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगा।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है। आपकी रुचि आध्यात्मिक कार्यों में रहेगी। आपके अच्छे कर्मों से खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय सगे-संबंधियों और मौज-मस्ती में बीतेगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज के दिन आपको फिजूल की चिंता से छुटकारा मिलेगा। हालांकि मानसिक अशांति एवं उत्तेजना के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी पदोन्नति होने वाली है तो आश्चर्य प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में अड़चन आएगी, जिसे आप अपनी वाकपटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको स्वर्ण पाद से प्रवेश कर रहा है। वर्ष के स्वामी मंगल, बुध दो ग्रह बने हैं। मंगल भूमि का स्वामी, बुद्धिमान, साहसी, अग्नि, सुव्यवस्थापक ग्रह है, जिसको बुध का सान्निध्य बौद्धिक गुणों वाला, कुशल व्यापारी भी बना देता है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 तक घरेलू सुख साधन, वाहन, मकान प्राप्ति के प्रबल योग हैं। इस दौरान आपका जीवन स्तर में सुधार होगा। फरवरी महीने में अकारण विरोधी आपके सामने परेशानी पैदा करने का प्रयास करेंगे। इस वर्ष मार्च-अप्रैल में किसी मांगलिक कार्य का अनुष्ठान अथवा प्रतिष्ठात्मक कार्य भी आपके परिवार में होंगे। मई महीने में रोग-ऋण से मुक्ति मिलेगी। जून में निकट संबंधी आपके इर्द-गिर्द घूमेंगे। जुलाई महीने में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है। अगस्त-सितंबर महीने के अंत तक आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा। अक्टूबर में स्थायी व अस्थायी व्यापार का विस्तार एवं धार्मिक स्थानों पर पर्यटन का योग है। नवंबर में विशेष अच्छे परिणामों के लिए रविवार को स्नान करते समय बाथरूम की नाली में 50 ग्राम शक्कर डाल दें।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(सोमवार, 15 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 24, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण एकादशी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 1, जमादि उलआखिर 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 15 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। एकादशी तिथि रात्रि 9 बजकर 20 मिनट तक उपरांत द्वादशी तिथि का आरंभ। चित्रा नक्षत्र पूर्वाह्न 11 बजकर 9 मिनट तक उपरांत स्वाति नक्षत्र का आरंभ। शोभन योग मध्याह्न 12 बजकर 30 मिनट तक उपरांत अतिगण्ड योग का आरंभ। वणिज करण प्रातः 8 बजकर 4 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा।

आज के व्रत और त्योहार

श्री पार्श्वनाथ जयंती।

सुडोकू

		6	9		1			
	8	3	2					
						2	1	
7				6		9	2	
8			5		4			6
	6	9		2				1
	2	7						
					2	4	9	
			4		5	7		

TELEVISION



big magic

09:00	डबलू डबलू	13:30	भ से भड़े
10:00	बंदबुध बुड़बक	14:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00	रुद्र के रक्षक	15:00	लिटिल कृष्णा
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00	डबलू डबलू
12:30	हम पांच	19:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00	रुद्र के रक्षक		

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: vinay.vashisht Time: 12-13-2025 22:18 Color:

DGCA ने वो 4 अफसर हटाए, जो 'टीम' में थे ही नहीं, अब उठे सवाल

एक इंस्पेक्टर कैंसर से पीड़ित, कुछ दिन पहले कर चुके थे रिज़ाइन

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: इंडिगो संकट के बीच DGCA द्वारा 11 दिसंबर को फ्लाइट ऑपरेशंस से जुड़े चार सीनियर इंस्पेक्टरों को हटाए जाने के मामले में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन अधिकारियों को हटाया गया, उनमें से एक साउथ दिल्ली में रहने वाले फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (FOI) कैप्टन अनिल कुमार पोखरियाल कैंसर से जूझ रहे हैं और पिछले डेढ़ महीने से बार-बार अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्होंने कुछ समय पहले ही खुद रिजाइन दे दिया था और वे इंडिगो से जुड़े किसी भी काम को नहीं देख रहे थे।

इसके बावजूद DGCA ने बिना उचित जांच किए, उनका नाम भी हटाए गए अधिकारियों की लिस्ट में डाल दिया। इस बारे में जब DGCA के एक सीनियर अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में पता किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक कैप्टन ऋषिराज चटर्जी, कैप्टन सीमा झामनानी, कैप्टन अनिल कुमार पोखरियाल और कैप्टन प्रियाम कौशिक उस विंग का हिस्सा ही नहीं थे जो इंडिगो के लिए लागू FDTL (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस) नियमों की मॉनिटरिंग कर रही थी। यह चारों तो केवल सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट (SMB) के तौर पर DGCA में काम कर रहे थे।



24 घंटे में नोटिस के बाद हुई थी बर्खास्तगी

सूत्रों ने बताया कि इंडिगो से जुड़ा मामला 2 दिसंबर को सामने आया लेकिन 10 दिसंबर की शाम 7 बजे तक DGCA चीफ फैज अहमद किदवई या किसी सीनियर अधिकारी ने इन चारों FOI से कोई बातचीत नहीं की। अचानक 10 दिसंबर शाम 7 बजे कारण बताओ नोटिस दिए गए और बिना उनका पक्ष सुने 11 दिसंबर की शाम 7 बजे उन्हें DGCA से रिलीव कर मूल एयरलाइंस में वापस भेजने का आदेश दे दिया गया। उन्हें सफाई देने का भी मौका नहीं मिला। चारों FOI कॉन्ट्रैक्ट पर DGCA में थे और अन्य एयरलाइंस/कंपनियों से आए थे। सूत्रों का कहना है कि यह पूरा कदम DGCA के कुछ सीनियर अधिकारियों की लापरवाही छिपाने के लिए उठाया गया ताकि नीचे के अधिकारियों पर कार्रवाई कर मामला शांत किया जा सके।

जानकारों ने बताया कि FDTL नियमों की निगरानी के लिए DGCA में एक अलग टीम बनाई गई थी। इसमें तीन अधिकारी तैनात थे लेकिन न तो उनका नाम सामने आया और न ही इन पर कोई कार्रवाई हुई। इसके उलट जिन चार FOI को हटाया गया, उनकी भूमिका रेगुलर के ऑपरेशन से जुड़ी सूचनाएं इंडिगो से लेकर DGCA तक पहुंचाने और DGCA के आदेश इंडिगो को बताने तक सीमित थी। उन्हें कभी भी पायलटों की संख्या या FDTL अनुपालन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।

इंडिगो लीडरशिप पर होगा ऐक्शन।

इंडिगो संकट मामले में डीजीसीए की कार्रवाई के बाद अब एयरलाइन की टॉप लीडरशिप पर भी ऐक्शन की संभावना बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक डीजीसीए को कई गंभीर खामियां मिली हैं, जिनसे साफ होता है कि संकट की जड़ें अंदर ही अंदर गहराती रहीं और मैनेजमेंट समय रहते इन्हें समझ नहीं पाया। इसलिए इंडिगो के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) इसिद्रो पोर्केरास ओरिया को हटाया जा सकता है। इंडिगो के COO के तौर पर नवंबर 2024 में स्पेन के इसिद्रो ने जिम्मेदारी संभाली थी। पायलटों के साथ पहली डायरेक्ट मीटिंग में उन्होंने साफ कहा था कि वे यहां दोस्त बनाने नहीं, बिजनेस करने आए हैं। उनके आने के बाद कई बड़े बदलाव हुए, जो सिस्टम के खिलाफ साबित हुए। पायलटों और क्रू की हेल्प टीम से डायरेक्ट बात कर समस्याओं का समाधान करने की प्रक्रिया खत्म कर दी गई और इसकी जगह चैटबॉट ने ले ली। इससे समस्याओं का तुरंत समाधान मिलना बंद हो गया। इसके बाद रोस्टर सिस्टम बदला गया, जिससे नाइट स्टे और ड्यूटी बढ़ने लगी।

गोवा में दो बड़े नाइट क्लब सील

■ भाषा, पणजी

गोवा में 6 दिसंबर को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने राज्यभर में बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में वागातोर इलाके में दो प्रमुख नाइट क्लबों को नियमों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। अरब सागर के किनारे स्थित मशहूर नाइट क्लब 'कैफे सीओ-2 गोवा' को शनिवार को सील किया गया। इससे दो दिन पहले 'गोवा क्लब' को भी नियमों के उल्लंघन के कारण बंद किया जा चुका था। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त टीम ने 'सीओ-2 गोवा' का जायजा लिया और पाया कि करीब 250 लोगों की क्षमता वाले इस क्लब के पास फायर और इमर्जेंसी सर्विस डिपार्टमेंट का एनओसी नहीं था। एक अधिकारी के मुताबिक क्लब की स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी में भी खामी मिली और निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण किया गया था। इसके चलते इसे सील करने का फैसला लिया गया। 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब हादसे की जांच कर रही पुलिस अब तक क्लब के मैनेजर और कर्मचारियों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और उसके भाई गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया है। हादसे के बाद गोवा सरकार ने सभी पर्यटन और मनोरंजन स्थलों के लिए कड़े सुरक्षा नियम लागू किए हैं। इनमें आतिशबाजी पर पूरी तरह बैन लगाना शामिल है।

नियमों के उल्लंघन के बाद लिया गया ऐक्शन

गोवा में 6 दिसंबर को हुए नाइट क्लब हादसे में गई थी 25 की जान

SBI: लोन और FD पर घटाई ब्याज दरें

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन से लेकर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) तक सभी पर ब्याज दरें घटा दी हैं। नई दरें अगले हफ्ते सोमवार से लागू होंगी। यह कदम उस समय उठाया गया है, जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट घटाकर 5.5% से 5.25% कर दिया था। फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में भी कमी की गई है। बैंक ने अपनी खास 444 दिनों की 'अमृत वृष्टि' एफडी स्कीम पर भी ब्याज दर घटाकर 6.60% से 6.45 % कर दी है। नई दरें लागू होने से ग्राहकों को लोन सस्ता मिलेगा, जबकि एफडी पर मिलने वाला रिटर्न थोड़ा घट जाएगा।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 किस वीजा पर फीस के विरोध में अमेरिका के 19 राज्यों ने राष्ट्रपति ट्रंप पर केस किया है?
A. H-1B वीजा B. गोल्डन वीजा C. B-1H वीजा

2 UP BJP अध्यक्ष के लिए एक ही उम्मीदवार ने पर्चा भरा है, उनका नाम?
A. पवन चौधरी B. पंकज चौधरी C. पवन गुप्ता

3 इनमें से किस स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनेल मैसी के कोलकाता कार्यक्रम के दौरान अफरातफरी मची?
A. सॉल्ट लेक स्टेडियम B. श्री कांतीरवा स्टेडियम C. JLN स्टेडियम

4 तिरुवनंतपुरम नगर निकाय चुनाव में किस पार्टी ने जीत दर्ज की?
A. कांग्रेस B. LDF C. BJP

5 ईरान में पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को गिरफ्तार किया गया है, उनका नाम?
A. नरिया कोरिना मचाडो B. नरगिस मोहम्मदी C. निहोन हिदानक्यो

कल के जवाब
A1 A. थाईलैंड A2 A. अमन जैन A3 C.पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना A4 C. अर्जेंटीना A5 C. रणवीर सिंह

लकी विनर्स

1. मुकुंद लाल, नई दिल्ली
2. मनोज कुमार, नई दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

सवाल मन का

बंद कमरे या बंद जगहों से डर लगता है, इस डर से निकलने के लिए क्या करूं?



शरीर की बीमारी के लिए तो हम डॉक्टर के पास चले जाते हैं लेकिन मन की परेशानी के लिए मन के डॉक्टर या साइकॉलजिस्ट के पास जाने में झिझक होती है। इसलिए संडे एनबीटी के इस कॉलम में रीडर्स खुलकर अपने मन की उलझनों के बारे में सवाल पूछ सकते हैं। जाने-माने एक्सपर्ट्स उनका जवाब देंगे। आज आपके सवालों के जवाब दे रहे हैं कंसल्टेंट सायकायट्रिस्ट डॉ. गुलबहार सिद्धू

■ मैं 58 साल की हूं। बचपन में हुई एक घटना के बाद से मुझे बंद कमरे या ऐसी जगह जाने से डर लगता है। ऐसा लगता है कि जैसे मेरा दम घुट रहा हो। पिछले दो साल से थोड़े कसे हुए कपड़ों में भी घुटन होती है और उन्हें पहनने से भी डर लगने लगा है। ये दोनों डर मेरे दिल और दिमाग पर बहुत हावी होते जा रहे हैं। क्या करूं? -एक पाठिका

आपकी ओर से बताई गई समस्याएं दो तरह की हैं। पहली, बचपन में हुई घटना की वजह से बंद कमरे या ऐसी जगह से बाहर न निकल पाने का डर, जिसे Agoraphobia (एगोरोफोबिया) कहा जाता है। कहीं दूर तक पैदल चलने में डर लगना भी Agoraphobia का लक्षण है। दूसरी परेशानी, बंद कमरे या जगह पर जाने से घबराहट होना, जिसे Panic Attack का लक्षण कहा जाता है। इसका मतलब है घबराहट। Panic Attack में मरीज कई शारीरिक लक्षण महसूस करता है, जैसे: डर की वजह से सांसें तेज होना, ऑक्सीजन की कमी महसूस होना, दिल की धड़कन बढ़ना, चक्कर आने जैसा लगना, पसीना आना आदि। अक्सर Agoraphobia और Panic Attacks साथ-साथ पाए जाते हैं। इसी के इलाज के लिए पहले कुछ मेडिकल टेस्ट किए जाते हैं, जैसे: ब्लड टेस्ट, छाती का एक्स-रे, ECG, जिसमें Panic Attack के लक्षणों के पीछे मेडिकल कारणों को देखा जाता है। अगर इन सभी मेडिकल टेस्ट की रिपोर्ट्स ठीक हों तो आपको अपने नजदीकी मनोचिकित्सक से सलाह लेकर कुछ दवाइयां शुरू करनी होंगी। ये दवाइयां कुछ हफ्तों तक नियमित रूप से लेनी पड़ती हैं। इसके साथ-साथ साइकोथेरपी के सेशंस भी दिए जाएंगे, जिसमें आपको घबराहट और डर को कंट्रोल करने के तरीके सिखाए जाएंगे। सही इलाज से कुछ हफ्तों में आप अपने डर को हराकर सामान्य जीवन जी सकेंगी। ध्यान रखें कि कोई भी दवा मनोचिकित्सक की सलाह के बिना न लें।

■ मैं 30 साल का हूं। पांच साल पहले मैंने अच्छी नौकरी छोड़कर अपना बिजनेस शुरू करने की कोशिश की, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सका। धीरे-धीरे एकांत में रहने की आदत हो गई है। अब किसी से बात करने का मन नहीं करता। कृपया कोई उपाय बताएं। -एक पाठक

आपके द्वारा बताई समस्या डिप्रेशन की ओर इशारा करती है। इसमें घबराने वाली कोई बात नहीं। दूसरी बीमारियों की तरह डिप्रेशन भी ठीक होने वाली एक मन की बीमारी है, जिसमें मन लगातार उदास रहता है, बात करने का मन नहीं करता, कोई भी काम अच्छा नहीं लगता, नेगेटिव विचार आते हैं, रोने का मन होता है, गुस्सा आने लगता है। इनका मुख्य कारण दिमाग की कोशिकाओं में मौजूद रसायनों का असंतुलन होता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग समय रहते इसका इलाज नहीं करवाते, जिससे हालात और खराब होते जाते हैं। जिस तरह से किसी दूसरी बीमारी में इलाज कराया जाता है, ठीक वैसे ही इसका भी उपचार कराना चाहिए और उपचार से समस्या का हल मुमकिन है। डिप्रेशन के इलाज के दो तरीके हैं। पहला दवाएं, जिन्हें Anti-Depressants कहा जाता है। ये दवाइयां मस्तिष्क के रसायनों का असंतुलन ठीक करती हैं। इनकी आदत नहीं पड़ती और ये सुरक्षित होती हैं। इन्हें डॉक्टर की सलाह से ही लेना चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि दवाओं का जो कोर्स डॉक्टर ने बताया हो उसे पूरा किया जाए। अक्सर मरीज कुछ राहत मिलने पर दवाएं बीच में छोड़ देते हैं। इससे इलाज पूरा नहीं हो पाता और समस्या फिर से सामने आ सकती है। डिप्रेशन के इलाज का दूसरा तरीका साइकोथेरपी है। इसमें मरीज अपने नेगेटिव विचारों को पहचानकर उन्हें बदलने के तरीके सीखता है। 5-7 सेशन के बाद सुधार आने लगता है। साफ है कि जिस समस्या से आप जूझ रहे हैं उसका उपचार संभव है।

मन की उलझन

हमें ऐसे भेजें अपने सवाल

यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आपके मन में कोई उलझन हो या मेंटल हेल्थ से जुड़ा कोई सवाल हो तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें। चुने हुए सवालों पर एक्सपर्ट्स से बात करके जवाब पब्लिश किए जाएंगे।

*नियम व शर्तें लागू। रचनात्मक दृश्यीकरण। दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं मानक फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। कागज पर प्रिंटिंग के कारण कार का रंग भिन्न हो सकता है। चित्र उदाहरण के उद्देश्य से उपयोग किए जाते हैं। मारुति सुजुकी को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय ऑफर वापस लेने का अधिकार है। ऑफर स्टॉक समाप्त होने तक वैध है। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडल्स और चुनिंदा राज्यों में वैध है। शहर मॉडल और वेरिएंट के आधार पर ऑफर भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस करना पूरी तरह फाइनेंसर के शर्तों पर होगा।

SOUTH DELHI: SARITA VIHAR, ROHAN MOTORS: 9717396682, 9999700155 | **KIRTI NAGAR**, AAA VEHICLEADES: 9205584642, 8448591644 | **WEST DELHI: DWARKA**, SEC- 14 PREM: 7065003344, **DWARKA, SEC- 28** MAGIC AUTO: 9910690463 | **MOTI NAGAR**, MAGIC AUTO: 9971391122, 9717690037, 9910690463 | **MAYAPURI**, SHREYASH: 8929022858 | **NORTH DELHI: MUNDKA**, JAGMOHAN: 9254028602, 9254026412 | **BADLI**, COMPETENT AUTOMOBILES: 8860121213, TR SAWHNEY: 9999399124 | **PRASHANT VIHAR**, RANA MOTORS: 9643408595, 9205553234 | **GTK**, RANA MOTORS: 858885043, SAYA AUTO: 9560568162, 8368178332 | **EAST DELHI: KONDLI**, FAIR DEAL WHEELS PVT. LTD. : 9911259288 | **GHAZIPUR**, SINGLA LINK : 8130491405 | **GURUGRAM:** PREM MOTORS: 7065003344,7065003552, MAGIC AUTO : 9812347676, TR SAWHNEY MOTORS PVT. LTD. 9654545421, RANA MOTORS: 9289775172, 9899965993, VIPUL MOTORS:8750752827, COMPETENT AUTOMOBILES: 9999412934, PASCO AUTOMOBILES: 9650790278, SWASTIK MOTOCORP. 9896635599 | **FARIDABAD:** TCS AND ASSOCIATES: 9350849935,8929122829 AUTONATION: 7290032434, 7290032430, FAIR DEAL PREMIUM WHEELS: 8860088696, VIPUL MOTORS: 9599825916,9354333966 | **MANESAR:** PLATINUM : 9953345018 | **REWARI:** DINCO: 7082100425 ,7082100283, 7082100119 | **PALWAL:** ROHAN MOTORS: 8930203004, 8595941385 | **SOHNA:** PASCO: 8572091010 | **GREATER NOIDA:** ROHAN MOTORS: 7065331010, 7011788643, VIPUL MOTORS: 8510009814, RANA MOTORS : 9953610583, 9873400885 | **NOIDA:** ROHAN MOTORS: 7065862020, 7827539660, FAIR DEAL PREMIUM WHEELS : 8860088696, MAGIC AUTO : 9654151313, VIPUL MOTORS: 8287604721,8510009814, DEV MOTORS:9897412151 | **GHAZIABAD:** ROHAN MOTORS: 7011650249, 9540615999, REGENT AUTOLINK: 7303287612, TR SAWHNEY MOTORS PVT. LTD.: 9717583675,9999399125, MOTORCRAFT SALES: 8130828700, SNV: 9811003972, GLOBUS: 8929422710 | **BULANDSHAHAR:** SKU: 7456004978 | **DADRI:** RANA MOTORS: 9899400492 | **HAPUR:** ROHAN MOTORS: 87006 44859, 8802890860.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4 Time: 12-13-2025 20:51 Color:



3/4 BHK APARTMENTS & PENTHOUSES

STARTING FROM ₹5.95 CR* 9717003006

FULLY-FITTED HOMES WITH ULTRA-LUXURY SPECIFICATIONS:

65% open area | Sprawling club house | Customizable payment plan

Vicinity Features:

* In the vicinity of Ambience Mall, The Leela Ambience Hotel, Cyber City, IGI Airport, Park/Manipal Hospital, Northcap University. Fun n Food Village SEZ & Tau Devi Lal Smriti Udhayan-One of the largest parks in Gurugram.

* Corporates like Sapient, Aricent, Interglobe, Indigo, NIIT, RBS, Cognizant, Genpact, TCS, Ciena Corp. USA, Hughes, Polaris, Wipro Ltd., AVL, HCL technologies.

Visit us at : http://www.linkedin.com/company/ambiencegroup/ www.facebook.com/ambiencegroup www.x.com/ambiencegroupin https://www.instagram.com/ambiencegroup_in?igsh=aTUxYmVjcjl3cHNu

Home loan available from leading banks

SBI | HDFC BANK | Punjab & Sind Bank | J&K Bank | NO GST APPLICABLE



GYMNASIUM

PICKLEBALL COURT



RECEPTION

Ambience Group: L-4 Green Park Extension, New Delhi-110016. Email:sales@ambiencecreacions.com | www.ambiencecreacions.com

Disclaimer: The Ambience Creacions project, for which the OC has been received, offers configurations of 2/3/4 BHK apartments and penthouses, is being constructed in a residential plotted colony (Haryana RERA Number 318 of 2017 dated 17.10.2017 - Registered by AMBIENCE PROJECTS AND INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED) admeasuring about 14.819 acres and the building plans appeved vide Memo No. ZP-864/SD(BS)/2016/28300 dated 29.12.16 and is situated in Sector 22, Gurugram in the Revenue Estate of Village Mullahera, Tehsil Gurugram, District Gurugram, State Haryana. The image shown in this advertisement is to give an idea of manner of utilisation of the constructed space and is not a legally enforceable offering, moveable items shown are not part of the offering. Travel time given is subjective, estimated and based on completion of work. The provision of social infrastructure and other amenities will be as per approved plans and all designated areas and community facilities are owned and managed by the company / nominated agency and are likely to become functional subject to the occupancy of the entire project under license. This advertisement is not a legal offering and does not form a part of any agreement or legal binding on the part of the company. The price mentioned is subject to change without notice. *T&C Apply, Pricing is indicative in nature. Loan arrangement from leading banks is subject to eligibility. 1 acre = 4840 square yards or 4046.873 square meters. 1 square meter = 10.76 square feet. CIN: U70101DL2010PTC209128.
For more information please visit Haryana Rera Website: https://haryanarera.gov.in/admincontrol/registered_projects/2

Haryana RERA Number 318 of 2017 | www.haryanarera.gov.in

SCAN HERE

*T&C APPLIED

NBT
Front Page-2
रात्रे नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली 14 दिसंबर 2025

NBT AI टाइम मशीन

जब साउथ पोल पर पड़े थे इंसानी कदम

आज ही के दिन नॉर्वे के एक्सप्लोरर रोआल्ड अमुडसेन साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इस रेस में उनकी टक्कर ब्रिटेन के रॉबर्ट फाल्कन स्कॉट की टीम से थी। अमुडसेन ने ये रेस जीत ली। उन्होंने डॉग स्लेड्स (कुत्ते द्वारा खींचे जाने वाली गाड़िया) का इस्तेमाल किया, जो बर्फीले रास्तों के लिए बहुत कारगर थी। अमुडसेन पहले ऐसे व्यक्ति भी थे जो उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव दोनों पर पहुंचे थे।

भविष्य में पर्यटन संभव लेकिन लिमिट में

ChatGPT के अनुसार, अंटार्क्टिका का भविष्य दो मुख्य आधारों पर टिका है- महान वैज्ञानिक रिसर्च और पर्यावरण संरक्षण। यह महाद्वीप ग्लोबल वॉर्मिंग और समुद्र के स्तर पर बर्फ पिघलने के असर को समझने के लिए दुनियाभर के वैज्ञानिकों का केंद्र बना रहेगा। कुछ दशकों में साउथ पोल पर पर्यटन तेजी से बढ़ा है, जिससे प्रदूषण और वन्यजीवों की अशांति का खतरा बढ़ गया है। भविष्य में पर्यटन गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कड़े नियम लागू किए जाएंगे।

AI Image

H-1B वीज़ा की फीस पर ट्रंप के खिलाफ अदालत में केस

■ भाषा, न्यू यॉर्क

AI Image

- अमेरिका के 19 राज्यों ने बताया गैरकानूनी, अदालत पहुंचे
- कहा, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में श्रमिकों की कमी बढ़ जाएगी
- फीस को प्रवासियों को निशाना बनाने वाली क्रूरता बताया

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप H-1B वीजा आवेदनों पर 1 लाख डॉलर की फीस लगाने के फैसले को लेकर फिर घिर गए हैं। इस बार, अमेरिका के ही 19 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को गैरकानूनी बताया है और ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। राज्यों ने चेताया है कि इस कदम से स्वास्थ्य, शिक्षा और टेक्नॉलजी जैसे जरूरी क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी और भी बढ़ जाएगी।

न्यू यॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने 18 अन्य अटॉर्नी जनरल के साथ मैसाचुसेट्स के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में केस दायर किया। उन्होंने कानूनी अधिकार या उचित प्रक्रिया के बिना H-1B फीस में भारी बढ़ोतरी किए जाने को चुनौती दी है। तर्क दिया है कि नई फीस उन सरकारी और गैर-लाभकारी नियोक्ताओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर देगा जो जरूरी सेवाओं के लिए H-1B वीजा धारकों पर निर्भर हैं।

जेम्स ने कहा, शासन की इस अवैध कोशिश से न्यू यॉर्क वासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं हासिल करना मुश्किल हो जाएगा, बच्चों की शिक्षा बाधित होगी और इकॉनमी को नुकसान होगा। उन्होंने ट्रंप की घोषित की गई इस फीस को प्रवासी समुदायों को निशाना बनाने वाली अव्यवस्था और क्रूरता बताया है।

भारत पर 50% टैरिफ खत्म हो, प्रस्ताव पेश

अमेरिका के तीन नामी सांसदों ने ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50% टैरिफ को खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि भारत के प्रति इस गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे यह भारत-यूएस की अहम साझेदारी कमजोर पड़ेगी। नॉर्थ कैरोलाइना की प्रतिनिधि डेबोरा रॉस, टेक्सास के प्रतिनिधि मार्क वेसी और इलिनॉय के प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को संसद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर 50 फीसदी तक शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50% का टैरिफ लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इलिनॉय के प्रतिनिधि कृष्णमूर्ति ने कहा, अमेरिकी हितों या सुरक्षा को बढ़ावा देने के बजाय ये टैरिफ सप्लाई चेन को बाधित करते हैं। अमेरिकी वर्कर्स को नुकसान पहुंचाते हैं और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ाते हैं। अमेरिका इन हानिकारक टैरिफ को खत्म करके भारत के साथ हमारी साझा आर्थिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होगा। वहीं, नॉर्थ कैरोलाइना की प्रतिनिधि रॉस ने कहा, 'व्यापार, निवेश और विविधतापूर्ण भारतीय-अमेरिकी समुदाय के जरिए नॉर्थ कैरोलाइना की इकॉनमी भारत से गहराई से जुड़ी हुई है।'

थाइलैंड-कंबोडिया की लड़ाई जारी

■ एपी, सूरिन: थाइलैंड और कंबोडिया की सीमा पर शनिवार सुबह भी लड़ाई जारी रही। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की थी कि उन्होंने दोनों देशों से युद्धविराम की सहमति ले ली है। थाइलैंड के अधिकारियों ने कहा है कि वे युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हैं, और कंबोडिया ने ट्रंप के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी ईरान में अरेस्ट

नोबेल कमिटी ने ईरान से पूछा, कहां हैं नरगिस

■ एपी, तेहरान

नरगिस मोहम्मदी।

ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी उनके नाम से बनी नरगिस फाउंडेशन ने दी है। फाउंडेशन के अनुसार, नरगिस (53) को ईरान के मशहद शहर में हिरासत में लिया गया। समर्थकों का दावा है कि वह खोसरो अलीकोर्दी की शोक सभा में शामिल होने गई थीं। अलीकोर्दी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। उनकी मौत के हालात स्पष्ट नहीं हैं। दावा है कि नरगिस के साथ कई और कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

कमिटी ने नरगिस की गिरफ्तारी पर चिंता जताई

नोबेल कमिटी ने इस गिरफ्तारी पर कहा है कि वह नरगिस की क्रूर गिरफ्तारी से बेहद चिंतित है। कमिटी ने ईरानी अधिकारियों से मांग की है कि वे तुरंत यह साफ करें कि मोहम्मदी कहां हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें और उन्हें बिना किसी शर्त के रिहा करें। इस मामले पर ईरान सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

नोबेल कमिटी के बयान में कहा गया, नरगिस को दी गई धमकियां साफ संकेत देती हैं कि उनकी सुरक्षा खतरे में है।

नरगिस मोहम्मदी को ईरान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष के लिए 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। वह महसा अमीनी की मौत के बाद हुए देशव्यापी प्रदर्शनों की खुलकर समर्थक रही हैं। 2021 से तेहरान की एविन जेल में बंद थी और उन्हें जल्द ही वापस जेल जाना था, जहां वह कई मामलों में दी गई सजाओं को काट रही हैं। दिसंबर 2024 में उन्हें स्वास्थ्य कारणों से तीन हफ्तों के लिए अस्थायी तौर पर जेल से रिहा किया गया था।

SPEED News

सा. अफ्रीका के डरबन में स्थित भारतीय

कस्बे रेडविलफ में चार मंजिला मंदिर ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई। अहोबिलम मंदिर एक गुफा की तरह बनाया गया था।

इंडोनेशिया के सुमात्रा में आई बाढ़ और

भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो गई है। 218 लोगों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

रूस के सारातोव में ड्रोन हमले में दो लोगों

की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक आवासीय इमारत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

बांग्लादेश चुनाव को लेकर कूटनीतिक तैयारी पर ज़ोर

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बांग्लादेश में फरवरी में चुनाव होने जा रहे हैं। पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों और उसके बाद के घटनाक्रम में वहां की राजनीति काफी बदली है। हालात का असर भारत पर भी पड़ा है, क्योंकि बांग्लादेश अहम पड़ोसी है। शेख हसीना इस समय भारत में हैं और उनकी पार्टी अवामी लीग पर बैन लगा हुआ है। मुकाबला पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी, जमात-ए-इस्लामी और छात्रों की एनसीपी पार्टी के गठबंधन के बीच है। चुनाव से पहले और दौरान हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे हालात और संवेदनशील हो गए हैं। भारत साफ कर चुका है कि वह बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव चाहता है।

भारत में बांग्लादेश की पूर्व उच्चायुक्त रेवा गंगुली दास का कहना है कि मौजूदा हालात भारत के हित में नहीं हैं। ऐसे में भारत को सभी पक्षों से संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि चाहे जो भी सरकार बने, भारत बातचीत की स्थिति में रहे। उनका कहना है कि अभी से कूटनीतिक तैयारी करना जरूरी है। एक ही दिन चुनाव और जनमत संग्रह होने से सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी कई चुनौतियां हैं।

रास्ता में कोई भी आए, पहले से तैयारी जरूरी: एक्सपर्ट

7 साल बाद लौटेंगे बांग्लादेश खालिदा जिया के बेटे

खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान कई साल बाद 25 दिसंबर को बांग्लादेश लौट रहे हैं। उनकी वापसी को चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। भारत इन सभी घटनाओं पर करीबी नजर बनाए हुए है। जानकारों का मानना है कि भारत इस बार किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहता और पिछले साल जैसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए पहले से सतर्क रहना चाहता है।

Intelligent Honda SENSING (ADAS) | LaneWatch Camera™ | 7-SPEED CVT (with Paddle Shifters) | Fun to Drive i-VTEC Engine | Standard 6 Airbags | FREE 7 YEAR UNLIMITED KM WARRANTY*

Visit Nearest Honda Dealership
Call +91 73034 61122 | www.hondacarindia.com

10 YEAR ANYTIME WARRANTY | GOVT. APPROVED CNG RETROFITMENT KIT AVAILABLE* | AVAIL SCRAPPAGE BENEFITS | SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL | SCAN TO TALK TO OUR EXPERT

*Ex-showroom price (New Delhi) in lakh & up to two decimal points. *TOTAL BENEFITS: T&C Apply. Amount includes applicable cash, exchange, corporate, extended warranty or any other applicable offer/ benefits. Available for limited period on select model and in select cities. Stock without benefits is also available. *FREE EXTENDED WARRANTY: Valid on select model. Standard 3 Year Warranty + Extended coverage for 4th to 7th Year from the date of purchase. *10 year Anytime Warranty: Extendable up to the maximum age of 10 years or 120000 kilometers by renewing every year and is applicable from the date of purchase of car. Please refer owner's manual and Warranty Document for more details. *CNG: Govt. approved CNG retrofitment kit is provided by third party. CNG Kit warranty and any other related terms and conditions are applicable as specified by third party. Applicable on select models only. Black glass appearance on vehicle is due to lighting effect. Actual vehicle color, features, and specifications may vary from those shown and might not be part of standard fitment. Please check the availability of grades, colors, features, and offers at authorized dealerships. Honda Cars India Limited reserves the right to change or withdraw any colour, grade, feature, offers/ scheme or benefits without any prior notice. Scrappage benefits applicable on select models subject to receipt of valid certificate of deposit issued by RVSF. Honda SENSING (ADAS) cannot substitute human acumen and vigilance while driving. Honda Cars India Limited urges drivers to follow traffic rules which are meant to keep them safe on roads. For more information, please visit our authorized dealership or www.hondacarindia.com. For corporate sales enquiry please write to corporatesales@hondacarindia.com.

AUTHORISED DEALERSHIPS CENTRAL DELHI: Ring Road Honda Connaught Place - 9891946042, EAST DELHI: Iconic Honda Patparganj – 9289063907, 7065008205, NORTH DELHI: Courtesy Honda Wazirpur - 9910995836, 9717993611, Cherish Honda Rohini – 8255008008, SOUTH DELHI: Crown Honda Mathura Road - 7428496151, Courtesy Honda Okhla - 9711042928, 7290042391, Samara Honda Lajpat Nagar - 011-46555111, 8826143300, WEST DELHI: Samara Honda Mayapuri - 011-45656565,9717556161 , Ring Road Honda: Peeragarhi - 9910035789, 011-45520000, Moti Nagar - 9911332218, 9718993647, Dwarka - 9211929696, 9911323149, GURUGRAM: Ring Road Honda MG Road, - 8860634325, 9643320215, Sector-18 - 8376906990, 9643335971, Frontier Honda Sohna Road - 8657588907, 9999000768, Iconic Honda – Sector 14 -7557323232, 8929600217, NOIDA: Ace Honda Sector 11, Noida - 0120-4000400, 9999673820/50, Crown Honda Sector 63, Noida - 0120-4700000, 8527995500, FARIDABAD: Classic Honda Main Mathura Road - 0129-4097007, 7428390952, GHAZIABAD: Crown Honda Vaishali - 9810028116, 0120-4363000, Ghaziabad - 9599293870, REWARI: Pace Honda - 8222991310, BHIWADI: Landmark Honda - 7574826574, SONIPAT: Malwa Honda - 9467800912, 9467800902, HAPUR: Platinum Honda - 7088911111, MEERUT: Platinum Honda – 7088911111.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-13-2025 23:16 Color:

नई दिल्ली > रविवार, 14 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 23, शक संवत 1947, पौष कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 21, संख्या 50 > पेज 28* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* सांडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स संडे



फैंस का प्यार-सत्कार

आयोजकों को दुत्कार

हाहाकार, अत्याचार

कार्यक्रम के आयोजक गिरफ्तार, CM ममता बनर्जी ने दिया जांच का आदेश

Photos: PTI

मेसी के सम्मान में कोलकाता में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई गई। उनके प्रशंसक शुक्रवार आधी रात से उनकी एक झलक पाने और स्वागत के लिए जगह-जगह मौजूद थे।

साल्ट लेक स्टेडियम से मेसी के समय से पहले निकलने की खबर फैलते ही दर्शकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कुर्सियां तोड़ी, प्रायोजक बैनर और होर्डिंग भी फाड़ दिए।

बड़ी संख्या में स्टेडियम में नाराज लोगों ने सीटें तोड़ दीं। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ने की भी कोशिश की। इसके कुछ मिनट बाद ही सैकड़ों नाराज दर्शक मैदान में उतर आए।

कोलकाता में MESSI

मेसी शनिवार को कोलकाता पहुंचे। प्रशंसक उन्हें ठीक से देख नहीं पाए। इससे अफरातफरी मच गई।

कोलकाता के बाद मेसी हैदराबाद पहुंचे। उन्होंने फुटबॉल खेलने के साथ ही लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात भी की। मेसी ने राहुल को अर्जेंटीना फुटबॉल टीम की जर्सी दी।

■ पीटीआई, कोलकाता

फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कोलकाता कार्यक्रम के दौरान साल्ट लेक स्टेडियम में अफरातफरी मच गई। इस वजह से अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता कैप्टन को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शताद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अफरातफरी के बाद यह कार्रवाई की गई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने हाई लेवल जांच के आदेश दिए। साथ ही फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी को देखने से चूक गए प्रशंसकों से माफी मांगी। फुटबॉल के दीवानों के लिए जो जीवन का सबसे सुखद पल हो सकता था, वह एक तरह से बुरी याद में बदल गया। बड़ी रकम खर्च कर टिकट खरीदने के बावजूद हजारों प्रशंसकों अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक नहीं मिल पाई। इससे निराश होकर उन्होंने साल्ट लेक स्टेडियम के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। स्टेडियम में लगभग 50,000 दर्शक मौजूद थे। मैदान पर मेसी के कदम रखते ही वह आयोजकों, मशहूर हस्तियों और सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में घिर गए। इससे गैलरी में बैठे दर्शक एक झलक पाने के लिए तरसते रह गए। ▸▸ पेज 16

मेसी की झलक पाने के लिए 50 हजार दर्शक मौजूद थे

कल दिल्ली में रहेंगे मेसी, आज होगी कांग्रेस की रैली। ट्रैफिक पर होगा असर ▸▸ पेज 6, 11

14 दिसंबर तक नैशनल हैंडीक्राफ्ट वीक मनाया जा रहा है। हम रोज यहां एक देसी आर्ट पेश कर रहे हैं।

ढोकरा आर्ट

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोकधातु कला है, जिसमें मोम तकनीक से आदिवासी आकृतियां और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं।

बेड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब डेंगू का टेस्ट कराने और पुष्टि के बाद बुखार की वजह से मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो...

बेड डॉक्टर: हर दिन टेस्ट कराकर देखना है कि प्लेटलेट्स नीचे तो नहीं जा रहे। 4-5 ऐंटिबायोटिक्स दे रहा हूं। इन्हें जरूर लेना है। मुमकिन है प्लेटलेट्स चढ़ाने की नौबत भी जल्द ही आ जाए। इसलिए अभी तैयारी करके रखो।

गुड डॉक्टर: ज्यादातर डेंगू के मरीज खुद ही ठीक हो जाते हैं। 1000 में 1 को ही गंभीर परेशानी होती है। हर दिन टेस्ट की जरूरत नहीं। नंबर होने पर ही दोबारा टेस्ट जरूरी है। पानी पीते रहें और सिर्फ पैरासिटामॉल लें।

डॉ. संजय राय, प्रफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, AIIMS

मौसम

अधिकतम तापमान 25.5°

8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय रविवार 5:26 | सूर्यास्त सोमवार 7:06

कश्मीर के ऊंचे इलाकों में 13 से 17 दिसंबर तक बर्फबारी की संभावना

सीजन में पहली बार GRAP-4, घना कोहरा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण ने एक बार फिर सारे इंतजामों को फेल कर दिया। शनिवार को प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ा कि कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने सुबह GRAP-3 लागू किया। शाम होते-होते उसे GRAP-4 लागू करना पड़ा। इस साल पहली बार GRAP-4 की पाबंदियां लागू की गई हैं। शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा भी छाया।

CAQM ने सुबह 9 बजे के आसपास GRAP-3 लागू किया। शाम 6 बजे मीटिंग के बाद GRAP-4 लागू कर दिया गया। CAQM ने बताया कि शाम 4 बजे AQI 431 था। 6 बजे यह 441 हो गया। प्रदूषण को कम करने में मौसम साथ नहीं दे रहा है।

कोहरे को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट ने किया अलर्ट ▸▸ पेज 10

सुबह GRAP-3, शाम को GRAP-4

PTI

किन-किन कामों पर रहेंगी पाबंदियां...

- जरूरी सामान छोड़कर बाकी ट्रकों की एंट्री बैन, इलेक्ट्रिक, CNG और डीजल के BS-VI ट्रकों को छूट
- छोटे पब्लिक प्रोजेक्ट के निर्माण पर बैन, पहली से छठी और 11वीं क्लास हाइब्रिड मोड पर
- स्कूलों, ऑफिसों में 50% कर्मचारी कर सकेंगे वर्क फ्रॉम होम। BS-4 डीजल, BS-3 पेट्रोल गाड़ियों पर रोक

केरल: कांग्रेस की जीत, BJP का सरप्राइज

PTI

तिरुवनंतपुरम में उत्साह में समर्थक।

तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में BJP-NDA को मिला जनादेश केरल की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण है। BJP कार्यकर्ताओं का आभार। -नरेन्द्र मोदी, पीएम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन UDF केरल स्थानीय निकाय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। सत्ता में काबिज LDF क्षेत्रों को कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लुभाने की कोशिश में नाकाम रहा। परिणामों से UDF को लेकर जनमत में बदलाव दिखा। BJP की अगुआई में NDA ने LDF और UDF को चौंकाते हुए केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नगर निकाय में जीत दर्ज की। उसने CPM की अगुआई वाले LDF को शिकस्त देकर निगम पर लगातार 45 वर्षों के लेफ्ट के शासन का अंत कर दिया। ▸▸ पेज 15

पंकज चौधरी होंगे यूपी बीजेपी के नए अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी यूपी बीजेपी के नए अध्यक्ष होंगे। उन्होंने शनिवार को नामांकन दाखिल किया, जबकि उनके मुकाबले किसी और ने पर्चा नहीं भरा। ऐसे में उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 10 नेताओं ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। उनके नाम का औपचारिक ऐलान रविवार को लखनऊ में किया जाएगा। ▸▸ पेज 15

मकोका में ऐक्शन

गैंग के सरगना, गुर्गे को उम्रकैद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की अदालत ने शनिवार को संगीन अपराधों में शामिल लगरपुरिया गैंग के सरगना विकास गुलिया उर्फ लगरपुरिया और गुर्गे धीरपाल उर्फ काना को मकोका के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने कहा कि सुधार का सिद्धांत सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जो सुधार के लिए तैयार हों। नरमदिल से ज्यादा हमदर्दी दिखाने से कानून से लोगों का भरोसा कम होगा। ▸▸ पेज 3

संडे स्पेशल

जस्ट जिंदगी पेज 13

- रुटीन का रस्ता और शानदार खानपान जो बढ़ा देगा इम्यूनिटी

स्पेशल स्टोरी पेज 12

- डिजिटल अरेस्ट के खौफ से खुद को ऐसे बचाएं

जिम्मेदारी किसकी? CEO पर कार्रवाई की संभावना कम, छुट्टियों में कटौती बनी संकट की वजह

इंडिगो: टॉप लीडरशिप पर सरकार की नज़र, हटाए जा सकते हैं COO

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: इंडिगो में हालिया फ्लाइट संकट मामले में डीजीसीए के बाद सरकार का इंडिगो की टॉप लीडरशिप पर भी ऐक्शन हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में CEO पीटर एल्बर्स पर कार्रवाई की संभावना कम है, लेकिन चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर COO इसिद्रो पोर्केरस ओरिया पर गाज गिर सकती है। बताया जा रहा है कि संकट अचानक नहीं आया, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रबंधन की अनदेखी इसका कारण बनी। पायलटों की छुट्टियों में कटौती, रोस्टर सिस्टम में बदलाव, पैटर्नेट व्यवस्था और क्रू की समस्याएं हल न होने से असंतोष बढ़ा। ▸▸ पेज 17

File

नवंबर से उड़ानों में देरी, रद्द होने का सिलसिला शुरू हुआ था।

रिजाइन कर चुके अधिकारी पर कार्रवाई

DGCA ने चार फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर्स को नौकरी से हटाया था। इनमें से एक कैप्टन अनिल पोखरियाल वैचार से जूझ रहे थे और कई दिनों से अस्पताल में थे। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए खुद ही कई दिनों पहले रिजाइन कर दिया था। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा कि मामले में सारी जानकारी ली जाएगी।

जब आपको एहसास हो जाए कि
आप उनके बेटर हाफ़ नहीं, बराबर के साथी हो...
समझो आपको मिल गया अपना प्लैटिनम डे ऑफ़ लव

ख़ुशी के इस पल को यादगार बनाएं प्लैटिनम लव बैंड्स के साथ, जो 95% शुद्ध प्लैटिनम से बने हैं.
एक ऐसा अनमोल मेटल जिसमें है सितारों का अंश. यही ख़ूबियां इसको बनाये नायाब. बिल्कुल आपके प्यार की तरह.

आपका प्यार है नायाब. बिलकुल प्लैटिनम जैसा.

नई कलेक्शन प्रति बैंड ₹50,000 से शुरू।
अब स्टोर्स में उपलब्ध।

PLATINUM LOVE BANDS

Look for ₹950 - a mark of purity and an assurance of 95% pure platinum. For an assured buyback, ask for a platinum purity assurance card with your platinum jewellery purchase. /PlatinumDaysOfLove | To find your nearest store, visit www.platinumdaysoflove.com

PGI Authorised Retailers: Delhi: Defence Colony: Joyalukkas 24333343 | Dwarka: Indriya 69651282 | Kalyan Jewellers 66103531 | Laxmi Narayan Jewellers 45537500 | Senco Gold & Diamonds 45091775 | ORRA 7208984150 | Malabar Gold & Diamonds 61340395 | Greater Kailash: Navrattan Jewellers 41632520 | Karol Bagh: Indriya 8657970861 | Joyalukkas 25722777 | Kalyan Jewellers 66103534 | Malabar Gold & Diamonds 39400916 | Lajpat Nagar: Gandaram and Sons Jewellers 9811675235 | Senco Gold & Diamonds 42414500 | Lalchnd Jewellers 45769564 | Pitampura: Kalyan Jewellers 66103533 | Malabar Gold & Diamonds 47071916 | Senco Gold & Diamonds 45521185 | Reliance Jewels 47046213 | Preet Vihar: Kalyan Jewellers 66103535 | Senco Gold & Diamonds 41041418 | Reliance Jewels 42151306 | Malabar Gold & Diamonds 22040916 | ORRA 8510071115 | Rajouri Garden: Indriya 49983420 | Kalyan Jewellers 07942954267 | Senco Gold & Diamonds 9147174001 | South Extension 1: Malabar Gold & Diamonds 40041916 | Senco Gold & Diamonds 47523894 | ORRA 9321704078 | South Extension 2: Kalyan Jewellers 66103532 | Vasant Kunj: ORRA 7208984151 | Tagore Garden: ORRA 8976979068 | Pacific Mall: ORRA 8976979068 | DLF Promenade Mall: ORRA 7208984151 | Green Park: Jairolia Gems & Jewellery 9971147405 | Noida | Sector 18: Joyalukkas 2510916 | Kalyan Jewellers 66103557 | Malabar Gold & Diamonds 4241916 | Manohar Lal Jewellers 4223333 | ORRA 8510022286 | Senco Gold & Diamonds 4307805 | Reliance Jewels 4331004 | DLF Mall Of India: ORRA 7400496272 | Gaur City Mall: Kalyan Jewellers 8448276933 | ORRA 8591432484 | Faridabad | Nehru Ground: Manohar Lal Jewellers 2422333 | Ghaziabad | Ambedkar Road: Malabar Gold & Diamonds 7994435386 | Rajmahal Jewellers 4317674 | North India Mall: Senco Gold & Diamonds 4230206 | ORRA 7400496169 | Nehru Nagar: Kalyan Jewellers 661035 | Gurugram | Gold Souk: Joyalukkas 2577455 | Kalyan Jewellers 42577455 | Malabar Gold & Diamonds 2573916 | Reliance Jewels 4206405 | ORRA 9555581706 | Senco Gold & Diamonds 4277014 | MG Road: Kalyan Jewellers 61343646 | Senco Gold & Diamonds 4273502 | Malabar Gold & Diamonds 4240003

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4 Time: 12-13-2025 20:51 Color:

RERA REGISTRATION NO.: P52900054767
Developer: Domilis Estate LLP | Project: Yoganand
www.maharera.maharashtra.gov.in

PLOTS NEAR MOPA INTERNATIONAL AIRPORT NORTH GOA

INVITE APPLICATIONS FOR FREEHOLD RESIDENTIAL PLOTS

(UNDER AFFORDABLE RESIDENTIAL PLOTTING SCHEME & MAHARASHTRA TOURISM POLICY 2024, GOVERNMENT OF MAHARASHTRA)

PROJECT NAMELY YOG ANAND

DODAMARG, GOA-MAHARASHTRA BORDER

REGISTERED RERA
RERA REGISTRATION NO.: P52900054767
www.maharera.maharashtra.gov.in
RERA REGISTERED

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Pay Rs. 21,000/- for Registration

Amount is Refundable in case of non Allocation

33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित
पंजीकरण के लिए मात्र 51 प्लॉट ही उपलब्ध

IMPORTANT DATES

Last Date of Registration
14th December 2025
Register before scheme ends*

Plot Allotment Date
16th December 2025

33% RESERVED FOR WOMEN AND GOVERNMENT EMPLOYEES
ONLY 30 PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION

Plot Size (Sq. Yd.)	Plot Size (Sq. Mtr.)	Rate Per Sq. Yd.	Registration Amount	10% Within 7 Days	40% Within 30 Days	50% On Possession	Total Cost
358.8	300	₹ 27,000	₹ 21,000	₹ 9,47,760	₹ 38,75,040	₹ 48,43,800	₹ 96,87,600

* Any other charges levied by the Govt. extra

Nearby Development

MOPA International Airport

Upcoming Aero-City

Upcoming International Cricket Stadium

Entertainment Zone

Proposed Metro-Rail

Advantages

- 103 Acres Gated Township
- Mopa, Dabolim, Chipi, Belgaum Airport Nearby
- Surrounded By Magnificent Mountains, Beautiful Stream
- Thivim, Karmali, Kudal, Pernem Railway Station Nearby
- Maharashtra Industrial Development Corporation (MIDC) Aadali at 10 Km from the site
- Mapusa (Goa), Banda, Maharashtra, Panaji, Goa, Sawantwadi, Maharashtra, Belgaum, Karnataka, All North Goa Industrial Belt

Amenities

Gated Community | 3-Tier Security | Club Resort | shopping Complex | Temple | Playgrounds | Fresh Water Supply | Swimming Pool | Badminton Court | Gym Equipments

For Online Registration
www.plotsonlineregistration.com
HELPLINE No. +91-78381 06999

SCAN TO REGISTER

Disclaimer: Promoter urges every applicant to inspect the project site and, therefore, requests to make personal judgment prior to submitting an application for allotment. Unless otherwise stated, all the images, visuals, materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representations of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. #Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1 sq. mt. = 1.196 sq. yd. RERA Registration No. P52900055557 dated 02-04-2024.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 12-13-2025 22:19 Color:

18 मामलों में शामिल आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : हत्या समेत 18 मामलों में शामिल बदायूं के हिस्ट्रीशीटर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कबीर नगर बाबरपुर निवासी शमशेर उर्फ अच्छे मियां (45) के तौर पर हुई है। उसके पास से कट्टा, कारतूस, लूट और चोरी के दो मोबाइल और बाइक बरामद हुए हैं।

पुलिस ने कट्टा, कारतूस, चोरी के मोबाइल किए बरामद

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 11 दिसंबर की रात करीब 12:40 बजे दिल्ली-सहारनपुर हाइवे फ्लाईओवर के नीचे, किशन कुंज झुग्गियों के पास गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध शख्स को बाइक पर आते देखा। संदेह होने पर उसे रोका गया और तलाशी ली गई। आरोपी के कब्जे से एक कट्टा और तीन कारतूस बरामद हुए।

ऑटो लिफ्टर से 6 टूवीलर बरामद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साउथ डिस्ट्रिक्ट की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने सोनू कुमार उर्फ अंडा (42) को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 6 टूवीलर और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने चोरी के आठ मामले सुलझाने का दावा किया है।

पुलिस ने आठ केस सुलझाने का किया दावा

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गाड़ी चोरी की बढ़ती वारदात को देखते हुए इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम को जांच का जिम्मा सौंपा गया। कई घटनास्थल की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इस दौरान एक संदिग्ध युवक टीम की रडार पर आया।

95 लाख की चोरी में दो आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मायापुरी: वेस्ट दिल्ली के मायापुरी इलाके में हुई 95 लाख से ज्यादा की चोरी में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मायापुरी पुलिस ने इन्हें राजस्थान और हरियाणा में रेड डालकर पकड़ा है।

मायापुरी में 7 दिसंबर की देर रात लाखों की चोरी हुई थी

डीसीपी शरद भास्कर ने बताया कि मायापुरी में रहने वाले एयर इंडिया के रिटायर्ड ऑफिसर के घर 7 दिसंबर की देर रात लाखों की चोरी हुई थी।

लगरपुरिया गैंग के सरगना और एक गुर्गे को उम्रकैद की सज़ा

'हमदर्दी दिखा गलत सज़ा देने से सिस्टम को होगा नुकसान'

Prachi.Yadav
@timesofindia.com



- विकास लगरपुरिया और धीरपाल उर्फ काना से जुड़े मामले में द्वारका की विशेष अदालत ने की टिप्पणी
- अदालत ने दोनों पर तीन-तीन लाख का जुर्माना भी लगाया है, मकोका के तहत दोनों को ठहराया था दोषी

■ नई दिल्ली: हत्या, फिरौती, डकैती, घर में जबरन घुसने और धमकाने जैसे संगीन अपराधों के 12 से ज्यादा मामलों में आरोपी विकास गुलिया उर्फ विकास लगरपुरिया और धीरपाल उर्फ काना को द्वारका की एक विशेष अदालत ने मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) के तहत अपराध का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। शनिवार को सजा पर आदेश जारी करते हुए अदालत ने दोनों दोषियों पर 3-3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अडिशनल सेशन जज (स्पेशल जज) वंदना जैन ने सजा पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने 10 दिसंबर को नजफगढ़ थाना पुलिस द्वारा वर्ष 2015 में दर्ज मकोका केस में दोनों को दोषी ठहराया था। अभियोजन की ओर से अडिशनल पीपी विनेंद्र सिंह खत्री ने जबकि बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट अनिरुद्ध यादव ने अपनी दलीलें रखीं। अभियोजन ने दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। बचाव पक्ष ने पारिवारिक जिम्मेदारियों और एक मामले में अपील लंबित होने के आधार पर सजा में नरमी की गुहार लगाई। अदालत ने कहा कि सुधार का सिद्धांत केवल उन्हीं अपराधियों पर लागू किया जा सकता है जो सुधार के लिए तैयार हों।

जरूरत से ज्यादा हमदर्दी दिखाते हुए गलत सजा देने से पब्लिक सिस्टम को नुकसान होगा और कानून पर लोगों का भरोसा कम होगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सजा तय करते समय अपराध के अनुपात, सामाजिक रोकथाम की आवश्यकता और सुधार की संभावना के बीच संतुलन जरूरी है। अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों के आधार पर माना कि हिसार सिविल लाइंस थाने में दर्ज एक मामले के अलावा, दोनों दोषियों पर जबरन वसूली, डकैती, हत्या की कोशिश, दंगा, सरकारी कर्मचारियों को उनके काम में बाधा डालना, गैरकानूनी सभा, अवैध हथियार रखने और जानलेवा हथियारों के इस्तेमाल जैसे गंभीर आरोप हैं। लंबित मामलों से यह साबित होता है कि वे एक संगठित अपराध गिरोह चला रहे थे। अदालत ने पाया कि दोषियों का आतंक इतना था कि आम लोग उनके खिलाफ गवाही देने से डरते थे। हालांकि, अदालत ने सभी परिस्थितियों पर विचार करने के बाद यह भी कहा कि यह मामला 'दुर्लभ से दुर्लभतम' की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: vivek.kumar4 Time: 12-13-2025 20:51 Color:

RC/REP/HARERA/GGM/936/668/2025/39
https://haryanarera.gov.in/

GROUP HOUSING POLICY

UNDER HARYANA DEVELOPMENT AND REGULATION OF URBAN AREAS ACT 1975

APPROVED RERA APPROVED

APPLICATIONS INVITED FOR HIGH RISE APARTMENTS AT SECTOR-95, DWARKA EXPRESSWAY, GURUGRAM



LOAN AVAILABLE UPTO 75%

REGISTRATION AMOUNT ₹21,000

3 BHK @ ₹1.57cr

BANG ON DWARKA EXPRESSWAY

Important Dates: REGISTER TODAY

आवंटन तिथि (Unit Allocation Starts From)
WEDNESDAY, 17TH December 2025

S.No.	Floors	Area in (Sq. Ft.)	Area in (Sq. Mtr.)	On Allotment	10% Within 5 Days	15% Within 30 Days after BBA	75% as per CLP Plan	Total Cost
1	20th-22nd	1410	130.9933	₹ 500,000.00	₹ 1,073,842.00	₹ 2,360,763.00	₹ 11,803,815.00	₹ 15,738,420.00
2	28th-29th	1410	130.9933	₹ 500,000.00	₹ 1,073,842.00	₹ 2,360,763.00	₹ 11,803,815.00	₹ 15,738,420.00
3	3rd-4th	1559	144.8358	₹ 500,000.00	₹ 1,271,335.80	₹ 2,657,003.70	₹ 13,285,018.50	₹ 17,713,358.00
4	13th-30th	1559	144.8358	₹ 500,000.00	₹ 1,240,155.80	₹ 2,610,233.70	₹ 13,051,168.50	₹ 17,401,558.00

**BBA to be executed after successful Allocation | GST and Possession Charges as Applicable

AMENITIES *

*Artistic Impression

Terrace Café | Indoor Sports Zone | Swimming Pool | Fitness & Wellness | Multipurpose Hall | Doorstep Delivery | Attendant on Call | Senior Living | Medical Support

IN CLOSE PROXIMITY TO

Dwarka Expressway | IMT Manesar | Reputed Schools | Hospitals | Railway Station | Shopping Mall | Metro Station | Airport

Registration Amount is Refundable for Unsuccessful Applicants

Scan with Google Lens & Register

Bank Loan Available :

punjab national bank | HDFC BANK We understand your world | ICICI Bank | केनरा बैंक Canara Bank

For Online Registration :

www.haryanagrouphousing.org

Helpline No.:

+91-73773 78558

Disclaimer: The Promoter urges every applicant to inspect the project site and shall not merely rely upon any architectural impression, plan, sales, brochure, advertisements, representation, statements of whatsoever nature' and, therefore, requests to make personal judgement prior to submitting an application for allotment. unless otherwise stated, all the images, visuals materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representation of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. 75 mtr meter road Location is there as per master plan approved by Government of Haryana. All flats are height of 11 feet Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1sq.mt. = 10.7639 sq.ft.. BBA to be executed.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 12-13-2025 22:16 Color:

9 आरोपियों को पकड़ा

होटल के कमरे से चल रहा था साइबर स्कैम

Vishal.sharma3
@timesofindia.com

AI image

- अकाउंट में 5 दिन के अंदर 5 करोड़ की 10,423 ट्रांजैक्शन
- पुलिस ने द्वारका के एक होटल में रेड कर सिंडिकेट का किया खुलासा

■ **नई दिल्ली:** इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (IFSO) ने देशभर में साइबर फ्राड्स सिंडिकेट के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान महाराष्ट्र के पालघर निवासी सुल्तान सलीम शेख, बेंगलुरू निवासी सईद अहमद चौधरी, महाराष्ट्र के भिवंडी निवासी सतीश कुमार, शाहदरा निवासी तुषार मालिया, झड़ौदा कला निवासी शिवम, बेगमपुर निवासी सुनील, राजस्थान के डिडवाना निवासी प्रभु दयाल, राजस्थान निवासी तरुण शर्मा और नागौर निवासी सुरेश कुमार कुमावत के तौर पर हुई है। ये बैंक अकाउंट का मिसयूज करते थे। पता चला कि आरोपियों के खोले गए बैंक अकाउंट में 10,423 ट्रांजैक्शन किए गए। जिसमें 5.24 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग हुई। उनके पास से 12 मोबाइल फोन मिले हैं, जिनमें साइबर फ्राड्स सिंडिकेट के सदस्यों के साथ आपत्तिजनक चैट और बातचीत, कई चेकबुक, डेबिट कार्ड, बैंक डॉक्यूमेंट और बेंगलुरु पुलिस द्वारा जारी नोटिस की एक कॉपी मिली है। पुलिस हवाला ऑपरेटर और विदेश में बैठे दूसरे मास्टरमाइंड समेत उनके दूसरे साथियों की तलाश कर रही है।

IFSO डीसीपी विनीत कुमार के मुताबिक, 26 नवंबर को टीम को एक इनपुट मिला था कि कुछ लोग द्वारका के एक होटल से साइबर-फ्रॉड का गिरोह चला रहे हैं। इस जानकारी पर एसीपी विवेकानंद के सुपरविजन में इंस्पेक्टर देवेंद्र, W/SI नितेश, SI मंजीत, कपिल, ASI नीरज, अजीत, HC करमपाल, अभिषेक, Ct.जितेंद्र, अनिल राज और अन्य ने होटल में रेड मारकर 4 लोगों को पकड़ा।

इनकी पहचान सुल्तान सलीम शेख, सईद अहमद चौधरी, तुषार मालिया और सतीश कुमार के तौर पर हुई। इन्होंने बताया कि वे किसी दूसरे सस्पेक्ट के कहने पर साइबर-फ्रॉड के लिए बैंक अकाउंट दे रहे थे। पुलिस से बचने के लिए अक्सर जगह बदलते रहते थे। इसके बाद सिंडिकेट के शिवम, सुनील, प्रभु दयाल, तरुण शर्मा और सुरेश कुमार कुमावत को गिरफ्तार किया गया।

82 साल की बुजुर्ग से ठगे थे ₹1.16 करोड़, 3 अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट कर वारदात को दिया था अंजाम

एक 82 साल की बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने एक करोड़ 16 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने जांच की तो इसके तार बिहार और हिमाचल प्रदेश से जुड़े मिले। महिला से जिस एनजीओ के बैंक खाते में रकम ट्रांसफर करवाई गई थी, वो नैशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) में दर्ज 32 शिकायतों से जुड़ा था।

करीब 24 करोड़ रुपये की ठगी की रकम इस अकाउंट में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने बिहार के नालंदा निवासी प्रभाकर कुमार (27), वैशाली निवासी रुपेश कुमार सिंह (37) और हिमाचल के सिरमौर जिले के देवराज (46) को अरेस्ट किया है।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, शिकायतकर्ता 82 साल के एक सीनियर सिटीजन को पुलिस अफसर बताते हुए गिरफ्तारी का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर सुभाष चंद्रा, एसआई जगमीर सिंह, हेड कॉन्स्टेबल गौरव और मेहित की टीम ने जांच में पाया कि एक करोड़ 10 लाख हिमाचल के एनजीओ के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। इस अकाउंट को बिहार के पटना में बैठे ठग ऑपरेट कर रहे थे।

स्कूलों के स्टोर रूम में लगी आग

■ **NBT न्यूज, मधु विहार:** मधु विहार इलाके में एक प्राइवेट स्कूल की बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से पर बने स्टोर रूम में शनिवार शाम में आग लग गई। कंट्रोल रूम को मामले की सूचना दी गई। करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं दूसरी ओर ईस्ट दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के स्टोर में भी शनिवार शाम अचानक आग लगी। हालांकि इसमें किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है।

क्र.सं.	स्थान	नुक्कड़ नाटक/ गली नाटक की तिथि	साइबर जागरूकता पर व्याख्यान की तिथि	पंजीकरण की तिथि व समय (रविवार को छोड़कर)
1.	मदर मैरी स्कूल, मयूर विहार फेज–1, सहकारिता मार्ग, दिल्ली–110091	05.01.2026	06.01.2026	15.12.2025 से 26.12.2025 प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक निर्धारित स्थल पर आएं।
2.	गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जे.जे. कॉलोनी नं. 2, नांगलोई, दिल्ली–110041	06.01.2026	07.01.2026	
3.	सर्वोदय को–एड विद्यालय, एफ–ब्लॉक, बुध नगर, इंद्रपुरी, दिल्ली–110012	07.01.2026	08.01.2026	
4.	गवर्मेंट सर्वोदय को–एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर–6, आर.के.पुरम, दिल्ली–110022	08.01.2026	09.01.2026	

विशेष कार्यक्रम : महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक तथा साइबर जागरूकता पर व्याख्यान

24x7 विशेष महिला हेल्पलाइन नं. 1091/7835075012

साइबर क्राइम होने पर करें 1930

ऑनलाइन पंजीकरण हेतु www.spuwac.in पर जाएं

DP/6027/2025

हमें फॉलो करें @DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @Delhi.Police_official @DelhiPoliceofficial delhiPoliceofficial

पुलिस आयुक्त, दिल्ली की ई–मेल: cpdelhi@delhipolice.gov.in | पुलिस आयुक्त, दिल्ली को लिखें : पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली

तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112 | जानकारी साझा करने के लिए 14547 पर कॉल करें

PP-MO-IN-0507, 07-10-2025
Issued in Public Interest by Eli Lilly, India
© 2025 Eli Lilly and Company

Disclaimers
The content provided herein is intended solely for health awareness and educational purposes and should be used responsibly and ethically. The content does not promote, advertise, or endorse any specific product, treatment or brand and is solely intended to raise awareness. The content is not a substitute for medical advice, diagnosis or treatment nor should it be construed as medical guidance or a treatment recommendation. Always consult a qualified healthcare professional before making any health-related decisions. While every effort has been made to ensure accuracy of this content, medical knowledge and guidelines are continually evolving. Eli Lilly makes no representations or warranties regarding the completeness or accuracy of this content and shall not be liable for any consequences, losses, injuries or damages, direct or indirect, arising from the use, misuse, misinterpretation or inaccurate application of such content.
For adverse events and safety reporting, please reach out to in_gpv@lilly.com For any additional information related to Lilly products, please reach out to: queries_in.medinfo@lilly.com.
For further information about Lilly and Lilly products please contact us at the below address: Plot 92, Sector 32 Gurgaon, Haryana, 122001, India Ph.: +91-124-4753000/01 | www.lilly.com/in

References:

1. Obesity and overweight, WHO, 1 March 2024, ESI Obesity Guidelines Indian Journal of Endocrinology and Metabolism [Volume 26 | Issue 4 | July-August 2022.
2. Hall KD, Kahan S. Maintenance of lost weight and long-term management of obesity. Med Clin North Am. 2018;102(1):183-197
3. Melby CL, Paris HL, Foright RM, Pruh J. Attenuating the biologic drive for weight regain following weight loss: must what goes down always go back up? Nutrients. 2017;9(5):468
4. Horn DB, Almandoz JP, Look M. What is clinically relevant weight loss for your patients and how can it be achieved? A narrative review. Postgrad Med. 2022;134(4):359-375. doi:10.1080/00325481.2022.2051366
5. Albano G, Rowlands K, Baciadonna L, Cioca DL, Cardi V. Interpersonal difficulties in obesity: a systematic review and meta-analysis to inform a rejection sensitivity-based model. Neurosci Biobehav Rev. 2019;107:846-861.doi: 10.1016/j.neubiorev.2019.09.039
6. Ochner CN, Barrios DM, Lee CD, P-Sunyer FX. Biological mechanisms that promote weight regain following weight loss in obese humans. Physiol Behav. 2013;120:106-113.
7. Eunice Kennedy Shriver National Institute of Child Health and Human Development. What causes obesity & overweight? Reviewed July 26, 2021. Accessed August 5, 2024.
8. National Heart, Lung, and Blood Institute Overweight and obesity: treatment US Department of Health and Human Services. Updated March 24, 2022. Accessed October 8, 2024. https://www.nhlbi.nih.gov/health/overweight-and-obesity/treatment
9. Greenway FL. Physiological adaptations to weight loss and factors favouring weight regain. Int J Obes (Lond). 2015;39(8):1188-1196.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 12-13-2025 21:59 Color:

तिहाड़ को शिफ्ट करने पर हो रहा विचार: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार तिहाड़ जेल को शहर से बाहर ले जाने पर विचार कर रही है, जो वर्तमान में वेस्ट दिल्ली के हरि नगर इलाके में है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को बाराखंबा रोड पर होटल 'द ललित' में इस बात का खुलासा किया, जहां आयोजित एक कार्यक्रम में वह चीफ गेस्ट थीं। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स (SILF) ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के मौके पर SILF मिडिएशन सेंटर का उद्घाटन किया है, जिसका मकसद मध्यस्थता- प्रौद्योगिकी और संस्थागत सुधारों के माध्यम से न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नीति-निर्माता, जज और विधि जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी भी शामिल हुए।

SILF के कार्यक्रम में पहुंचीं रेखा गुप्ता ने किया ऐलान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जब तक न्याय की सुगमता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक जीवन की सुगमता संभव नहीं है। सीएम ने कहा कि हम अतिरिक्त कोर्ट ब्लॉक और कोर्टरूम के निर्माण, फास्ट-ट्रैक अदालतें बनाने और तिहाड़ जेल को दिल्ली के बाहरी इलाके में ट्रांसफर करने की दिशा में काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को कम परेशानी हो और न्याय तक पहुंच का दायरा बढ़े। SILF के 25 साल पूरे होने पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने स्व. अरुण जेटली के योगदान को याद किया।

SILF के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा, हमने हाल ही में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर अपनी नई बिल्डिंग पूरी की है, जहां दो डेडिकेटेड स्पेस हैं। यह एक निःशुल्क, गैर-मुकदमेबाजी कंसल्टेंसी सर्विस होगी। मुख्यमंत्री ने निया मोदी, ज्योति सागर, शार्दुल श्रॉफ, वी. लक्ष्मीकुमारन, दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस तेजस कारिया, कानून मंत्रालय में अपर सचिव डॉ. मनोज कुमार और लूथरा एंड लूथरा लॉ फर्म के संस्थापक राजीव लूथरा को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

कल मेसी दिल्ली में, थ्री लेयर में होगी सिक्योरिटी

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी 15 दिसंबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आने वाले हैं। वहीं शनिवार को कोलकाता में कार्यक्रम के दौरान हुए हंगामा के बाद दिल्ली पुलिस ज्यादा अलर्ट हो गई है। यहां कोलकाता जैसे हालात न बने, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि उन्हें अरुण जेटली स्टेडियम में पहले से आईपीएल और टी-20 जैसे इंटरनेशनल क्रिकेट कार्यक्रम कराने का अनुभव है। इस कारण उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होगी। हालांकि मेसी को देखने के लिए अरुण जेटली स्टेडियम में हजारों की संख्या में उनके फैन्स आने वाले हैं। इसलिए दिल्ली पुलिस भी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। कोलकाता जैसे हालात दिल्ली में न इसका खास ख्याल रखा जा रहा है।

अरुण जेटली स्टेडियम में होना है कार्यक्रम

दिल्ली पुलिस के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा इंतजाम को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। सीनियर अधिकारी लगातार मीटिंग कर रहे हैं और सुरक्षा इंतजाम को लेकर नजर रखे हुए हैं। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आना है, ऐसे में दिल्ली पुलिस के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हैं। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि मेस्सी के दिल्ली आने के कार्यक्रम को देखते हुए पहले ही सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तैयारी चल रही है। स्टेडियम और उसके आसपास करीब 3 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। तीन लेयर में इंतजाम किया गया है। कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम के अंदर ही नहीं बल्कि स्टेडियम के बाहर भी लगातार सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। लगातार ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। उनके मुताबिक सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम की तैयारी है और लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है।

ट्रैफिक पर भी असर

आईटीओ, दिल्ली गेट, राजघाट क्रॉसिंग के आस-पास दिन में लोगों को भारी जाम से जूझना पड़ सकता है। इसका असर विकास मार्ग, रिंग रोड, इंद्रप्रस्थ मार्ग, डीडीयू मार्ग, बहादुरशाह जफर मार्ग, जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर भी पड़ने की आशंका है। आईटीओ और दिल्ली गेट के मेट्रो स्टेशन पर भी रश बढ़ सकता है। ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को स्टेडियम के आस-पास तैनात किया जाएगा। साथ ही अवैध पार्किंग को रोकने पर पुलिस का जोर रहेगा, ताकि उसकी वजह से ट्रैफिक और ज्यादा डिस्टर्ब ना हो।

|| तन मन से अनन्त प्रणाम ||

समय की गति जगत में रुकती नहीं है जी कभी



मधुर यादें हमारे दिलों में आपकी मिटेगी ना कभी

हमारे समस्त परिवार को विशाल वटवृक्ष का भव्य रूप देने वाले, हमारे पथ प्रदर्शक, प्रकाशपुंज स्मृतिशेष बाऊजी

परमश्रद्धेय श्री हरीश चन्द्र जायसवाल जी

की इक्कीसवीं पुण्यतिथि 14 दिसम्बर, 2025

के अविस्मरणीय दिवस पर हम करते हैं अपने मन की भावनाओं से बाऊजी का बारम्बार सत्कार -

आपका शारीरिक स्वरूप बेशक अब नहीं है पर आपने अपने श्रेष्ठ कर्मों और वचनों से हमारे दिल और दिमाग में जो अमिट छवि बना कर छोड़ी है वो हर वर्ष, हर मास, हर दिन, हर पल, लगातार स्थायी बनी रहेगी। आपका सुन्दर मन, प्रिय वचन और सौहार्दपूर्ण व्यवहार सभी परिचितों और परिजनों को हमेशा याद रहेगा।

आपके स्नेहाशीष से सुसज्जित हम उन्नति करते हुए सफलता के शिखर पर पहुंचकर जायसवाल परिवार की कीर्ति और ख्याति की ध्वजा स्थापित करेंगे।

सादर नमन, वंदन अभिनन्दन सहित श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए -

" रम्पी देवी हरीश चन्द्र जायसवाल परिवार "

'शान्ति' जायसवाल (पुत्रवधू)
'महेन्द्र-उषा' जायसवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
'संजय-मधु' जायसवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
मोनिका (पौत्रवधू), विदर्भ (प्रपौत्र)
'नितिन-श्वेताम्बरा' (पौत्र-पौत्रवधू), पार्थ (प्रपौत्र)
'सचिन-स्वेता' (पौत्र-पौत्रवधू), शिवांक (प्रपौत्र)
'कपिल-तान्या' (पौत्र-पौत्रवधू), आदित्य (प्रपौत्र)
'क्षितिज-आश्रुति' (पौत्र-पौत्रवधू), अमय (प्रपौत्र)

मुरारी लाल हरीश चन्द्र जायसवाल प्रा. लि.

6043, नया बांस, दिल्ली-110006

निर्माता: 'हंस' छाप खैनी

समस्त सहयोगी, व्यापारी, मित्रगण एवं संस्थान कर्मीगण

दिल्ली में सरकारी इलाज सिस्टम का होगा 'ऑपरेशन'

AI Image

21 पुरानी डिस्पेंसरियां को तोड़कर किया जाएगा नया और मॉडर्न पॉलीक्लिनिक का निर्माण, LG वीके सक्सेना की प्रशासनिक मंजूरी भी मिल चुकी है

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** राजधानी में सरकारी इलाज की सूरत बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। कई साल पुरानी और जर्जर हो चुकी दिल्ली सरकार की 21 डिस्पेंसरियों (DGD) को तोड़कर उनकी जगह नया और आधुनिक पॉलीक्लिनिक बनाया जाएगा। इस योजना को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (DGHS) की ओर से जारी आदेश में साफ किया गया है कि इन डिस्पेंसरियों का ध्वस्तीकरण 'टॉप प्रायोरिटी' पर किया जाएगा, ताकि नए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण जल्द शुरू हो सके।

काम पूरा होने पर होगी सख्त जांच: DGHS ने निर्देश दिए हैं कि ध्वस्तीकरण कार्य पूरा होने के बाद मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (CDMO) द्वारा मौके पर सत्यापन किया जाएगा। जांच और काउंटर साइन के बाद ही काम को पूरा माना जाएगा। जिन इलाकों की डिस्पेंसरियों को तोड़ा जाएगा, उनमें खानपुर, श्रीनिवासपुरी, सनलाइट कॉलोनी, शिव विहार-हस्तसाल, जनकपुरी, ख्याला, नांगलोई, वजीरपुर, जहांगीरपुरी, शकरपुर, नंद नगरी, सीमापुरी, गोकलपुरी, त्रिलोकपुरी और कल्याणपुर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र शामिल हैं। इन इलाकों में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज सरकारी इलाज पर निर्भर रहते हैं। वहीं, DGHS के अनुसार दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने ध्वस्तीकरण प्रक्रिया के लिए लगभग 65.23 लाख की रिजर्व प्राइस को मंजूरी दी है। शर्त यह है कि इस प्रक्रिया से जो भी राशि प्राप्त होगी, वह सीधे सरकारी खाते में जमा कराई जाएगी।

पॉलीक्लिनिक से क्या बदलेगा?: जानकारी के मुताबिक, दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में यह अहम कदम है। आने वाले समय में और भी पुराने स्वास्थ्य भवनों के पुनर्विकास की योजना पर काम किया जाएगा। नए पॉलीक्लिनिक बनने से मरीजों को बेहतर ओपीडी सुविधा, आधुनिक जांच की सुविधा, ज्यादा डॉक्टर व स्टाफ और साफ व सुरक्षित भवन मिल सकेगा। दावा है कि इससे सरकारी अस्पतालों का भी बोझ कम होगा।

'आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से स्ट्रोक केयर में आएगा बड़ा बदलाव'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** इंडिया हैबिटेट सेंटर में शनिवार को स्ट्रोक एंड एआई 2025 सम्मेलन की शुरुआत हुई, जहां ग्लोबल स्तर पर चर्चा की गई। एक्सपर्ट ने दावा किया है कि एआई इमेजिंग इंटरप्रिटेशन, इमरजेंसी ट्रायल और ट्रीटमेंट प्लानिंग में मौजूदा गैप को कम कर सकता है। खासकर उन जगहों पर जहां संसाधन सीमित हैं। एआई डॉक्टरों को तेज और सटीक जानकारी देकर हजारों जिंदगियां बचाने में मदद कर सकता है और स्ट्रोक का बोझ कम कर सकता है।

स्ट्रोक एंड एआई 2025 सम्मेलन में एक्सपर्ट ने की चर्चा

दो दिन चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भारत और दुनिया भर से आए प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, न्यूरो इंटरवेंशन स्पेशलिस्ट, क्लिनिशियन, डेटा साइंटिस्ट और हेल्थकेयर इनोवेटर्स ने भाग लिया। स्ट्रोक एंड एआई 2025 के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. बिप्लब दास ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य ऐसे सहयोग विकसित करना है, जिससे एआई आधारित इनोवेशन रोजमर्रा की क्लिनिकल प्रैक्टिस का हिस्सा बन सकें। वहीं, इंडियन स्ट्रोक असोसिएशन की प्रेसिडेंट डॉ. पी. विजया ने कहा कि भारत एआई आधारित स्ट्रोक प्रबंधन में ग्लोबल लीडर बन सकता है। बशर्ते हम स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग, डिजिटल नेटवर्क और तेज रेस्पॉन्स सिस्टम में निवेश कर सकें। वहीं, डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने कहा, 'स्ट्रोक केयर एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और इस बदलाव के केंद्र में एआई है।'

लीगल हेल्प सर्विस सेंटर की शुरुआत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को रोहिणी में लीगल हेल्प सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को सुलभ कानूनी सहायता, पारिवारिक काउंसलिंग और संवाद के माध्यम से कानूनी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना है। सेंटर का संचालन संपूर्णा एनजीओ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर संपूर्णा की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. शोभा विजेंद्र और संगठन मंत्री श्रीहरि बोरिकर समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता, कानूनी विशेषज्ञ, परामर्शदाता और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

हर शनिवार को विशेष काउंसलिंग सेशन किए जाएंगे

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि संवाद और काउंसलिंग के जरिए किसी भी विवाद को टकराव बनने से पहले ही सुलझाया जा सकता है। खासकर पारिवारिक मामलों का समाधान टकराव नहीं, बल्कि समझ और संवेदनशीलता से होना चाहिए। काउंसलिंग और संवाद आधारित मंच, जैसे यह लीगल हेल्प सर्विस सेंटर, अधिक मानवीय और प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं।

10वी-12वी के रिज़ल्ट पर 'आप' ने किया खेल: सूद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में फेल स्टूडेंट्स को ओपन स्कूल में भेजने को लेकर संसद में उठे सवाल पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठाए हैं। शनिवार को आशीष सूद ने कहा कि संसद में 'आप' की ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सवाल उठाया कि क्लास 9 में फेल हुए बच्चों को बड़ी संख्या में नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) में भेजना क्या उन्हें दूसरा मौका देना है या स्कूलों के नतीजे सुधारने का तरीका? सूद ने कहा कि जब अपनी ही पार्टी की सांसद यह सवाल कर रही है, तो पूरी सच्चाई सामने आ जाती है।

सरकारी स्कूलों में फेल स्टूडेंट्स को ओपन स्कूल में भेजने को लेकर संसद में उठे सवाल पर सूद ने घेरा

शिक्षा मंत्री ने कहा कि NIOS एक वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है, लेकिन इन आंकड़ों से साफ है कि इसका इस्तेमाल सहयोग के लिए नहीं, बल्कि बच्चों को चुपके से मुख्यधारा से बाहर करने के लिए किया गया ताकि 10वीं-12वीं के रिजल्ट अच्छे दिखें। उन्होंने कहा कि मौजूदा दिल्ली सरकार की प्राथमिकता बच्चों को बाहर करना नहीं, बल्कि उन्हें संभालना है। सरकार शुरुआती स्तर पर अकैडमिक हेल्प, क्लास 8-9 में मजबूत सपोर्ट, पारदर्शिता और जवाबदेही पर काम करेगी। असली शिक्षा क्रांति वही होगी, जहां हर बच्चे की गिनती होगी, सिर्फ पास होने वालों की नहीं।

'क्राफ्टेड फॉर द फ्यूचर' में नए हुनर को मौका

AI Image

■ **नई दिल्ली :** नैशनल क्राफ्ट्स म्यूजियम, भैरों मार्ग में 21 दिसंबर 2025 तक 'क्राफ्टेड फॉर द फ्यूचर' नाम की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में यह दिखाया जा रहा है कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली चीजों से ही कभी हस्तशिल्प की शुरुआत हुई थी।

नैशनल क्राफ्ट्स म्यूजियम 21 दिसंबर तक चलेगा

प्रदर्शनी में दिखाया जा रहा है कि पहले लोग अपनी जरूरतों के अनुसार चीजें बनाते थे और इसके लिए स्थानीय, मौसम के हिसाब से मिलने वाली और प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल करते थे। उस समय समुदायों को चीजों की गहरी समझ होती थी और वे ऐसे संसाधनों पर निर्भर रहते थे जो प्रकृति से आते थे और इस्तेमाल के बाद फिर उसी में मिल जाते थे। इसलिए कचरा या निपटान कोई बड़ी समस्या नहीं थी।

इस पहल में ऐसे कारीगरों, डिजाइनरों और नए प्रयोग करने वालों को मंच दिया जा रहा है, जो पारंपरिक सामग्रियों और तकनीकों को आज की जरूरतों के अनुसार नए रूप में पेश कर रहे हैं। इसमें इस बात पर जोर है कि इन उत्पादों में क्षेत्रीय पहचान, मूल सामग्री और पर्यावरण संतुलन बना रहे। प्रदर्शनी का मकसद उन पारंपरिक तरीकों को दर्ज करना और नए सिरे से समझना है, जो कभी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा थे। साथ ही, रोज के इस्तेमाल के लिए ऐसी चीजों को सामने लाया गया है, जो उपयोगिता, सुंदरता और पर्यावरण के बीच संतुलन को फिर से जोड़ती हैं। इस प्रदर्शनी के जरिये शिल्प को सिर्फ अतीत की विरासत नहीं, बल्कि आज और भविष्य से जुड़ा जीने का तरीका बताया गया है।

टैक्स पेयर्स की भी जातिगत गिनती की अब उठी मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2027 के लिए जातिगत जनगणना की घोषणा भी कर दी है। इसके बाद दिल्ली और देश के व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर करदाताओं की भी गिनती करने की मांग की है।

सीटीआई ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल और महासचिव गुरमीत अरोड़ा ने कहा कि जातिगत सर्वे के साथ यह डेटा भी इकट्ठा किया जाए, किस जाति के लोग कितना टैक्स सरकार को देते हैं? सीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग और उपाध्यक्ष राहुल अदलखा ने बताया कि सरकार के पास इनकम टैक्स और जीएसटी संबंधी सभी तरह का डेटा है। जो भी जाति सबसे अधिक राजस्व देती है, उसके लिए भी नीतियां, बीमा, पेंशन, मेडिकल सुविधाएं होनी चाहिए।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In Loving Memory of
Sh. Ramesh Chand Gupta
(02.10.1952 - 14.12.2002)
We miss your love affection and guidance at all times. Papa Ji....
Fondly remembered by - All Gupta Family members, Gupta Property Dealer (Shakarpur) (R.B.) Raju Gupta - 9891186946

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

NSUT में स्किल सेंटर और इंडस्ट्री 4.0 सेंटर लॉन्च

दीक्षांत समारोह में 2450 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी (एनएसयूटी) के तीसरे कन्वोकेशन में 2450 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। इसके अलावा, 3 चांसलर गोल्ड मेडल और 32 वाइस चांसलर गोल्ड मेडल से भी स्टूडेंट्स को नवाजा गया। यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस में स्किल सेंटर और वेस्ट कैंपस में इंडस्ट्री 4.0 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया। शनिवार को हुए कन्वोकेशन समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल और एनएसयूटी के चांसलर विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, शिक्षा मंत्री आशीष सूद, डीटीटीई सेक्रेटरी पांडुरंग के. पोल और मुख्य अतिथि गूगल एपीएसी के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता मौजूद रहे। संजय गुप्ता ने कहा कि इनोवेशन और सस्टेनेबल डिवेलपमेंट आज की आवश्यकता है। उन्होंने एनएसयूटी स्टूडेंट्स के लिए रिसर्च इंटर्नशिप के लिए फंडिंग देने की घोषणा की। यह गूगल के एआई रिसर्च सपोर्ट प्रोजेक्ट का विस्तार है।

कार्यक्रम में सीएम और एलजी भी मौजूद रहे

एलजी ने स्टूडेंट्स से कहा कि इंजीनियरिंग को पर्यावरणीय संतुलन, समावेशिता और नैतिक जिम्मेदारी के साथ बढ़ना चाहिए और इसमें महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना जरूरी है। एलजी ने जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल तापमान बढ़ने, कार्बन इमिशन से निपटने के लिए जीरो-कार्बन गोल्स पर जोर देते हुए युवाओं से कहा कि वो अपने पेशेवर भविष्य को इन लक्ष्यों के अनुरूप बनाएं। मुख्यमंत्री ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिग्री मिलना एक पड़ाव है, मंजिल नहीं - मंजिल अभी बहुत आगे है। हो सकता है आपको लगे कि जो आपके पढ़ा, वो शायद अब आपकी दिलचस्पी नहीं, मगर फिर भी आपकी यह डिग्री आपके हमेशा काम आएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, आज के फ्रेशर ऐसे समय में अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं जब भारत अभूतपूर्व संभावनाओं के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, सरकार आपको 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' देगी और आप देश को 'ईज़ ऑफ लिविंग' दें।

2450 स्टूडेंट्स को डिग्री: एनएसयूटी के वाइस चांसलर प्रो. आनंद श्रीवास्तव ने यूनिवर्सिटी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस साल 2450 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जा रही है। इनमें 1874 बीटेक, 132 एमटेक, 87 एमबीए, 146 एमएससी, 102 बीबीए, 21 बी डिजाइन, 54 एमए और 36 पीएचडी स्टूडेंट्स शामिल हैं। स्टूडेंट्स में 25% लड़कियां हैं। उन्होंने बताया कि अकैडमिक सेशन 2024-25 में यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव के लिए उबर, सैमसंग, जेपीएमसी, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, 'डीई शॉ एंड को.', भारत पेट्रोलियम, श्रीराम, अमेरिकन एक्सप्रेस समेत 325 कंपनियां पहुंचीं और 1289 जॉब ऑफर किए। 833 इंटर्नशिप ऑफर मिले। साथ ही, हमारे रिसर्च पब्लिकेशन भी बढ़ रहे हैं, इस सेशन हम हजार की संख्या छूने वाले हैं।

'तफ़रीह कला महोत्सव' का आज आखिरी दिन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 'तफरीह कला महोत्सव' के सातवें संस्करण का आज आखिरी दिन है। शहीदी पार्क में इसका आयोजन हो रहा है। तफरीह की संस्थापक प्रियंका शर्मा ने बताया कि अंतिम दिन कविता-पाठ के बाद एक संवाद सत्र 'गद्य उपन्यास और हिंदी का बहुलोक' विषय पर केंद्रित होगा। अस्मिता थिएटर ग्रुप के अरविंद गौड़ वैकल्पिक कला-स्पेस की चुनौतियों पर बात करेंगे। समापन इंडिया म्यूजिक कलेक्टिव के लाइव जैमिंग से होगा।

शहीदी पार्क में इस महोत्सव का किया जा रहा है आयोजन

कुरुक्षेत्र धर्मालंकरण समारोह का आयोजन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शुक्रवार को वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में आयोजित कुरुक्षेत्र गुरुकुलम फाउंडेशन (KGF) द्वारा आयोजित 'कुरुक्षेत्र धर्मालंकरण समारोह -2025' में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने सनातन मूल्यों को ध्यान में रखकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 78 लोगों को सम्मानित किया। इनमें कई लेखक, पत्रकार, डॉक्टर, उद्यमी, फिल्मकार और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल थे। आजादी के 78 वर्ष पूरे होने पर फाउंडेशन ने इन 78 लोगों का चयन किया था। कार्यक्रम में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज और फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष संदीप देव समेत कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हमारा देश सदा से वीरों का देश रहा है। यह युद्ध का देश है, लेकिन इसे बुद्ध का देश कहकर इसकी असली पहचान को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखे जाने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि धार्मिक शब्दों का उपयोग मनमाने ढंग से नहीं होना चाहिए।

REGISTRATION NO. 82 OF 2024	
RC/REP/HARERA/GGM/855/347/2024/82	DATE: 02.08.2024
UNIQUE NO. GENERATED ONLINE	RERA-GRG-PROJ-1626-2024

दीन दयाल जन आवास योजना

दीन दयाल जन आवास योजना

APPROVED RERA APPROVED

APPLICATIONS INVITED FOR COMMERCIAL SHOPS AT SECTOR-95, DWARKA EXPRESSWAY, GURUGRAM

(Under Deen Dayal Jan Awaas Yojna 2016, Government of Haryana)

Lockable Commercial Shops of High Rental Value

Bang on 84-Meter Wide Road with Super Connectivity



Only 19 SHOPS are Available

REGISTRATION AMOUNT Rs.21,000/-

₹59.91 Lac* onwards

Commercial Shops at Sec-95

Dwarka Expressway, Gurugram

General Category

Floor	Area In sq. ft.	Area In sq. mtr.	Units	Registration Amount (Refundable)	10% by (21/12/2025)	40% by (21/01/2026)	50% by As per CLP	Total* Cost
1st Floor	323	15.0038	7	Rs. 21,100	Rs. 6,15,315	Rs. 24,61,260	Rs. 30,76,575	Rs. 61,53,150
1st Floor	438	20.3458	10	Rs. 21,100	Rs. 8,34,390	Rs. 33,37,560	Rs. 41,71,950	Rs. 83,43,900
1st Floor	489	22.7148	2	Rs. 21,100	Rs. 9,31,545	Rs. 37,26,180	Rs. 46,57,725	Rs. 93,15,450

*EDC/IDC @1350/- PSF inclusive in Price | PLC as Applicable | 12% GST Applicable | BBA to be executed

Reserved Category (Women Empowerment, Sports Quota, Govt. Employee, Divyaang, Army)

Floor	Area In sq. ft.	Area In sq. mtr.	Units	Registration Amount (Refundable)	10% by (21/12/2025)	40% by (21/01/2026)	50% by As per CLP	Total* Cost
1st Floor	323	15.0038	7	Rs. 21,100	Rs. 5,99,165	Rs. 23,96,660	Rs. 29,95,825	Rs. 59,91,650
1st Floor	438	20.3458	10	Rs. 21,100	Rs. 8,12,490	Rs. 32,49,960	Rs. 40,62,450	Rs. 81,24,900
1st Floor	489	22.7148	2	Rs. 21,100	Rs. 9,07,095	Rs. 36,28,380	Rs. 45,35,475	Rs. 90,70,950

*EDC/IDC @1350/- PSF inclusive in Price | PLC as Applicable | 12% GST Applicable | BBA to be executed

Important Dates:

आवेदन की अंतिम तारीख
Today is the Last Date to Register

आवंटन तिथि
Thursday, 18th Dec 2025

5 Min from Dwarka Expressway | 12km to KMP Expressway | Excellent Connectivity via NH-48 | Hassle Free Shopping

Food Court

Retail Shop

Super Market

अगर आपका आवेदन असफल रहता है तो Registration Amount Refundable है

सभी बैंक से Loan Available

IGI Airport से 15 Min की दूरी पर

High Footfall Retail Shop

20,000+Families within 5km radius

RERA Approved DDJAY Shops

Bank Loan Available : punjab national bank | HDFC BANK | ICICI Bank | केनरा बैंक Canara Bank

SCAN TO REGISTER

HELPLINE NUMBER
+91-7982701310

FOR ONLINE REGISTRATION
WWW.DEENDAYALAWAASYOJNA.COM

Disclaimer: Promoter urges every applicant to inspect the project site and shall not merely rely upon any architectural impression, plan, sales, brochure, advertisements, representations, statements of whatsoeer nature' and, therefore, requests to make personal judgement prior to submitting an application for allotment. unless otherwise stated, all the images, visuals materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representation of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one dispalyed above. 99 meter road & 88 meter Corner Location is proposed as per master plan approved by Government of Haryana. All the shops are height is 22 feet. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1sq.mt. = 10.7639 sq.ft..BBA to be executed.

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in